✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 40 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 6 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना स्थित एम्स का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

मुख्यमंत्री ने एम्स के निरीक्षण क्रम में की प्रस्तावित विस्तार योजनाओं की समीक्षा

एम्स का विस्तार समय की जरूरत : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं, आधारभूत संरचना तथा प्रस्तावित विस्तार योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही सीएम सम्राट ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बर्न सेंटर, बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग, आंतरिक रोगी विभाग (आईपीडी) सहित कई महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं अधिकारियों से संवाद कर विभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना एम्स के प्रस्तावित विस्तार के लिए चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विस्तार योजना का पर्यवेक्षण करते



हुए कहा कि बिहार एवं आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए यहां आते हैं, इसलिए संस्थान का विस्तार समय की आवश्यकता है। प्रस्तावित विस्तार योजना के तहत नए क्लीनिकल ब्लॉक, अत्याधुनिक उपचार सुविधाएं तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए उन्नत अधोसंरचना विकसित की जाएगी। इसके साथ ही लगभग 200 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की जाएगी जिससे मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने की संस्थान की क्षमता में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार बिहार में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एम्स पटना के समग्र विकास एवं विस्तार में हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि संस्थान का विस्तार प्रदेशवासियों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को भी मजबूत करेगा। दौरे के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में संस्थान की वर्तमान परियोजनाओं, आधारभूत संरचना की आवश्यकताओं तथा भविष्य की विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। बैठक में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, उपनिदेशक (प्रशासन), वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, संकाय सदस्य एवं संस्थान के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संस्थान की उपलब्धियों, स्वास्थ्य सेवाओं एवं प्रस्तावित विस्तार परियोजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री का यह दौरा बिहार सरकार और एम्स पटना की गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक माना जा रहा है। प्रस्तावित विस्तार से न केवल एम्स पटना की उपचार क्षमता बढ़ेगी बल्कि बिहार सहित आसपास के राज्यों के मरीजों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा। अब आम लोगों को आधुनिक इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो, तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



आरा। भोजपुर जिले के बिहिया थाना अंतर्गत अमराई नवादा के पास रविवार सुबह भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत गई जबकि एक युवक की हालत गंभीर है। मृतकों में पति-पत्नी और देवर शामिल हैं। सभी मृतक झारखंड के देवघर के रहने वाले थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के समय कार की रफ्तार 120 किमी होगी। टक्कर इतनी जोरदार थी स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी का अगल हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। कार में फंसे दंपति और दोनों युवक को को गाड़ी काटकर निकाला गया। तीनों मृतकों की पहचान प्रकाश सिंह(32), उनकी पत्नी पल्लवी सिंह(28) और फुफेरे देवर सारण जिले के इस्माईला थाना दिघवारा निवासी सौरभ कुमार(24) के तौर पर हुई है। प्रकाश और पल्लवी की शादी 12 फरवरी को हुई थी। कुछ दिन पहले नेपाल के पशुपति पारस दर्शन के लिए गए थे। उसके बाद कुल्लू मनाली घूमने चले गए। वहां से प्रकाश अपने बहनोई के पास नोएडा गए। शनिवार को नोएडा से देवघर जाने के लिए निकले थे। प्रकाश मूल रूप से सारण जिले के ही रहने वाले हैं लेकिन काफी समय पहले देवघर में बस गए थे। प्रकाश जिओ कंपनी में काम करते थे। प्रकाश गाड़ी चला रहा था और पल्लवी बगल की सीट पर बैठ थी। वहीं प्रकाश का भाई और उसका दोस्त पिछली सीट पर बैठे थे। प्राथमिक जानकारी के अनुसार ओवरस्पीड के कारण चालक ने बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा के पास वाहन से संतुलन खो दिया। इसके बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कंटेनर में जा घुसी। हादसे में तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

संक्षिप्त समाचार

सीएम सम्राट ने नीतीश कुमार से की मुलाकात

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके 7, सर्कुलर रोड स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी मौजूद रहे। सम्राट चौधरी और नीतीश कुमार के बीच हुई यह मुलाकात बिहार के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि बैठक में किन मुद्दों पर बातचीत हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

बांकीपुर उपचुनाव में प्रत्याशी उतारेगी रालोजपा

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार की प्रतिष्ठित सीट बांकीपुर में उपचुनाव को लेकर पूर्व सांसद सह रालोजपा नेता प्रिंस कुमार ने साफ-साफ कह दिया कि इस विधानसभा उपचुनाव में हमारी पार्टी भी उम्मीदवार को मैदान में उतारेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उम्मीदवार कौन होंगे, इसकी घोषणा हम लोग जल्द करेंगे। प्रिंस पासवान ने ये बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की जयंती कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए कहीं।

बांकीपुर से ताल ठोकेंगे जन सुराज प्रत्याशी प्रशांत किशोर

पटना(नबिटा ब्यूरो)। राजधानी पटना के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। इस बीच जन सुराज पार्टी ने अपने प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर दिया है। जन सुराज ने प्रशांत कुमार को बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पहले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती उम्मीदवार के नाम को लेकर स्पष्ट संकेत दे चुके थे। पिछले कुछ दिनों से पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उपचुनाव की रणनीति को लेकर लगातार बैठकें कर रहा था।

वैभव सूर्यवंशी की उपलब्धि पर बिहार को गर्व

पटना(नबिटा ब्यूरो)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ट्वीट कर क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि मात्र 15 वर्ष 99 दिन की आयु में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए पदार्पण कर इतिहास रचने वाले बिहार के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को हार्दिक शुभकामनाएं। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे बिहार और देश के लिए गर्व का विषय है। विश्वास है कि आप अपने समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्र का गौरव निरंतर बढ़ाते रहेंगे। आपके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं।

बिहार सिपाही भर्ती घोटाले में बड़ी कार्रवाई, तीन साल से फरार कांस्टेबल गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। वर्ष 2023 की सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल और प्रश्नपत्र वायरल मामले की जांच कर रही आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे अग्निशामक विभाग के चालक सिपाही जन्मेजय तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे भोजपुर जिले के चलपोखरी थाना क्षेत्र के मझिऔय गांव से दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह मामला एक अक्टूबर 2023 को केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा से जुड़ा है। पटना के रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय, लोहियानगर परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के दौरान छह अभ्यर्थी नकल करते हुए पकड़े गए थे। इसके बाद कंकड़बाग थाने में कांड संख्या 1018/2023 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता और परीक्षा में संगठित गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए जांच आर्थिक अपराध इकाई को सौंपी गई। जांच के दौरान गिरफ्तार अभ्यर्थियों के बयान, मोबाइल फोन से मिले डिजिटल साक्ष्य और अन्य तकनीकी जांच में खुलासा हुआ कि परीक्षा के दौरान मोबाइल के जरिए प्रश्नों के उत्तर भेजने का पूरा नेटवर्क सक्रिय था। इस मामले में पहले ही सिपाही कमलेश कुमार, सिपाही ओम प्रकाश और गिरोह के सदस्य अभिषेक कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आगे की जांच में जन्मेजय तिवारी की भूमिका उत्तर उपलब्ध कराने और गिरोह की गतिविधियों में शामिल होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उसकी तलाश तेज की गई और आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

नीतीश कुमार ने किया शांतामनी पेपर मिल की विस्तार योजना का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार रविवार को एक दिवसीय दौरे पर अपने गृह जिले नालंदा पहुंचे। यहां नूरसराय प्रखंड के डोईया में स्थित शांतामनी पेपर मिल के विस्तार परियोजना का उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने उनके स्वागत में पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस मौके पर ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जन संपर्क मंत्री श्रवण कुमार के अलावा कई उद्योगपति और स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने मिल संचालक अनिल कुमार को बधाई देते हुए कहा कि पुरानी फैक्ट्री का अब बड़ा विस्तार किया गया है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार मिल में सिंगल वायर मशीन से शुरू हुआ उत्पादन अब आधुनिक डबल वायर तकनीक से लैस हो गया है। इससे कागज की गुणवत्ता बेहतर हुई है और 70 से 200 जीएसएम तक के उच्च बर्स्ट फैक्टर वाले ब्राउन क्राफ्ट पेपर का उत्पादन शुरू हो गया है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने नीतीश कुमार का आभार जताते हुए कहा कि उनके आने से नालंदा के प्रति उद्योग जगत का लगाव बढ़ा है। कार्यक्रम में शामिल कई उद्योगपतियों ने नालंदा में नए उद्योग लगाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर न रहते हुए भी नीतीश कुमार को नालंदा और पूरे बिहार की चिंता बनी हुई है। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने निशांत कुमार को भविष्य का नेता बताते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की उपस्थिति से क्षेत्र में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। विपक्ष के हमलों का जवाब देते हुए कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ने जो विकास कार्य किए हैं उनकी गवाह पूरे बिहार की जनता है। उन्होंने कहा कि लगातार चौथी बार भारी बहुमत से जीत हासिल करना किसी मुख्यमंत्री के लिए दुर्लभ उपलब्धि है। कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि विपक्ष का काम सिर्फ बोलना है लेकिन नीतीश कुमार के कार्यों की सच्चाई जनता अच्छी तरह जानती है। नालंदा में पेपर मिल के विस्तार को उन्होंने क्षेत्र के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

9 जुलाई को नई दिल्ली में हितधारक परामर्श कार्यक्रम में शामिल होंगे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार राज्य में औद्योगिक विकास को नई गति देने की तैयारी में जुट गई है। इसी दिशा में उद्योग विभाग ने झारखंड टेक्सटाइल, परिधान एवं फुटवियर नीति-2026 और झारखंड औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति-2026 का प्रारूप (ड्राफ्ट) सार्वजनिक कर दिया है। झारखंड सरकार चाहती है कि इन नीतियों को अंतिम रूप देने से पहले उद्योग जगत, विशेषज्ञों और आम लोगों की राय भी शामिल की जाए ताकि इन्हें अधिक प्रभावी और व्यवहारिक बनाया जा सके। सरकार ने दोनों प्रस्तावित नीतियों के ड्राफ्ट को झारखंड सिंगल विंडो पोर्टल पर उपलब्ध कराया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नीति निर्माण की प्रक्रिया केवल सरकारी स्तर तक सीमित न रहे बल्कि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हितधारकों की भागीदारी भी हो। प्राप्त सुझावों और प्रतिक्रियाओं के आधार पर आवश्यक बदलाव करने के बाद इन नीतियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि नई नीतियां झारखंड को निवेश के लिए अधिक अनुकूल राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। विशेष रूप से टेक्सटाइल, परिधान और फुटवियर उद्योगों के विस्तार के साथ-साथ अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी निवेश को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। नई औद्योगिक नीति का उद्देश्य रोजगार के अवसर बढ़ाने, विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देना है। इन नीतियों को लेकर 8 और 9 जुलाई को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर का हितधारक परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देशभर के उद्योगपति, टेक्सटाइल क्षेत्र के विशेषज्ञ, विनिर्माण उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि और अर्थशास्त्री शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रस्तावित नीतियों पर विस्तार से चर्चा होगी और विभिन्न पक्षों की राय ली जाएगी। 9 जुलाई को आयोजित विशेष फीडबैक सत्र की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।

अंकेक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल हुए 47% अभ्यर्थी

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने अंकेक्षक के 102 पदों पर भर्ती के लिए रविवार को लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा आयोजित की। आयोग मुताबिक परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त रही। परीक्षा पटना के 39 केंद्रों पर एक पाली में हुई। आयोग ने परीक्षा के निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के लिए सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए थे। आयोग के अनुसार इस परीक्षा के लिए कुल 23,116 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 10,856 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 12,260 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में कुल 47 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र को संतुलित बताया। पटना के अभ्यर्थी राहुल कुमार ने कहा कि सामान्य अध्ययन के प्रश्न अपेक्षाकृत आसान थे जबकि गणित और तार्किक क्षमता खंड में कुछ प्रश्नों ने समय लिया।

वीबी जीराम जी में बिहार को मिले 1663 करोड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। केंद्र सरकार ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) योजना के तहत बिहार के लिए 1663.56 करोड़ जारी कर दिया है। यह राशि योजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में पूर्व में राज्य के लिए निर्धारित 6715 करोड़ 83 लाख के अंतरिम बजट से जारी की गई है। राज्यों के लिए जारी इस राशि की जानकारी रविवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों के मंत्री और विभागीय पदाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक के माध्यम से दी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से जारी यह राशि आगामी तीन महीने के लिए है। इस राशि में राज्य सरकार खुद का अंश मिलाकर पंचायतों में विकास के लिए नया अध्याय जोड़ेगी। केंद्र सरकार से इस राशि के जारी होने से योजनाओं के क्रियान्वयन में रफ्तार आएगी और मुख्य रूप से अकुशल मजदूरों को त्वरित रोजगार और भुगतान करने का रास्ता साफ होगा। विभागीय अधिकारियों की मानें तो पूर्व के मनरेगा में 100 दिन की काम की गारंटी की जगह इस नई योजना में अकुशल मजदूरों को 125 दिन की काम की गारंटी दी जाएगी।

बिहार में 'कोटा मॉडल' पर बनेंगे आधुनिक कोचिंग हब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए आधुनिक कोचिंग हब विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाने जा रही है। इसी उद्देश्य से शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी 6 जुलाई को राजस्थान के शैक्षणिक दौरे पर जाएंगे जहां वे शिक्षा व्यवस्था में लागू नवाचारों और कोटा मॉडल का अध्ययन करेंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार इस दौरे के दौरान मिथिलेश तिवारी राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से मुलाकात करेंगे। इन बैठकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीक आधारित शिक्षण, विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थी हित से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा होगी। राजस्थान का यह दौरा केवल औपचारिक मुलाकात तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि वहां लागू सफल शैक्षणिक मॉडलों का अध्ययन कर उन्हें बिहार की जरूरतों के अनुरूप अपनाने की संभावनाओं पर भी विचार किया जाएगा। शिक्षा विभाग का मानना है कि विभिन्न राज्यों के सफल अनुभवों का लाभ लेकर बिहार की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकता है। इस दौरान डिजिटल शिक्षा, शिक्षकों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास, विद्यालयी अधोसंरचना, कौशल विकास कार्यक्रमों और विद्यार्थियों के समग्र शैक्षणिक विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा होगी। साथ ही दोनों राज्यों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और अनुभवों के आदान-प्रदान की संभावनाओं को मजबूत करने पर भी जोर दिया जाएगा। बैठक का एक प्रमुख एजेंडा देशभर में चर्चित कोटा मॉडल का अध्ययन रहेगा। वर्षों से राजस्थान का कोटा शहर इंजीनियरिंग और मेडिकल सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बड़ा केंद्र रहा है जहां देश के लाखों विद्यार्थी कोचिंग प्राप्त करने पहुंचते हैं। बिहार सरकार अब इसी अनुभव से सीख लेकर राज्य में भी आधुनिक और सुव्यवस्थित कोचिंग हब विकसित करने की संभावनाओं पर काम करना चाहती है। प्रस्तावित योजना के तहत पटना के अलावा राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में ऐसे शैक्षणिक केंद्र विकसित करने की परिकल्पना की जा रही है जहां गुणवत्तापूर्ण कोचिंग, आधुनिक पुस्तकालय, छात्रावास, करियर काउंसिलिंग और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण एक ही परिसर में उपलब्ध हो सके। इससे विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय तैयारी के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। मिथिलेश तिवारी ने विश्वास जताया कि राजस्थान का यह शैक्षणिक दौरा दोनों राज्यों के बीच सहयोग को नई दिशा देगा और बिहार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और प्रतिस्पर्धी शैक्षणिक माहौल को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ऐसे में यदि राज्य में आधुनिक कोचिंग हब की यह योजना साकार होती है तो बिहार के हजारों विद्यार्थियों को घर के नजदीक बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे।



राज्य में इको टूरिज्म को मिलेगा नया स्वरुप, 70 जगहें बनेगी पर्यटकों की पसंद

- वाल्मीकि टाइगर रिजर्व, कंवर झील और राजगीर बनेंगे प्रमुख आकर्षण
- मत्स्यगंधा 2026 और लव कुश पार्क 2027 तक होगा
- पूरा, कैमूर के मुंडेश्वरी धाम में विकसित होगा जंगल सफारी
- इको-कॉटेज, ग्लास ब्रिज और आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे पर्यटन स्थल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इको-टूरिज्म को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में वर्तमान में 10 से 15 सक्रिय इको-टूरिज्म स्थल हैं, जबकि 24 से अधिक प्रमुख स्थलों को विकसित करने का काम तेज गति से चल रहा है। इनमें वन्यजीव अभयारण्य, राष्ट्रीय उद्यान, झीलें, जलप्रपात और पहाड़ियां शामिल हैं। सरकार ने 50 से अधिक नए स्पॉट्स चिन्हित किए हैं, जिससे अगले 5 वर्षों में कुल इको-टूरिज्म स्थलों की संख्या 60-70 तक पहुंचने की उम्मीद है। राज्य के प्रमुख इको-टूरिज्म स्थलों में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (पश्चिम चंपारण) सबसे प्रमुख है, जो बिहार का एकमात्र टाइगर रिजर्व है। तराई वनों, बाघों, हाथियों और विविध वन्यजीवों से भरपूर यह क्षेत्र नेपाल सीमा से सटा हुआ है। अन्य महत्वपूर्ण स्थलों में कैमूर वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी (झरनों और ट्रेकिंग के लिए प्रसिद्ध, दूसरे टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित हो रहा), भीम बांध वाइल्ड लाइफ सैंक, गौतम बुद्ध वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी, विक्रमशीला गंगा डॉल्फिन सैंक्चुअरी (नाव यात्रा से डॉल्फिन देखने का अनोखा अनुभव), कंवर झील पक्षी अभ्यारण्य (एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील, सर्दियों में प्रवासी पक्षियों का स्वर्ग), राजगीर के पठार (ट्रेकिंग, हॉट स्प्रिंग्स और ग्लास ब्रिज), काकोलत जलप्रपात, घोरा कटोरा, बराबर-गुरूपा पहाड़ियां तथा सूरजपुर वेटलैंड्स जैसे क्षेत्र शामिल है। सहरसा स्थित मत्स्यगंधा झील पर सोमेनियर शॉप, सुपर ट्री, ग्लास ब्रिज और एक्सपीरियंस सेंटर समेत अन्य सुविधाएं वर्ष 2026 तक पूरी कर ली जाएंगी। पश्चिम चंपारण के लव कुश पार्क और बाल्मीकि नगर में आइकॉनिक टूरिज्म पार्क का व्यापक विकास कार्य 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा मां मुंडेश्वरी धाम में धर्मशाला का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए जंगल सफारी और इको-टूरिज्म गतिविधियों को विशेष बढ़ावा दिया जाएगा। इन सभी स्थलों पर नेचर ट्रेल्स, वॉच टावर, इको-कॉटेज, होमस्टे, डिजिटल साइनेज और इंटरप्रिटेशन सेंटर जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएगी हैं।

क्या कहते हैं विभागीय मंत्री

बिहार इको-टूरिज्म के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार का लक्ष्य स्थाई पर्यटन को बढ़ावा देना है, ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। इन प्रयासों से न केवल देश-विदेश के पर्यटक आकर्षित होंगे, बल्कि बिहार की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर की भी रक्षा होगी। सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में अगले 5 वर्षों में 20 लाख रोजगार देने का लक्ष्य रखा है।

केदार प्रसाद गुप्ता, मंत्री (पर्यटन विभाग)

जिला मुख्यालय से लेकर अनुमंडल मुख्यालयों में खुलेंगे मॉडल स्कूल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार सरकार राज्य के सभी प्रखंडों के साथ ही अब जिला मुख्यालय और अनुमंडल मुख्यालयों में आदर्श मॉडल स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दी गयी है। विदित हो कि राज्य सरकार ने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बिहार के सभी 534 प्रखंडों में एक-एक आदर्श मॉडल स्कूल खोलने का आदेश दिया था। इसके लिए कार्रवाई भी शुरू कर दी गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने सभी जिला मुख्यालयों, अनुमंडल मुख्यालयों में भी मॉडल स्कूल स्थापित करने का आदेश दिया है। बताया जाता है बड़े शहरों के बीच में मॉडल स्कूल खुलेंगे। राज्य के 534 प्रखंडों के अलावा 150 नए मॉडल स्कूल खोले जाएंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजकर विद्यालयों का चयन कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है, ताकि शीघ्र नए मॉडल स्कूलों को खोला जा सके। मॉडल स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब, अनुभवी शिक्षक और नौवीं कक्षा से ही नीट और जेई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

विलुप्त हो रही देशी प्रजाति की मछलियों का अब होगा संरक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। विलुप्त हो रही देशी प्रजातियों की मछलियों का अब संरक्षण होने जा रहा है। इसके लिए बिहार सरकार का डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग मत्स्य प्रजाति विविधीकरण योजना लेकर आया है। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना के तहत देशी मछलियों के पालन के इच्छुक लोगों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक मछली पालक 31 अगस्त तक वेबसाइट https:// fisheries.bihar.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत मछली पालक देशी मूल की माइनर कार्प, कैट फिश, वायु-श्वासी मछली, झींगा पालन तथा मोती पालन कर सकेंगे। माना जा रहा है कि इससे देशी मछलियों का संरक्षण एवं संवर्द्धन होने के साथ-साथ मछली उत्पादकता और किसानों की वार्षिक आय में वृद्धि होगी। साथ ही, इससे बिहार की सुदूर ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। योजना के तहत सभी वर्गों के लाभुकों को निर्धारित इकाई लागत का 60 प्रतिशत अनुदान (सब्सिडी) दिया जाएगा। वर्ष 2026-27 में मत्स्य प्रजाति विविधीकरण योजना राज्य के सभी जिलों के लिए लागू है। योजना के तहत निजी क्षेत्र में पालन मत्स्यिकी अवयव को निजी या सरकारी तालाब (पट्टाधारी द्वारा) में क्रियान्वित किया जा सकेगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की जलसंपदाओं में मौजूद देशी प्रजातियों की संभावनाओं वाले माइनर कार्प एवं कैट फिश के लिए विकसित हैचरी तकनीक (विगत वर्षों में कार्यान्वित योजना के तहत 12 हैचरी स्थापित की गई हैं) से उत्पादित बीज के माध्यम से पालन को बढ़ावा देना है। मत्स्य प्रजाति विविधीकरण योजना के चार घटक हैं। इनमें माइनर कार्प पालन मत्स्यिकी योजना, कैट फिश एवं अन्य मछलियों की पालन मत्स्यिकी योजना, झींगा पालन तथा मोती पालन योजना शामिल हैं। मत्स्य प्रजाति विविधीकरण योजना के लिए लाभुकों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। एक व्यक्ति या परिवार को पालन मत्स्यिकी के किसी एक ही अवयव पर सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही, पालन मत्स्यिकी में एक व्यक्ति या परिवार को किसी एक अवयव के लिए अधिकतम 1 एकड़ (2 इकाई) तथा न्यूनतम 0.25 एकड़ जलक्षेत्र की अनुमान्यता होगी।

नवबिहार टाइम्स के वार्षिक समारोह में डॉ. आनंद रंजन झा सम्मानित



पटना। नवबिहार टाइम्स के वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर पटना के एन. कॉलेज सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉ. आनंद रंजन झा को सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने पर उपस्थित अतिथियों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। समारोह में बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार, नवबिहार टाइम्स के मुख्य संपादक डॉ. कमल किशोर सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं विशिष्ट व्यक्तित्व उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने नवबिहार टाइम्स द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने की पहल की प्रशंसा की। अपने संबोधन में मुख्य संपादक डॉ. कमल किशोर ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक कार्य करने वाले लोगों का उत्साहवर्धन करते हैं तथा नई पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने इस समारोह को एक सफल एवं सार्थक आयोजन बताया।

डॉ. आनंद रंजन झा ने सम्मान के लिए नवबिहार टाइम्स परिवार, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री प्रेम कुमार, बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार, मंच संचालक कैलाश कैमूरी एवं सभी आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा, कौशल विकास एवं समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

बिहार के गांवों के लिए सौगात : 1663.56 करोड़ की राशि की पहली किश्त जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

- वीबी जी राम जी मिशन से बिहार में रोजगार की नई बहार
- राज्यों के लिए पूर्व में नौ महीने के लिए निर्धारित अंतरिम बजट से जारी की गई पहली राशि
- राशि के जारी होने से विकास की नई इबारत लिखेंगे पंचायत, अकुशल श्रमिकों को मिलेगा रोजगार

पटना। विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) के तहत केंद्र सरकार ने बिहार के लिए 1663.56 करोड़ रुपये का मदर सेंक्शन जारी किया। यह राशि योजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में पूर्व में राज्य के लिए निर्धारित 6715 करोड़ 83 लाख रुपये के अंतरिम बजट में से जारी किया गया है। राज्यों के विकास में जारी किए गए इस भारी भरकम राशि की जानकारी रविवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों के मंत्री और विभागीय पदाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक के माध्यम से दी। इस बैठक में बिहार ग्रामीण विकास विभाग के पदाधिकारी भी शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से जारी यह राशि आगामी तीन महीने के लिए है। इस राशि में राज्य सरकार खुद का अंश मिलाकर पंचायतों में विकास के लिए नया अध्याय जोड़ने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से इस राशि के जारी होने से योजनाओं के क्रियान्वयन में रफ्तार आएगी और मुख्य रूप से अकुशल मजदूरों को त्वरित रोजगार और भुगतान करने का रास्ता साफ होगा। विभागीय अधिकारियों की मानें तो पूर्व के मनरेगा में 100 दिन की काम की गारंटी की जगह इस नई योजना में अकुशल मजदूरों को 125 दिन की काम की गारंटी दी जाएगी। काम की मांग के अनुरूप रोजगार उपलब्ध नहीं कराने पर बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों के लिए निर्धारित बजट में 40 फीसदी अब राज्य सरकार वहन करेगी। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से भारी-भरकम राशि के खर्च करने से ग्राम पंचायतों में विकास की नई रोशनी जलेगी। साथ ही आर्थिक समृद्धि का रास्ता भी साफ होगा।

गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता से और अधिक सशक्त होंगे पंचायती राज संस्थान : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश ने दिनांक शनिवार को योजना एवं विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा दिए गए निर्देशों को पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता, समयबद्धता, सतत निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने में मुख्यमंत्री के निर्देश त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत करेंगे। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद जैसी स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की प्रभावी भूमिका तभी सुनिश्चित होगी, जब योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी और जनहित में हो।

पंचायत सरकार भवन बन रहे सशक्त केंद्र

मंत्री ने कहा कि पंचायत सरकार भवनों के निर्माण एवं उनकी प्रगति की नियमित समीक्षा ग्रामीण प्रशासन को अधिक जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह भवन पंचायत स्तर पर प्रशासनिक सेवाओं, जनसुविधाओं और स्थानीय विकास गतिविधियों के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। आगे कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से आकांक्षी जिलों के साथ-साथ सभी जिलों के समग्र विकास के लिए स्थानीय आवश्यकताओं, संसाधनों और संभावनाओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश स्वागतयोग्य है। इससे पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका और अधिक स्पष्ट तथा प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे और उनके परिणाम आमजन के जीवन में दिखाई दें। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सोच योजनाओं को केवल स्वीकृति या निर्माण तक सीमित न रखकर उन्हें जनजीवन में ठोस परिवर्तन का माध्यम बनाने की है। इसमें पंचायती राज संस्थाएं सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

आपदा पूर्वानुमान से पंचायतों में हो रही आवश्यक तैयारी

मंत्री ने कहा कि मौसम संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाएं और पूर्वानुमान प्रतिदिन सांसदगण, विधायकगण, जिला परिषद अध्यक्ष, मुखियागण, जिला पदाधिकारियों, उप विकास आयुक्तों तथा अन्य संबंधित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाने का निर्देश ग्रामीण समाज के लिए अत्यंत उपयोगी है। पंचायत जनप्रतिनिधियों तक समय पर सूचना उपलब्ध होने से पंचायतों में आवश्यक तैयारी, स्थानीय सतर्कता और जनहित से जुड़े निर्णयों में सहायता मिलेगी। कहा कि मैसेज, व्हाट्सऐप सहित अन्य डिजिटल माध्यमों से सूचना प्रसारण व्यवस्था विकसित करने का निर्देश त्वरित शासन व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे पंचायत स्तर पर आपदा पूर्व तैयारी, कृषि संबंधी सतर्कता और जनसुरक्षा से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। विकसित बिहार की इस परिकल्पना में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि ग्रामीण विकास, स्थानीय सहभागिता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार पंचायत स्तर पर ही सुदृढ़ होता है। मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि पंचायती राज विभाग मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देशों के अनुरूप पंचायतों को अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी और विकासोन्मुख बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से ही विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकता है।

डॉ. तीजन बाई के निधन पर विधान सभा अध्यक्ष ने जताया शोक

पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पंडवानी गायन की विश्वविख्यात लोक कलाकार तीजन बाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि तीजन बाई का निधन भारतीय लोककला और सांस्कृतिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने अद्वितीय गायन, ओजपूर्ण प्रस्तुति और असाधारण कला-साधना के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक नाट्य परंपरा 'पंडवानी' को विश्व मंच पर विशिष्ट पहचान दिलाई। उनका संपूर्ण जीवन भारतीय लोककला के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित रहा। उन्हें कला के क्षेत्र में योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा देश के द्वितीय नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

डा. प्रेम कुमार ने दी पूर्व उप प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं 'बाबूजी' के नाम से लोकप्रिय जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राजनेता एवं संविधान सभा के सदस्य थे। उन्हें सामाजिक न्याय और वंचित व शोषित वर्गों के समान अधिकारों के प्रबल पक्षधर के रूप में सदैव याद रखा जाएगा। स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने के साथ-साथ उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात राष्ट्र के नव-निर्माण में भी अविस्मरणीय योगदान दिया। संसद व केन्द्रीय मंत्रिमंडल में उनका दीर्घकालीन एवं अनुकरणीय कार्यकाल संसदीय लोकतंत्र के विकास में मील का पत्थर साबित हुआ। उनका सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता एवं समानता के आदर्शों की प्रेरणादायी उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों का सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।

राज्यभर में 3,218 आधुनिक कृषि यंत्रों का होगा वितरण, स्थापित होंगे 80 नए 'यंत्र बैंक'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार ने गन्ना किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने के लिए 34.60 करोड़ की 'गन्ना यंत्रीकरण योजना' को मंजूरी दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्यभर में 3,218 आधुनिक कृषि यंत्र बांटे जाएंगे और 80 नए 'यंत्र बैंक' स्थापित होंगे। इसका उद्देश्य खेती की लागत कम करना, गन्ना उत्पादन बढ़ाना और आधुनिक मशीनों तक हर किसान की पहुंच सुनिश्चित करना है।

राज्य में गन्ना खेती के यंत्रीकरण के लिए 80 नए यंत्र बैंक स्थापित होंगे, जिसके लिए चीनी मिलें एवं किसान समूह आवेदन कर सकेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को महंगे उपकरण किराये पर उपलब्ध कराना है। नियमानुसार, प्रत्येक बैंक में न्यूनतम 7 यंत्र अनिवार्य होंगे, जिनमें सुगरकेन, कटर प्लांटर, रैटून मैनेजमेंट डिवाइस, ट्रेंच ओपेनर आदि शामिल रहेंगे। इस योजना से सीमांत एवं छोटे किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा, जो महंगे उपकरण नहीं खरीद पाते। अब वे बुआई, फसल प्रबंधन, कीट नियंत्रण और कटाई के लिए किफायती किराये पर आधुनिक मशीनें ले सकेंगे। सरकार मशीनों की खरीद पर सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के किसानों को 50 प्रतिशत तक का अनुदान दे रही है।

यंत्र बैंक के लिए 8 लाख तक की सहायता, आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन

पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक खेती के लिए फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर 75 प्रतिशत और बीज उपचार यंत्रों पर सर्वाधिक 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा, यंत्र बैंक स्थापित करने वाले किसानों या समूहों को अधिकतम 8 लाख तक की आर्थिक सहायता मिलेगी। पारदर्शिता के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक किसान कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

क्या कहते हैं मंत्री

''बिहार सरकार गन्ने की खेती को आधुनिक और लाभदायक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 34.60 करोड़ की इस योजना का सीधा लाभ छोटे किसानों को मिलेगा। नए यंत्र बैंक कम लागत में आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराकर उत्पादन बढ़ाएंगे।''

संजय कुमार, मंत्री (गन्ना उद्योग विभाग)

तीन माह की सिलाई ट्रेनिंग पूरी, 40 महिलाओं को मिला प्रमाणपत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। साथिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित महिला सशक्तिकरण समारोह-2026 के तहत तीन माह का सिलाई प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली 40 महिलाओं को रविवार को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, स्वरोजगार अपनाने तथा अपने कौशल के माध्यम से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं फुलवारीशरीफ के विधायक श्याम रजक, बिहार पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, न्यूजीलैंड में आयोजित जूनियर कॉमनवेल्थ पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में छह स्वर्ण पदक जीतने वाली कीर्ति राज सिंह, दानापुर नगर परिषद के वार्ड संख्या-9 के वार्ड पार्षद प्रेम किशोर, प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. बिंदा सिंह, डेंटल सर्जन डॉ. शबनम अखौरी, समाजसेवी आनंद त्रिवेदी तथा दंत चिकित्सक डॉ. स्मृति पांडेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद फाउंडेशन की ओर से सभी आगंतुक अतिथियों का अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया। समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं पटना हाईकोर्ट की अधिवक्ता वंदना सिन्हा ने बताया कि तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सिलाई के साथ-साथ माप लेने की विधि, आधुनिक डिजाइन, परिधान निर्माण, मशीन संचालन तथा उससे जुड़े व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को केवल हुनर सिखाना नहीं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार करना है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का अगला बैच अगस्त 2026 से शुरू होगा, जिसमें अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

वंदना सिन्हा ने कहा कि साथिया फाउंडेशन समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में संस्था निरंतर प्रयासरत है।

समारोह में अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं और इनके माध्यम से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बनेंगी, बल्कि समाज और परिवार के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

1200 रुपए हाउसिंग एवं मेंटेनेंस टैक्स जनता पर आर्थिक बोझ : राजेश राठौड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर घर से औसतन 1200 रुपए सालाना (लगभग 100 रुपए प्रतिमाह) होल्डिंग टैक्स या मेंटेनेंस शुल्क वसूलने का प्रस्ताव के खिलाफ बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि जिस राज्य में लगभग 85 लाख परिवार 5 किलो मुफ्त अनाज पर और लगभग 10 करोड़ व्यक्ति औसतन 50 रुपये प्रतिदिन की आमदनी पर जिंदा हो, वो भला गाँवों और पंचायतों में सलाना 1200 रू हाउसिंग या मेंटेनेंस टैक्स कहां से देगा। बिहार के जाति सर्वे में यह बात सामने आई कि 94 लाख परिवारों की मासिक आमदनी 6000 रु. से भी कम है, मतलब लगभग 5 करोड़ लोग 40 रु. रोज पर जिंदा हैं और 81 लाख परिवार 10000 रु. माह से कम कमाते हैं, अर्थात 4 करोड़ लोग 67 रु. रोज पर जिंदा हैं वैसे में राज्य की ग्रामीण जनता पर नाहक बोझ डालकर सरकार आखिर क्या संदेश देना चाहती है। पूंजीपतियों की हिमायती भाजपा सरकार आम बिहारियों को नई सरकार के गठन से खून चूसना शुरू कर दिया है और ऐसे में लगातार जनविरोधी फैसले ले रही है जिसका जनता के जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। राज्य में नागरिकों के आर्थिक उन्नयन के लिए कोई योजना नहीं आती है लेकिन जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाले तमाम फैसलों को यह सरकार झट से लागू कर देती है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाएं युवा : श्रेयसी सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास)। भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा, रोहतास के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को डी.पी.एस. स्कूल, धावा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पक्ष के अवसर पर आयोजित छात्र-छात्रा सम्मेलन में बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रवाद, शिक्षा, अखंड भारत और जनसेवा का अनुपम उदाहरण है और आज के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रितेश राज की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप, रोजगार और खेल के क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध हुए हैं तथा केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने युवाओं के सामने नए द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार भी युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और नई शिक्षा नीति-2020 के लागू होने से शिक्षा अब अधिक व्यावहारिक, आधुनिक एवं रोजगारोन्मुख हुई है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़कर देश की प्रगति में योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुशासन, नवाचार और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री श्रेयसी सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शीला कुशवाहा, पूर्व विधायक श्री राजेश्वर राज, जिला महामंत्री विवेक सिंह, प्यारेलाल ओझा एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश सिंह द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर, दीप प्रज्ज्वलित कर तथा राष्ट्रगीत के साथ की गई। अपने संबोधन में पूर्व विधायक राजेश्वर राज, प्रदेश उपाध्यक्ष शीला कुशवाहा, जिला महामंत्री विवेक सिंह, प्यारेलाल ओझा और अखिलेश सिंह ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा हैं और वर्तमान सरकार की नीतियों से युवाओं को शिक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सशक्त मंच मिला है। सम्मेलन में युवा मोर्चा के जिला महामंत्री इंद्रजीत सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम सिंह, गुड़िया तिवारी, अमित कुमार पटेल,राहुल देव, सुमित सिंह बिट्टू, कुंदन सिंह, अमित पांडे, राजेश कुमार, प्रांजल चौबे, अभिषेक सिंह, उत्तम सिंह, सन्नी गुप्ता, शशि भूषण सिंह, राजा ठाकुर, रौशन सिंह, विवेक तिवारी, प्रवीण रावत, अभय प्रजापति, जितेंद्र केशरी, सोनू सिंह, अभिषेक गुप्ता, रवि पांडे और सौरभ सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम सिंह ने किया।

वित्तरहित शिक्षकों को सम्मानजनक वेतन दिलाना मेरा लक्ष्य : जीवन कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास)। बिहार के गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपाp एमएलसी जीवन कुमार ने कहा कि वित्तरहित महाविद्यालयों के शिक्षकों और कर्मियों को उनका हक दिलाना उनका मुख्य लक्ष्य है और इस कलंक को समाप्त करने के लिए वे सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष जारी रखेंगे। शनिवार को वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर में वित्तरहित शिक्षक संघ की विशेष बैठक में उन्होंने यह बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीकेएसयू के सीनेट सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने की। महाविद्यालय पहुंचने पर विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षकों ने एमएलसी जीवन कुमार का फूल-माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर जोरदार स्वागत किया। सभागार में उपस्थित वित्तरहित महाविद्यालय कर्मियों को संबोधित करते हुए एमएलसी ने कहा कि वित्तरहित शिक्षकों की आवाज वे लगातार बिहार सरकार के समक्ष उठाते रहे हैं और टुकड़ों में मिलने वाले अनुदान को पूर्ण सम्मानजनक वेतनमान में बदलवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बिहार विधान परिषद में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए उन्होंने सरकार पर दबाव बनाकर वित्तरहित शिक्षकों के लिए एक कमेटी गठन की मांग की है और शिक्षा मंत्री से मिलकर वित्तरहित संस्थानों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कमेटी की बैठक बुलाने का भरोसा भी दिलवाया है। जीवन कुमार ने आश्वासन दिया कि उनके कार्यकाल में न केवल नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिलेगा बल्कि वित्तरहित शिक्षकों को भी उनका अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में दोहरा मापदंड नहीं चल सकता और वित्तरहित नीति के कारण वर्षों से शोषण झेल रहे शिक्षकों के साथ न्याय होना चाहिए। उनके संबोधन का समर्थन करते हुए उपस्थित शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों ने एकजुट रहने और धैर्य के साथ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। बैठक में प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रो. वीर बहादुर सिंह, प्रो. रविन्द्र सिंह, डॉ. सतेंद्र सिंह, प्रो. मनमोहन तिवारी, प्रो. अनिल सिंह, मदन प्रसाद वैश्य, अभिषेक तिवारी सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे। सभी ने एमएलसी के प्रयासों की सराहना करते हुए आंदोलन को और तेज करने पर सहमति जताई।

135वें डूरंड कप का कार्यक्रम जारी, रांची में 26 जुलाई से होंगे ग्रुप-सी के मुकाबले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची। एशिया के सबसे पुराने और दुनिया के तीसरे सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट 135वें डूरंड कप का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पहली बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे रांची में तैयारियां तेज हो गई हैं। यहां 26 जुलाई से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में ग्रुप-सी के मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शनिवार को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, खिलाड़ियों एवं वीआईपी के प्रवेश-निकास मार्ग सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई।उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि डूरंड कप जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी रांची के लिए गौरव की बात है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि आयोजन सुरक्षित, सुव्यवस्थित और यादगार बन सके। डूरंड कप का आयोजन 25 जुलाई से 23 अगस्त तक होगा। उद्घाटन मुकाबला कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में रिकॉर्ड 17 बार की चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट और 16 बार की विजेता ईस्ट बंगाल एफसी के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में इस बार 24 टीमें छह समूहों में विभाजित होकर कोलकाता, रांची, इम्फाल, शिलांग और गुवाहाटी में मुकाबले खेलेंगी। लीग चरण के बाद सभी छह ग्रुप विजेता और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली दो उपविजेता टीमें नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी। रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में ग्रुप-सी के सभी मुकाबले आयोजित होंगे। इस ग्रुप में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी, स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली, भारतीय वायुसेना फुटबॉल टीम तथा पहली बार भाग ले रही श्रीलंका सशस्त्र बलों की डिफेंडर्स एफसी शामिल हैं। रांची में पहला मुकाबला 26 जुलाई को जमशेदपुर एफसी और डिफेंडर्स एफसी के बीच खेला जाएगा, जबकि ग्रुप चरण का अंतिम मैच 13 अगस्त को जमशेदपुर एफसी और भारतीय वायुसेना फुटबॉल टीम के बीच होगा। इसके अलावा 16 अगस्त को रांची में एक क्वार्टर फाइनल मुकाबला भी आयोजित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त संजय भगत, ट्रैफिक एसपी, सदर एसडीओ, एडीएम (विधि-व्यवस्था), जिला खेल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सेना के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा कार्यकर्ता के नेतृत्व में गोड़ारी ग्रामीण मंडल बैठक का आयोजन

भाजपा के ग्रामीण मंडल विस्तार से पार्टी संगठन होगा सशक्त : डॉ. मनीष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिक्रमगंज (रोहतास)। भाजपा के सांगठनिक विस्तार और आगामी राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रम प्रारूप तैयार करने के उद्देश्य से रविवार को काराकाट विधानसभा क्षेत्र के गोडारी गांव में ग्रामीण मंडल की एक अहम बैठक मंडल प्रभारी डॉ.मनीष रंजन के अध्यक्षता में ग्रामीण मंडल कार्यालय अंतर्गत आयोजित की गई। जिसका संचालक मंडल अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए गोडारी मंडल प्रभारी सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ.मनीष ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य भाजपा के सांगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करना है। इसके लिए ग्रामीण समागम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से लेकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को अपनी अहम भागीदारी निभानी होगी। साथ ही हरित अभियान टास्क तहत विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े के उपलक्ष्य में अपने-अपने क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले हर बूथ पर व्यापक स्तर पर काराकाट विधानसभा में सभी कार्यकर्ता संकल्प के साथ पौधा रोपण अवश्य सुनिश्चित करें। दूसरी तरफ मंडल प्रभारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व काल की उपलब्धियों को लेकर बताया कि विशेष अभियान चलाकर गोडारी गांव मंडल में शक्ति केंद्रों पर सघन बैठक के साथ एकजुट होकर केंद्र और राज्य सरकार की जनहित योजनाओं से जुड़ी आयुष्मान भारत, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि,पीएम मन की बात,पर्यावरण संरक्षण सहित योजनाओं से जुड़ी जानकारियां गांव के सभी आमजन तक सरकार के सफल सेवा काल की उपलब्धियों को हर हाल में साझा करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता संकल्पित रहेंगे। उक्त बैठक में दिनेश कांत तिवारी,मनमोहन तिवारी, हरेंद्र हरियाली, अजीत सिंह, हलचल कुमार, संगीता कुमारी, मीना कुमारी, हरिनाथ साह, शिवजी भारती, विमल साह,बै द्यनाथ राम,रामचंद्र प्रसाद सहित भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

भीषण गर्मी में बिजली कटौती से बेहाल ग्रामीण, दम फूलने की बढ़ी शिकायतें

विक्रमगंज (रोहतास)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भीषण गर्मी और बिजली की लगातार लुकाछिपी से ग्रामीण क्षेत्र के लोग बेहद परेशान हैं और उनका जीना मुहाल हो गया है। तापमान लगातार ऊंचाई पर बना हुआ है और ऐसे में दिन हो या रात बिजली विभाग द्वारा की जा रही रुक-रुक कर कटौती के कारण आम लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के कारण बिजली की कटौती ने उनकी दैनिक दिनचर्या को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है, खासकर वे लोग जो शारीरिक रूप से कमजोर हैं या जिनकी उम्र अधिक हो चुकी है उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बुजुर्गों और रोगियों ने दम फूलने की शिकायत की है। उनका मानना है कि इतनी अधिक गर्मी में यदि पंखे से राहत नहीं मिले तो दम घुटना स्वाभाविक है। साधन संपन्न परिवारों के पास जनरेटर और इन्वर्टर जैसी 24 घंटे बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था मौजूद है, लेकिन गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार जिनके पास एक पंखे की ही जुगाड़ है, उनके लिए सरकारी बिजली ही सांस लेने का एकमात्र सहारा है। बिजली जाते ही घरों में उमस और घुटन बढ़ जाती है और पूरे परिवार को राहत भरी सांस लेना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग द्वारा बिना सूचना के बार-बार बिजली काटी जा रही है, जिससे बच्चों, महिलाओं और बीमार लोगों की हालत और खराब हो रही है।

एक नजर

देवघर में होमगार्ड भर्ती का रास्ता साफ, 15 जुलाई से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

देवघर। झारखंड सरकार की रोजगार सृजन पहल के तहत देवघर जिले में होमगार्ड बहाली प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने का निर्णय लिया है, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को निष्पक्ष अवसर मिल सके। इस संबंध में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें देवघर जिले में होमगार्ड नियुक्ति प्रक्रिया को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में भर्ती से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई 2026 से होमगार्ड भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, राज्य के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन राजकीय श्रावणी मेला-2026 के शांतिपूर्ण समापन के बाद भर्ती की आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल अधिकांश प्रशासनिक संसाधन श्रावणी मेले की व्यवस्थाओं में लगे हैं, इसलिए मेले के बाद चयन प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्राप्त करने, उनकी स्क्रूटनी, अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन तथा भर्ती के प्रत्येक चरण की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जाएंगे। इसके अलावा शारीरिक दक्षता परीक्षा और लिखित परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित कराने के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि भर्ती प्रक्रिया में केवल योग्य एवं पात्र अभ्यर्थियों का चयन सुनिश्चित हो, जिससे पूरी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी रहे। देवघर में होमगार्ड बहाली को जिले के हजारों युवाओं के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। अब अभ्यर्थियों की निगाहें 15 जुलाई से शुरू होने वाली आवेदन प्रक्रिया और उसके बाद होने वाली चयन प्रक्रिया पर टिकी हैं।

देव थाना का एसपी ने किया औचक निरीक्षण, लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद ने रविवार को देव थाना का औचक निरीक्षण कर थाना की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के अभिलेखों, थाना दैनिकी तथा विभिन्न प्रशासनिक दस्तावेजों का गहन अवलोकन किया और उनके संधारण की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना में लंबित कांडों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अनुसंधान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अनुसंधान पदाधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही गंभीर मामलों में तेजी लाने, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई करने तथा न्यायालय से संबंधित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव, कानून-व्यवस्था से संबंधित तैयारियों तथा आम लोगों की शिकायतों के निष्पादन की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जनता के साथ बेहतर व्यवहार करने, फरियादियों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने तथा पुलिसिंग को अधिक संवेदनशील एवं प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थानों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना पुलिस विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था बनाए रखने और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिक्रमगंज (रोहतास)। 14 जुलाई को पटना में होगा राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम।अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार सरकार द्वारा जनता की शिकायतों के त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आयोजित किए जाने वाले "राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम" का आयोजन 14 जुलाई 2026, मंगलवार को मुख्यमंत्री सचिवालय, 4 देशरत्न मार्ग, पटना में किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त पत्र के आधार पर यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के प्रथम एवं द्वितीय मंगलवार को आयोजित किया जाता है, जिसमें जिलों में आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" के माध्यम से निस्तारित नहीं हो सके मामलों के आवेदकों की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री स्तर पर किया जाएगा। पत्र के अनुसार दूर के जिलों के आवेदकों को कार्यक्रम में शामिल होने से एक दिन पूर्व संबंधित जिला प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ वाहन से पटना भेजा जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आवेदकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने-ले जाने के दौरान पेयजल एवं भोजन की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। आवेदकों को अपने पूर्व आवेदन की विस्तृत जानकारी तथा सहयोग शिविर में हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए राज्य स्तरीय सहयोग पोर्टल पर नया आवेदन करना होगा। प्राप्त आवेदनों की सूची जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री सचिवालय को ई-मेल से भेजी जाएगी और चयनित आवेदकों को SMS के माध्यम से तिथि एवं समय की सूचना दी जाएगी। कार्यक्रम के दिन सभी आवेदकों को सुबह 10 बजे तक मुख्यमंत्री सचिवालय के गेट नंबर 4 से प्रवेश करना होगा। सचिवालय परिसर में प्रवेश द्वार संख्या-4 के पास निबंधन काउंटर पर पंजीकरण के बाद आवेदकों को निर्धारित हॉल में बैठाया जाएगा, जहां वे अपनी समस्या माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष रख सकेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज ने क्षेत्र के सभी संबंधित आवेदकों से अपील की है कि वे समय पर पोर्टल पर आवेदन करें और जिला प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सूचना के अनुसार निर्धारित तिथि को समस्तीपुर होते हुए पटना पहुंचें ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके।

रांची में धूमधाम से मनाया गया राजद का 30वां स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कार्यालय में रविवार को पार्टी का 30वां स्थापना दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव की अनुपस्थिति में आयोजित समारोह की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने की। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने राजद की 30 वर्षों की संघर्षपूर्ण यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, संविधान की रक्षा तथा गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई निरंतर मजबूती से लड़ी है। उन्होंने कहा कि राजद हमेशा जनसरोकारों के मुद्दों को प्राथमिकता देता रहा है और आगे भी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करता रहेगा। नेताओं ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने सामाजिक न्याय की जिस विचारधारा को देशभर में नई पहचान दिलाई, उसे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनहित और विकास के मुद्दों को लेकर राजद भविष्य में भी अपनी भूमिका मजबूती से निभाता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा तथा जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। साथ ही एक समृद्ध, सशक्त और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। स्थापना दिवस के अवसर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी। समारोह के दौरान "राष्ट्रीय जनता दल जिंदाबाद", "लालू प्रसाद जिंदाबाद" और "तेजस्वी यादव जिंदाबाद" के नारों से प्रदेश कार्यालय गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं के लिए प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया। समारोह में धर्मेंद्र महतो, रंजन यादव, अनीता यादव, कमलेश यादव, आबिद अली, इम्तियाज हुसैन वारसी, मनोज पांडे, सुनील साहू, सुधीर गोप, धर्मेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार बबलू, चंद्रशेखर भगत, राजकिशोर सिंह, रवि जायसवाल, मनोज अग्रवाल, जितेंद्र राणा, राजेश यादव, सुजीत सिन्हा, संतोष कुमार यादव, कमलेश कुमार, वीरेंद्र ठाकुर, यशवंत यादव, सिद्धेश्वर ठाकुर, अजय कुमार यादव, नंदलाल बाल्मीकि, धीरेंद्र ठाकुर, मिथुन चौधरी, रामभजन सिंह, पलांडू पाल, विजय राय, हरेंद्र कुमार, विशाल कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति की समीक्षा को लेकर रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय स्थित कांग्रेस भवन में राज्यस्तरीय समीक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की। कार्यशाला में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, एआईसीसी सचिव एवं झारखंड के सह प्रभारी डॉ. श्रीवेला प्रसाद तथा भूपेंद्र मरावी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए के. राजू ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, जिला पदाधिकारी, बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) तथा बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित कर घर-घर जाकर मतदाता पुनरीक्षण प्रपत्र सही ढंग से भरवाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि किसी स्तर पर कोई त्रुटि सामने आती है तो उसका समाधान संबंधित सरकारी अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा दिए गए कार्यों का निर्धारित समय में निष्पादन कर उसकी ऑनलाइन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्यों की समीक्षा और मूल्यांकन किया जाएगा। के. राजू ने दावा किया कि झारखंड में कांग्रेस ने गुणवत्ता के आधार पर लगभग 20 हजार बीएलए तैयार किए हैं और उनका पूरा डाटा पार्टी के पास उपलब्ध है। झारखंड के सह प्रभारी डॉ. श्रीवेला प्रसाद ने कहा कि जिला, प्रखंड, वार्ड और मंडल स्तर के सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करना होगा।

रांची में 23 हजार से अधिक ऑटो, ई-रिक्शा, सिर्फ तीन अधिकृत स्टैंड, सड़क किनारे पार्किंग से हर दिन जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची में ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। शहर की प्रमुख सड़कों पर जगह-जगह ऑटो और ई-रिक्शा सड़क किनारे खड़े होने और बीच रास्ते में सवारी बैठाने-उतारने की वजह से रोजाना लंबा जाम लग रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, मरीजों और व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। सुबह और शाम के व्यस्त समय में अल्बर्ट एक्का चौक, कचहरी, लालपुर, रातू रोड, हरमू, अरगोड़ा, कांटा टोली, बिरसा चौक और मेन रोड जैसे इलाकों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। शहर में ऑटो और ई-रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इनके लिए निर्धारित पार्किंग और स्टैंड की व्यवस्था उस अनुपात में विकसित नहीं हो सकी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार राजधानी में 23 हजार से अधिक ऑटो और ई-रिक्शा परिचालन में हैं। इनमें करीब 3 हजार डीजल ऑटो और लगभग 12 हजार सीएनजी ऑटो शामिल हैं। इसके बावजूद नगर निगम की ओर से आधिकारिक तौर पर केवल तीन स्थानों रातू रोड न्यू मार्केट, अरगोड़ा चौक और सेंट जेवियर्स कॉलेज के पास ऑटो स्टैंड चिन्हित किए गए हैं। शहर के आकार और वाहनों की संख्या को देखते हुए यह व्यवस्था बेहद अपर्याप्त मानी जा रही है। स्टैंड की कमी के कारण अधिकांश चालक सड़क किनारे ही सवारी का इंतजार करते हैं। कई बार चालक अचानक वाहन रोक देते हैं या सड़क के बीच से ही यात्रियों को बैठाने और उतारने लगते हैं। इससे पीछे चल रहे वाहनों की रफ्तार थम जाती है और कुछ ही मिनटों में लंबा जाम लग जाता है। कई स्थानों पर सड़क की एक पूरी लेन ऑटो की कतार से घिरी रहती है, जिससे आम लोगों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ती है।

विधानसभा घेराव की तैयारी को लेकर भाकपा कार्यकर्ताओं की बैठक

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा बाजार स्थित बस स्टैंड के समीप कामरेड रामशरण यादव पुस्तकालय के सभागार में रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामलखन सिंह ने की। इसमें 15 जुलाई को पटना में प्रस्तावित विधानसभा घेराव को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी की जिला कार्यसमिति के सदस्य एवं पूर्व प्रमुख नागेश्वर सिंह ने विधानसभा घेराव कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई को पटना में आयोजित विधानसभा घेराव तथा 1 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित कार्यक्रम के माध्यम से वामपंथी एकता अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी। उन्होंने पार्टी की 17 सूत्री मांगों की विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने स्थानीय शाखा की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं की बैठक में कम उपस्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि 21 जून को आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहे सदस्यों से कारण पूछा गया है तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बिहार को टॉप-5 राज्यों में शामिल कराना सरकार की प्राथमिकता : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जन सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य बिहार को देश के टॉप-5 विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल कराना है। इसके लिए गांव-गांव में सड़क, नाली, बिजली तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। बेन प्रखंड की खैरा पंचायत के मखदुमपुर एवं माहाबीघा गांव में तीन विकास योजनाओं का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन, विकास और जनविश्वास की नई पहचान बनी है। उन्होंने मखदुमपुर में मुख्य सड़क से पानी टंकी होते हुए देवी स्थान चंद्रवंशी टोला तक 14.47 लाख रुपये की लागत से बनी ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई, माहाबीघा में समींदर प्रसाद के घर से गौरैया स्थान होते हुए उमेश ठाकुर के घर तक 12.64 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क तथा मखदुमपुर में नरेंद्र के घर के पास से पंडित टोला होते हुए छोटे के घर तक 9.62 लाख रुपये की लागत से मिट्टी भराई एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि, आधारभूत संरचना और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली, बेहतर सड़क संपर्क, छात्राओं के लिए साइकिल योजना तथा युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसरों ने बिहार की नई तस्वीर गढ़ी है।इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख रंजू देवी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, लक्ष्मण प्रसाद, कुमुद कुमार, अभिषेक कुमार, जितेंद्र राम, सुनील सिंह, जीतू मांझी, ओमप्रकाश सिंह, मो. कलीम, शैलेंद्र प्रसाद, पप्पू राम, रामेश्वर केवट, मधु पासवान, विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

युवक को गोली मारकर किया घायल, रेफर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा। प्रखंड क्षेत्र के एकंगरसराय पथ पर शनिवार देर रात एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायल की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के गुलनी गांव निवासी जोगिंदर प्रसाद के पुत्र उदय प्रसाद के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

कविता के माध्यम से जनता में चेतना जगाने का काम करें साहित्यकार : डॉ. दिवाकर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। कविता के माध्यम से जनमानस में चेतना जगाने का काम साहित्यकार करे। साहित्य देश, समाज, हमारी नई पीढ़ियों और तंत्र को बेहतर दशा-दिशा देता है। साहित्य की विधाओं में कविता सबसे प्रभावी माध्यम है। यह बातें दिनकरनामा के रचयिता और जिले के वरिष्ठ वयोवृद्ध साहित्यकार व केएलएस के पूर्व प्राचार्य डॉ दिवाकर ने कही। रविवार को नवादा स्थित सुमंगलम् सभागार में हिन्दी मगही साहित्यिक मंच 'शब्द साधक' के तत्वावधान और व्यंग्यकार उदय भारती के संयोजन में हिन्दी, उर्दू और मगही कवि सम्मेलन था। उन्होंने बौद्धिक व सांस्कृतिक रूप से संसार को समृद्ध करने में कवियों का बड़ा योगदान बताया। दीनबंधु की अध्यक्षता और उदय भारती के संचालन में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से सम्मेलन की शुरुआत हुई। उदय भारती ने कहा कि डॉ. दिवाकर हमारे शैक्षणिक और साहित्यिक गुरु हैं। हमारे लिए ये सबसे बड़े साहित्य साधक हैं। कई दर्जन इनकी अमर कृतियां हैं। इन्होंने राष्ट्रकवि दिनकर पर सात खंड का दिनकरनामा और हिन्दी साहित्य के दर्जनों बड़े नक्षत्र निराला, राहुल सांस्कृत्यायन, महादेवी वर्मा, महाकवि जयशंकर प्रसाद, रामवृक्ष बेनीपुरी, गोपाल सिंह नेपाली, मोहन लाल महतो 'वियोगी', डॉ. शिवपुजन सहाय, पद्मश्री पोद्दार रामावतार,पं. जनार्दन प्रसाद द्विज, डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल आदि पर शोधात्मक पुस्तकें लिखी। दर्जनों अपनी व्यंग्य संग्रह व संस्मरणात्मक पुस्तकें और दृष्टि पत्रिका से साहित्य को समृद्ध किया। दीनबंधु, उदय भारती सहित अतिथियों ने ने डॉ. दिवाकर को फूल-माला और शॉल देकर सम्मानित किया।

कवि और कवियित्री नई और मौलिक रचनाओं का समां बांध दिया। पांच उदीयमान युवा कवि सिंधुकांत, नालंदा बिहार शरीफ के नीतीश कुमार, नवादा की ज्योति बरनवाल, एसके सिद्धार्थ और रेजा तसलीम की रचनाओं की समीक्षा हुई। वरीय साहित्यकार अशोक समदर्शी और शंभु विश्वकर्मा ने समीक्षा की। दीनबंधु ने बताया कि रजिस्टर्ड शब्द साधक मंच लगातार 2007 से तीनों भाषाओं की समृद्धि को लेकर पत्र पत्रिका का संपादन, कवि सम्मेलन, विचार व साहित्यिक गोष्ठी, मगही का प्रचार-प्रसार का काम कर रहा है। नवोदित और उदीयमान कवियों को मंच प्रदान करता है। मंच के कवियों ने वाचिक परंपरा में राष्ट्र और प्रदेश स्तर पर अपनी जगह बनायी है। अकादमी, दूरदर्शन और आकाशवाणी में भी सक्रिय रहें हैं। अतिथि के रूप में ओंकार निराला, वीणा मिश्रा, बच्चन पांडेय, ललित किशोर शर्मा, मगध मगही संघ के अध्यक्ष पारस सिंह, वरीये कांग्रेसी बांके बिहारी सिंह ने संबोधित किया। छत्रपति शिवाजी संस्थान के जितेंद्र प्रताप जीतू, कैलाश विश्वकर्मा इतने उत्साहित हुए कि उन्होंने भी कविता सुना डाली। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक नंद किशोर प्रसाद ने की। अशोक समदर्शी, शंभु विश्वकर्मा, ज्योति बरनवाल, अमृता सिन्हा, गौतम सरगम, अनिल कुमार, एसके सिद्धार्थ, रेजा तस्लीम, सिंधुकांत, दयानंद गुप्ता, अनिल कुमार, उदय भारती, ओंकार निराला, शफी जानी नादां, सबा रजौलवी, कृष्ण कुमार भट्टा, नालंदा से नीतीश कुमार, श्याम सुंदर, रंजन कुमार, शुभम कुमार, योगगुरु शंभू शंकर, कवि व पत्रकार सुनील कुमार, संतोष रूहानी आदि ने काव्य पाठ किया। आनंद लेने अनिल मिस्त्री, पीयूष कुमार, चंद्रिका प्रसाद, मथुरा प्रसाद, मंटू कुमार, मनमोहन, संतोष वर्मा, हर्ष, अमन सहित साहित्यप्रेमी जुटे थे।

शराब व बियर से भरी बोलोरो जब्त, तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रजौली। रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर बीते शनिवार की देर रात्रि लगभग 11 बजे शराब से भरी बोलोरो वाहन को उत्पाद बलों ने जब्त किया है। जब्त बोलोरो में बने तहखानों से 251 बोतल शराब व बियर बरामद किया गया है,जिसकी कुल मात्रा 137.5 लीटर है। साथ ही एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। जांच चौकी प्रभारी उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के सहयोग से किया जाता है। उन्होंने बताया कि जांच चौकी पर बीते शनिवार को देर रात्रि लगभग 11 बजे झारखंड की ओर से आ रही एक बोलोरो संख्या जेएच04सी1407 को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में बोलोरो चालक कोडरमा जिले के तिलैया बस्ती निवासी माली यादव के पुत्र प्रदीप कुमार यादव से जरूरी पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में पता चला कि वह शराब का परिवहन अकबरपुर एवं नवादा में करने जा रहा है। बोलोरो की जांच किए जाने पर चालक,सहचालक,बीच एवं पिछले सीट के नीचे के बने तहखाने से भारी मात्रा में झारखंड निर्मित शराब एवं बियर बरामद किया गया। वहीं गहनता से जांच के क्रम में फाइबर के बने डेशबोर्ड आदि से भी शराब बरामद किया गया। बरामद शराब में रॉयल स्टैग 750 एमएल वाले 84 बोतल व 375 एमएल वाले 72 बोतल एवं किंगफिशर नामक 500 एमएल वाले 95 केन बियर शामिल है। गिरफ्तार युवक प्रदीप कुमार यादव से कड़ाई से पूछताछ पर बताया कि उसे शराब से भरी बोलोरो को सतगांवा थाना क्षेत्र निवासी बब्लू नामक व्यक्ति ने दी है,जिसे नवादा जिले के अकबरपुर एवं नवादा में डिलीवरी देना था। प्रदीप द्वारा कथित शराब देने वाले बब्लू और डिलीवरी लेने वाले का मोबाइल नम्बर है। उत्पाद इंस्पेक्टर ने कहा कि जब्त शराब व बियर के साथ गिरफ्तार व्यक्ति के अलावे अन्य संदिग्धों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उत्पाद इंस्पेक्टर ने स्पष्ट किया कि शराब से संबंधित गतिविधियों के विरुद्ध उत्पाद बलों द्वारा कार्रवाई जारी रहेगी।

सोंचारी प्रीमियर लीग 2026 का आगाज, वधोनी ने पहले ही मैच में दर्ज की शानदार जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। परवलपुर में सोंचारी प्रीमियर लीग (एसपीएल) 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि परवलपुर के उपमुख्य पार्षद अक्षय कुमार और भाजपा नेता अमित कुमार ने फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में कीर्तिपुर और वधोनी की टीमें आमने-सामने थीं। टॉस जीतकर वधोनी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कीर्तिपुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 140 रन बनाकर चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वधोनी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 9 ओवर में 141 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। वधोनी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले प्रवीण कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उनकी शानदार पारी की खिलाड़ियों और दर्शकों ने जमकर सराहना की।आयोजकों ने बताया कि सोंचारी प्रीमियर लीग का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना है, ताकि युवा खिलाड़ी अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकें। टूर्नामेंट के रोमांचक आगाज के बाद अब सभी की नजरें आगामी मुकाबलों पर टिकी हैं।

एक नजर

एक साल पूरा होने पर पीपीयू कुलपति को दी बधाई

बिहारशरीफ। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) उपेंद्र प्रसाद सिंह के कार्यकाल का पहला वर्ष सफलता पूर्वक संपन्न होने पर नालंदा कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सुनीता सिन्हा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। श्रीमती सिन्हा ने कहा कि महज एक वर्ष में ही कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पीपीयू राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों से आगे निकल गया है। पीपीयू की कार्य- संस्कृति की सराहना लोकभवन ने भी की है और महामहिम राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को पुरस्कृत भी किया है। नालंदा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो रघुनाथ प्रसाद कच्छवे, पीपीयू सीनेट सदस्य एवं बीएड विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सर्वदमन कश्यप, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ सुमित कुमार, डॉ एस रहमान, डॉ श्रद्धा कुमारी ने भी कुलपति के रूप में एक वर्ष पूरा होने पर प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह को बधाई दी है।

ट्रैक्टर की ठोकर से बालक की मौत

हिलसा। प्रखंड क्षेत्र के अरपा गांव स्थित पानी टंकी के समीप सड़क दुर्घटना में एक बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल बालक को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान टेका बिगहा गांव निवासी अजीत कुमार के पुत्र भरत प्रसाद के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार भरत प्रसाद घरेलू सामान खरीदने के लिए दुकान जा रहा था। इसी दौरान अरपा गांव के पास एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।घटना के संबंध में अपर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

कट्टा लहराकर डांस करना पड़ा महंगा, तीन युवक गिरफ्तार

बिहारशरीफ। सिलाव थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर देशी कट्टा लेकर नर्तकी के साथ डांस करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 4 जुलाई की शाम करीब 6:45 बजे सिलाव थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवक दबंगई का प्रदर्शन करते हुए हाथ में देशी कट्टा लेकर नर्तकी के साथ डांस करते दिखाई दे रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना में सनहा दर्ज कर मामले का सत्यापन किया गया तथा वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर थानाध्यक्ष सिलाव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान पता चला कि वायरल वीडियो सिलाव थाना क्षेत्र के कदमतर गांव निवासी मनोज चौधरी के पुत्र गौतम कुमार द्वारा अपनी पुत्री के छठी समारोह में बनाया गया था।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वीडियो में कट्टा लेकर डांस करने वाले युवकों की पहचान की और इस मामले में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमे राहुल कुमार, गौतम कुमार दोनो निवासी कदमतर, थाना सिलाव एवं दीपक कुमार निवासी करियत्रा, थाना सिलाव शामिल है।

अवैध कब्जा कर जेसीबी से मिट्टी कटाई का आरोप

हिसुआ। हिसुआ थाना क्षेत्र के मटुक बिगहा गांव निवासी राजीव कुमार सिन्हा ने अपनी पैतृक जमीन पर अवैध कब्जा कर जेसीबी और ट्रैक्टर से मिट्टी की कटाई कर उसे ईंट-भट्ठों में बेचने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर उन्होंने हिसुआ अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को अलग-अलग आवेदन देकर आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने, अवैध मिट्टी कटाई पर तत्काल रोक लगाने तथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में राजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मटुक बिगहा स्थित भूमि उनकी दिवंगत माता उर्मिला देवी के नाम दर्ज है, जिस पर उनका वैध स्वामित्व और कब्जा है। उनका आरोप है कि गांव के बालक यादव, नरेश यादव, सत्येंद्र यादव उर्फ सतो, सरयू यादव, उपमन यादव समेत अन्य लोगों ने जबरन जमीन पर कब्जा कर जेसीबी और ट्रैक्टर से मिट्टी की कटाई शुरू कर दी है तथा मिट्टी को ईंट-भट्ठों में बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, अवैध खनन पर रोक, आर्थिक क्षति की भरपाई तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के साथ उन्होंने भूमि से संबंधित दस्तावेज और लगान रसीद भी संलग्न की है। मामले में प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी की 11वीं वर्षगांठ श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई

राजगीर। श्री जैन श्वेताम्बर कोठी नौलखा मंदिर स्थित श्री जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी की 11वीं वर्षगांठ रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दादा गुरुदेव की विशेष पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद मंदिर के शिखर पर गोगोलॉव निवासी एवं वर्तमान में रांची प्रवासी अनोपचंद बोथरा परिवार द्वारा पारंपरिक रूप से ध्वजारोहण किया गया।बताया गया कि मरुधर ज्योति साध्वीवर्या श्री मणीप्रभाश्री जी महाराज साहब की प्रेरणा से वर्ष 2015 में राजस्थान के कुशल कारीगरों द्वारा मात्र पांच माह में इस दादाबाड़ी का निर्माण कराया गया था। स्थापना के समय से ही प्रत्येक वर्ष बोथरा परिवार मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाने की परंपरा निभा रहा है।समारोह में वीरायतन से पूज्य साध्वी यशा जी महाराज साहब एवं पूज्य साध्वी साधना जी महाराज साहब की गरिमामयी उपस्थिति रही। साध्वी यशा जी ने कहा कि मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाने का सौभाग्य अत्यंत विरले लोगों को मिलता है और कल्याणक भूमि पर यह अवसर विशेष पुण्य का प्रतीक है।संस्था के ट्रस्टी प्रतीक जैन ने कहा कि राजगीर जैन धर्म की महत्वपूर्ण कल्याणक भूमि होने के साथ-साथ विभिन्न धर्मों की आस्था का भी प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि यदि सभी लोग तीर्थंकरों के बताए सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलें तो विश्व में शांति और भाईचारे का वातावरण स्थापित हो सकता है।

केवीके नवादा में फलदार पौधों की बिक्री का धमाकेदार आगाज, पहले ही दिन बिके 600 से अधिक पौधे

कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा में रविवार से उन्नत किस्म के फलदार पौधों की बिक्री का शानदार आगाज हुआ।पहले ही दिन केंद्र पर नवादा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान एवं बागवानी के इच्छुक लोग पहुंचे। किसानों में वैज्ञानिक तरीके से बागवानी करने और उन्नत किस्म के फलदार पौधे लगाने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।उद्यान विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर सिंह ने बताया कि पहले ही दिन किसानों ने रिकॉर्ड खरीदारी की। केंद्र से लगभग 500 आम के पौधे तथा 100 से अधिक अमरूद के पौधों की बिक्री हुई। इसके अलावा नींबू और अनार के पौधों की भी अच्छी मांग रही और किसानों ने इनकी भी जमकर खरीदारी की। डॉ. सिंह ने बताया कि केवीके द्वारा किसानों को प्रमाणित एवं उन्नत किस्म के फलदार पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं,ताकि कम लागत में बेहतर उत्पादन और अधिक आय सुनिश्चित हो सके। पौधों के साथ किसानों को उनके रोपण, देखभाल, सिंचाई, खाद प्रबंधन तथा रोग एवं कीट नियंत्रण संबंधी वैज्ञानिक जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि फलदार पौधों की बिक्री आगामी दिनों में भी जारी रहेगी। इच्छुक किसान कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचकर निर्धारित दरों पर पौधे प्राप्त कर सकते हैं।

राजद का 30वां स्थापना दिवस मनाया गया, संगठन मजबूत करने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। आईएमए हॉल में रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।समारोह में राजद के संस्थापक लालू प्रसाद यादव के योगदान को याद करते हुए पार्टी नेताओं ने सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और गरीबों के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को रेखांकित किया। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस पूरे बिहार के सभी 38 जिलों में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 29 वर्ष पहले लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना की थी और तब से पार्टी अपने मूल सिद्धांतों पर कायम है। उन्होंने दावा किया कि राजद ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों के सामने समझौता नहीं किया। शक्ति सिंह यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत के बावजूद राजद को लगभग 1 करोड़ 90 लाख वोट मिले, जो जनता के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने सिद्धांतों और लक्ष्यों के प्रति पूरी मजबूती से खड़ी है तथा लालू प्रसाद यादव के विचारों और संदेशों को आगे बढ़ाने का कार्य निरंतर करती रहेगी। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारी में जुटने का संकल्प भी दोहराया।

लोजपा सुप्रीमो रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की मनी जयंती

कौआकोल। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती रविवार को कौआकोल प्रखंड मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि रामविलास पासवान ने अपना पूरा जीवन गरीब, शोषित, दलित एवं वंचित वर्ग के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष माहो पासवान, सोनू पासवान, दुखी पासवान, शलेस मंडल, तुषार कुमार पासवान, रणधीर पासवान, दीपक पासवान, योगेंद्र पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा और सामाजिक एकता पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। नालंदा जिला तैलिक महासभा के तत्वावधान में रविवार को टाउन हॉल में आयोजित भामाशाह सम्मान समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। समारोह में दानवीर भामाशाह के त्याग, राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर समाज के लगभग 70 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।समारोह में बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद, समाज कल्याण मंत्री डॉ. स्वेता गुप्ता, विधानसभा के सचेतक संजीव चैरसिया, विधायक हेमनारायण साह, एमएलसी ललन सर्राफ, विधायक सुनील कुमार पिंटू, पटना की मेयर सीता साहू सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वैश्य समाज का सम्मान और भागीदारी बढ़ी है तथा समाज के लोगों से अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की अपील की। उन्होंने समाज की हर जरूरत में साथ खड़े रहने का भरोसा भी दिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रद्युम्न कुमार ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य समाज को एकजुट कर शिक्षा और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देना है। अध्यक्षता कर रहे प्रो. अनिल कुमार ने भामाशाह को राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और लोककल्याण का प्रतीक बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की। वहीं संजीव चैरसिया और ललन सर्राफ ने शिक्षा, प्रतिभा सम्मान और सामाजिक संगठन को समाज की प्रगति का आधार बताया। समारोह के अंत में समाज की एकता, शिक्षा के व्यापक प्रसार, प्रतिभाओं के सम्मान और भामाशाह के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने तनीषा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सेमीकंडक्टर मिशन के लिए चार जुलाई का ऐतिहासिक दिन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। देश के सेमीकंडक्टर मिशन के लिए चार जुलाई का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब गुजरात के साणंद स्थित सीजी सेमीकान ओसैट प्लांट से भारत की पहली 'मेड इन इंडिया' कमर्शियल सेमीकंडक्टर चिप की खेप अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए रवाना की गई। इस ऐतिहासिक पल की गवाह बनीं जमशेदपुर की बेटी तनीषा गौतम, जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद कर पूरे झारखंड और अपने ननिहाल बिहार का मान बढ़ाया। टी.पी.गौतम और प्रेमलता कुमारी की पुत्री तनीषा (इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर) ने पीएम मोदी को अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि और साणंद प्लांट तक के सफर के बारे में बताया। तनीषा के इस आत्मविश्वास और तकनीकी समझ की प्रधानमंत्री ने मंच से सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि प्लांट में उन्हें "मिनी इंडिया" की झलक दिखी और साधारण परिवारों से आकर आईटीआई या डिप्लोमा के दम पर आधुनिक तकनीक संभाल रहीं झारखंड की बेटियों ने उन्हें विशेष रूप से प्रभावित किया है। तनीषा की इस उपलब्धि से बिहार के नवादा जिला अंतर्गत नारदीगंज प्रखंड के पचेया गांव स्थित उनके ननिहाल में खुशी का माहौल है। नाना अनिल सिंह, नानी बिमला देवी, मामा विकास कुमार और मामी मधु कुमारी ने गर्व जताते हुए कहा कि तनीषा ने देश-विदेश में परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार उर्फ बबलू सिंह, मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने तनीषा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सवर्ण -यादव बैठकी में जुटे सैकड़ों लोग, सामूहिक भोज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। 5 जुलाई दिन रविवार स्थान डॉ० श्री कृष्ण स्मारक हॉल नवादा में सवर्ण यादव बैठकी की गई। जिसकी अध्यक्षता राजेश कुमार श्री नेकी। बैठक में सवर्ण यादव समाज में जो बिना कारण कटुता को समाप्त करने एवं आपसी भाईचारा से एकजुटता से रहने पर चर्चा किया गया। राजेश कुमार श्री ने सवर्ण यादव समाज से अपने संबोधन में कहा कि आज समय आ गया है कि पुरानी बातों को भूल कर आपसी भाईचारा से कदम से कदम मिला कर साथ चलने का। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बिहार सरकार एवं उनके समर्थकों के द्वारा सवर्णों और यादव समाज पर प्रहार कर रही है। एनकाउंटर के नाम पर निर्दोष व्यक्तियों की हत्या किया जा रहा है और सरकार के मुखिया के द्वारा खुलेआम जाति विशेष का नाम लेकर एनकाउंटर के बात बोल रहे हैं। उनके पार्टी के नागमणि और उनके जाति के रुद्र प्रसाद कुशवाहा एवं उनके जाति के नेताओं के द्वारा खुलेआम सवर्णों और यादवों को गाली गलौज एवं प्रभु श्री राम - श्री कृष्ण पर उनके समर्थकों के द्वारा अशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। सवर्ण यादव को उपेक्षा तिरस्कार किया जा रहा। उससे आहत होकर सवर्ण यादव की एकता करना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि ये नेता सवर्ण यादव को आपस में झगड़ा करा कर स्वयं सत्ता पर 21 वर्षों से बैठी है और सत्ता पर बैठ कर सवर्णों और यादवों पर दमन अत्याचार कर रहे। अब समय आ गया है कि हम सभी सवर्ण यादव एक होकर एकजुट होकर अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा एवं आपसी भाईचारा से रहने का संकल्प लें। बैठक में विशुनदेव यादव, मिथिलेश तिवारी, बिपिन बिहारी, राजेश कुमार यादव, दीपक यादव सुरेंद्र यादव रितेश सिंह , दिनेश अकेला, दिलीप सिंह, मनोज कपूर ,संजय यादव, मुकेश सिंह, मुन्ना कुमार, मंटू सिंह इंद्र कुमार सक्सेना, चाँद सिंह, जीतू सिंह, रोशन कुमार, अवधेश सिंह, पप्पू सिंह आदि लोगों अपना विचार प्रकट कर संबोधित किया। बैठक में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। बैठक के बाद सर्वण यादव समाज के लोगों एक साथ एक बैठकर सामूहिक भोजन किया।

तीन साइबर ठग गिरफ्तार, टैबलेट व कई मोबाइल बरामद

महाराष्ट्र-गुजरात समेत कई राज्यों में 200 से अधिक मामले दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धनेश्वर घाट मोहल्ले से तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक टैबलेट, कई मोबाइल फोन तथा अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस तीनों से पूछताछ कर साइबर ठगी के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीप

बंद घर से करीब 50 लाख की चोरी, लाखों के जेवरात और नकदी ले उड़े चोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। शहर के नया बाजार मोहल्ले में चोरों ने दो बंद घरों को निशाना बनाते हुए करीब 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी की चोरी कर ली। पीड़ित अर्जुन प्रसाद और वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। अर्जुन प्रसाद ने बताया कि वह अपने पोते के इलाज के लिए शनिवार को परिवार के साथ पटना गए थे।जब रविवार को घर पहुँचा तो देख की ताला टूटा हुआ है,



घर के बाहर का ताला पहले की तरह बंद था, लेकिन अंदर का ताला तोड़कर चोर घर में घुस गए। घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई। चोर गले की चेन, मंगलसूत्र, पायल सहित अन्य कीमती सोने-चांदी के जेवरात तथा करीब 30 से 35 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 50 लाख रुपये है। वहीं, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता का घर भी करीब एक सप्ताह से बंद था, जिसे भी चोरों ने निशाना बनाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में यह लगातार चौथी चोरी की घटना है, लेकिन अब तक पुलिस किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। घटना की सूचना मिलने के बावजूद करीब एक घंटे तक पुलिस के मौके पर नहीं पहुंचने से लोगों में नाराजगी देखी गई। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की कार्यशैली और रात्रि गश्ती पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में असुरक्षा का माहौल है। इधर, शेरघाटी डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा के परियोजना निदेशक ने संभाला पदभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। जिले के नये जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा के परियोजना निदेशक के रूप में राजीव कुमार ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने उन्हें कार्यभार सौंपते हुए शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण करने के बाद राजीव कुमार ने जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं उप विकास आयुक्त अमित कुमार से शिष्टाचार भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले में कृषि विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कृषि एवं किसान हित से जुड़ी सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि कृषि संबंधी किसी भी समस्या, योजना या तकनीकी जानकारी के लिए वे जिला कृषि कार्यालय से संपर्क करें।

बाल विवाह रोकथाम को लेकर डीएलएसए की ओर से नालसा में जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार । बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर अवर न्यायाधीश- सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार कमलेश सिंह देबू के नेतृत्व में रविवार को प्रखंड



कार्यालय स्थित कृषि विभाग के सभागार में नालसा के तत्वावधान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम, पीड़ितों के पुनर्वास, निःशुल्क विधिक सहायता एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी की उपस्थिति में हुआ। मौके पर अवर न्यायाधीश- सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार कमलेश सिंह देबू ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित योजनाएं समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम हैं। जिसका अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए,जिससे बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।इस दौरान प्रतिनियुक्त पैनल अधिवक्ता गुंजन कुमार सिंह ने विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम, बाल विवाह निषेध कानून, पीड़ितों के संरक्षण, भरण-पोषण एवं पुनर्वास से संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थित सेविका-सहायिकाओं एवं प्रखंड कर्मियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। आयोजित कार्यक्रम में एलएडीसी विजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में कानूनी जागरूकता का विस्तार ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली एवं उसके माध्यम से मिलने वाले त्वरित एवं सुलभ न्याय की भी जानकारी दी।मौके पर तटवासी समाज के सदस्य अमरेश कुमार सिन्हा एवं प्रदीप कुमार ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को पंचायत स्तर तक पहुंचाने पर जोर देते हुए लोगों से बाल विवाह के विरुद्ध आगे आने और समाज को कुरीतियों से मुक्त बनाने का आह्वान किया। पारा विधिक स्वयंसेवक पवन कुमार एवं अविनाश कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कटिहार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता, निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा, पीड़ित प्रतिकर योजना आदि के बारे में बताया।

संक्षिप्त समाचार

गंगा स्नान के क्रम में 17 वर्षीय बालक लापता

मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)। मनिहारी के मुख्य गंगा घाट पर गंगा स्नान करने के दौरान एक 17 वर्षीय किशोर लापता हो गया है। बालक अपने परिजनों के साथ बनमनखी से मनिहारी घाट गंगा स्नान करने आया था। जानकारी के मुताबिक उक्त बालक का नाम अनुराग कुमार साहनी पिता चंदन साहनी है। पूर्णिया जिले के बनमनखी के बस स्टैंड के समीप के रहने वाले हैं। घटना की सूचना मिलते हैं मनिहारी सीओ निहारिका राय ने तुरंत राजस्व कर्मचारी को घटनास्थल पर भेजकर राहत बचाव कार्य आरंभ कराई। गोताखोर एवं नविको के नदी में खोजबीन के लिए लगाया गया है। समाजसेवी करण मानस ने बताया कि वह घटना के समय गंगा तट के आसपास ही था, तभी उसे जानकारी मिली कि एक लड़का डूब गया है।दौड़ कर गंगा घाट पहुंचकर गोताखोर एवं नविको के साथ खोजबीन में जूट गया। अब तक लापता बालक का पता नहीं चला है। यह लोग अपने परिजनों के साथ बनमनखी से मनिहारी गंगा स्नान करने आए थे। दोपहर के बाद यह स्नान कर रहे थे।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हफलागंज शिव मंदिर चौक के रहने वाले राजेश कुमार गुप्ता उर्फ राजू (55) की मौत मोकामा में सड़क दुर्घटना में हो गया। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हैं । बताया जाता हैं कि राजेश मखदुमपुर के रहने वाले एक सहयोगी के साथ मोकामा मजदूरी करने गया था की सड़क दुर्घटना में बीते रात्रि मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद परिजन मोकामा पहुंचे मगर स्थानीय प्रशासन का कोई सहयोग नहीं मिलने के कारण शव को बिना पोस्टमार्टम कराए अस्पताल से कटिहार हफलागंज लेकर आया जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। राजेश के परिवार में उनकी पत्नी, तीन पुत्री एवं एक पुत्र हैं जो बिना पिता के साये से मेहरूम हो गया हैं । परिवार के अकेले कमाने वाले के गुजर जाने से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हैं और सभी का रो रो कर बुरा हाल हैं। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सरकार एवं प्रशासन से सरकारी प्रावधानों के अनुसार आवश्यक मुआवजा देने की मांग की हैं ।

बरंडी नदी में डूबने से पूर्णिया के आईटीआई छात्र की मौत

फलका/कटिहार (नबिटासं)। रविवार को फलका थाना क्षेत्र के रहटा पंचायत के बेलगच्छी गांव समीप बरंडी नदी में नहाने के क्रम में पानी में डूब कर आईटीआई कॉलेज सवैया पूर्णिया के एक अठारह वर्षीय छात्र की मौत हो गयी।मृतक छात्र के शव को स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद पानी से बाहर निकाला गया।मृतक छात्र अखिलेश कुमार (18) सतकोदरिया हरदा जिला पूर्णिया निवासी बताया जाता है। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुखिया राजेश रंजन एवं जिला पार्षद गायत्री कुमारी को दिया। जिसके बाद मुखिया व जिला पार्षद ने फलका पुलिस व अंचल प्रशासन को घटना की जानकारी दिया।सूचना पाकर थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव सदलबल के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गये। घटना के बारे में मृतक के पिता संजय प्रसाद सिंह ने बताया कि उनका पुत्र अखिलेश कुमार आईटीआई कॉलेज सवैया पूर्णिया का छात्र था।मृतक कॉलेज के छात्रावास में ही रहकर पढ़ाई करता था।रविवार को उन्हें सूचना मिली कि अखिलेश कॉलेज के कुछ दोस्तों के साथ फलका थाना क्षेत्र के रहटा पंचायत स्थित बेलगच्छी गांव समीप बरंडी नदी में नहाने गया था।नहाने के क्रम में पैर गहरे पानी में चले जाने से पानी में डूबने से मौत हो गयी। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और मृतक के शरीर पर कई जगह जख्म के निशान मिलने की बताया।

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

कटिहार (नबिटासं)। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से राजेंद्र आश्रम कार्यालय मे एक बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने की। बैठक मे बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सऊद मुखिया,मशरूर आलम मौजूद रहे । बैठक का मुख्य उद्देश्य कटिहार जिला मे नवनिर्वाचित सभी प्रखंड एवं नगर अध्यक्षों के साथ पूरे जिले मे कांग्रेस के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष एवं अपने अपने प्रखंडों की कमिटी के गठन को निश्चित समय पर बनाने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

जाम से कराह रहा गुरुआ बाजार, अतिक्रमण नहीं हटने से बढ़ी लोगों की परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। गुरुआ बाजार में अतिक्रमण और लगातार लगने वाले जाम से आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बाजार में सड़क किनारे अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के कारण हर दिन घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रहा है। इससे ग्रामीणों में प्रशासनिक अधिकारी के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने बाजार से अतिक्रमण हटाकर स्थायी रूप से जाम की समस्या का समाधान करने की मांग की है।



सिंदुआरी में 3 देसी पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। गया से आई विशेष कार्य बल की टीम ने शनिवार देर रात कोंच थाना क्षेत्र के सिंदुआरी गांव में छापेमारी कर अवैध हथियारों की खेप पकड़ी है। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को तीन देसी पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने गांव में दबिश दी। तलाशी के दौरान पंचानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेपा निवासी मुकेश कुमार संदिग्ध अवस्था में मिला। उसकी तलाशी में तीन अवैध देसी पिस्टल, छह मैगजीन और 19 जिंदा कारतूस बरामद हुए। हथियारों को ले जाने में प्रयुक्त एक नेक्सोन कार को भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने मुकेश कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में हथियारों की खरीद-बिक्री, उपयोग और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। यह कार्रवाई एसटीएफ, टिकारी के डीएसपी सुशांत कुमार चंचल और कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने कोंच थाने में कांड संख्या 215/26 दर्ज कर मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

कृषि ट्रांसफॉर्मरों से तांबे की क्वायल व तेल चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। टिकारी प्रखण्ड के अलग अलग जगहों पर चोरों ने शनिवार के देर रात छह कृषि ट्रांसफॉर्मरों को निशाना बनाते हुए उनमें लगी तांबे की क्वायल व तेल चोरी कर ली। इस घटना से बिजली विभाग को करीब साढ़े चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार चोरों ने पंचानपुर थाना क्षेत्र के सवासिन, सहबाजपुर, रूपन बिगहा गाँव के बधार में व टिकारी थाना क्षेत्र के पंचदेवता गाँव से कुल छह स्थानों पर कृषि योजना के तहत लगाए गए ट्रांसफॉर्मरों को पोल से उतार तांबे



की क्वायल व तेल निकाल लिया। घटना के बाद संबंधित क्षेत्रों में किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। मामले की जानकारी पुलिस को मिलते ही पुलिस ने घटना की तफ्तीश की। पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय व टिकारी थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने प्राथमिकी दर्ज कर घटना का उद्भेदन करने का प्रयास शुरू कर दिया। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता हिमांशु कुमार ने टिकारी एवं पंचानपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं ट्रांसफॉर्मर लगाने वाली एजेंसी की ओर से भी एक ट्रांसफॉर्मर से क्वायल व तेल की चोरी को लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। बिजली विभाग ने जल्द कार्रवाई कर चोरी गए सामान की बरामदगी और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। गौरतलब है कि क्षेत्र में यह कोई पहली बड़ी चोरी नहीं है। करीब एक माह पूर्व पुरा थाना क्षेत्र के मुसी गुलरियाचक में भी कृषि ट्रांसफॉर्मर से तेल और तांबे की क्वायल चोरी कर ली गई थी।

जमीन को लेकर दो पक्ष भिड़े, लाठी-डंडे चले, एक महिला समेत कई घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। कोंच थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में रविवार को जमीन को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि दोनों पक्षों के कई लोग भी चोटिल हुए हैं। जानकारी के अनुसार धरहरा गांव में एक ही जमीन पर लंबे समय से दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। रविवार को इसी को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते लाठी-डंडे



चलने लगे।मारपीट में शामिल लोगों ने ईंट-पत्थर और अन्य वस्तुओं का भी इस्तेमाल किया। इस घटना में एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोंच थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

अवैध मिट्टी खनन करते जेसीबी व ट्रैक्टर जब्त 11 लाख 3 हजार रुपये भरना होगा जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

प्राणपुर (कटिहार)। थाना क्षेत्र के प्राणपुर पंचायत अंतर्गत महानंदा बांध से महज कुछ ही दूरी पर शनिवार को अवैध मिट्टी खनन करते खनन विभाग ने एक जेसीबी तथा एक ट्रैक्टर को जब्त कर प्राणपुर पुलिस के हवाले किया है। जानकारी देते हुए खनन निरीक्षक केशव राज ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय के सामने महानंदा बांध की कुछ ही दूरी पर अवैध मिट्टी खनन किये जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन को लेकर चिह्नित जगह पर पहुंचने पर अवैध मिट्टी खनन करते एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर पाया गया।उन्होंने बताया कि जेसीबी तथा ट्रैक्टर को जब्त कर प्राणपुर पुलिस को सुपुर्द किया गया है। खनन निरीक्षक ने बताया कि जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर पर ग्यारह लाख तीन हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध लगातार छापेमारी जारी है। किसी भी कीमत पर अवैध खनन करने वाले को पनपने नहीं दिया जाएगा। विभाग की इस कार्रवाई से जहाँ मिट्टी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।लेकिन लोगों में चर्चा है कि थाना एवं अंचल कार्यालय से थोडी हीं दूरी पर हो रहे अवैध खनन की जानकारी अधिकारी को नहीं होगी।

दो स्वास्थ्य केंद्रों पर डीएम ने किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समेली (कटिहार)। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने रविवार को समेली प्रखंड के दो स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। डीएम के अचानक पहुंचने से स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। छुट्टी के दिन जिला पदाधिकारी के निरीक्षण को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा। निरीक्षण के दौरान डीएम सबसे पहले पश्चिमी चांदपुर पंचायत के चांदपुर दियारा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने अस्पताल भवन, कार्यालय,परिसर की साफ-सफाई और उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। अस्पताल की स्थिति और व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई तथा



मौके पर मौजूद अधिकारियों से आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधे बातचीत कर अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के खुलने और बंद होने का समय, डॉक्टरों एवं एएनएम की उपलब्धता, दवाओं की आपूर्ति, टीकाकरण व्यवस्था तथा मरीजों की संख्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। इसके बाद डीएम पूर्वी चांदपुर पंचायत के चांदपुर चौक स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहुंचे, जहां उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मरीजों की उपस्थिति और उपचार संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से बाहर न जाना पड़े। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य संस्थानों में बिहार सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, दवा उपलब्धता और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर कटिहार अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार यादव, पोठिया थाना के अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित थे। डीएम के निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में व्यवस्थाओं को लेकर गंभीरता बढ़ी है और अधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

चिल्ड्रन पार्क जल्द ही शुल्क के साथ आम लोगों के लिए होगा शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। नगर परिषद क्षेत्र स्थित चिल्ड्रन पार्क में जल्द ही शुल्क के साथ आम लोगों का प्रवेश शुरू होगा। पार्क के संचालन को लेकर नगर परिषद प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। लंबे समय बाद पार्क को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने की पहल की गई है, जिससे बच्चों के साथ-साथ सुबह-शाम टहलने और व्यायाम करने आने वाले लोगों को भी बेहतर सुविधा मिल सकेगी। पार्क में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और खेल सामग्री लगाई गई है। वहीं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए ओपन जिम के कई आधुनिक उपकरण भी लगाए गए हैं। पार्क का आकर्षण बढ़ाने के लिए फाउंटेन की भी व्यवस्था की गई है। नगर परिषद के अनुसार तीन वर्ष से कम आयु के बच्चों का प्रवेश निशुल्क रहेगा, जबकि अन्य सभी लोगों से प्रति व्यक्ति 5 रुपया प्रवेश शुल्क लिया जाएगा। नियमित रूप से सुबह व्यायाम करने आने वाले लोगों के लिए 50 रुपया मासिक शुल्क पर पास जारी किया जाएगा। यह पास प्रतिदिन सुबह 4 बजे से 8 बजे तक मान्य रहेगा। वहीं पार्क की सुरक्षा एवं रखरखाव के लिए छह सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। पार्क प्रतिदिन सुबह 4 बजे से रात 9 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। जानकारी हो कि इससे पहले भी इस पार्क में लाखों रुपये की लागत से बच्चों के खेलने के उपकरण, झूले और ओपन जिम की सामग्री लगाई गई थी। हालांकि समय पर उचित रखरखाव नहीं होने के कारण अधिकांश संसाधन क्षतिग्रस्त हो गए थे। संसाधन की सुरक्षा, पार्क में व्यवस्था बनाये रखने को लेकर नप प्रशासन द्वारा व्यवस्थित ढंग से टिकट से प्रवेश की अनुमति देने की शुरूआत की जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार झा ने बताया कि शहर में आम जनों की सुविधा को लेकर कई तरह के प्रोजेक्ट लाये गये है। सार्वजनिक सम्पति को सुरक्षित रखने में आमजन का भी सहयोग अपेक्षित है। बुधवार से टिकट से प्रवेश देने की व्यवस्था की शुरूआत कर दी जाएगी।

संपादकीय

हमारी कूटनीति पर सवाल

यूं तो ईरान-अमेरिका संघर्ष के बीच भारत की विदेश नीति पर सवाल पहले भी उठते रहे हैं, लेकिन हाल में दो साल पहले तक अंतरराष्ट्रीय राजनीति में लगभग हाशिए पर चल रहा पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब फ्रंट फुट पर खेल रहा है। यूं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में काम करने का आरोप विपक्ष पहले ही लगा रहा था, लेकिन अब बदले हालात में पाकिस्तान ने जिस तरह एक दूसरे के दुश्मन अमेरिका और ईरान को कुशलता से साधा है, वह न सिर्फ चौंकाने वाला है, बल्कि कूटनीतिक जगत में यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि जब पाकिस्तान ऐसा कर सकता है तो भारत क्यों नहीं कर सकता? खासकर इसलिए हमारे दोनों देशों से अच्छे सम्बंध रहे हैं और ईरान के साथ तो सदियों पुराने सांस्कृतिक, सामाजिक रिश्ते हैं। फिलहाल जो हो रहा है, उसका साफ संदेश यह है कि भार की कूटनीति इजराइल और अमेरिका के पक्ष में झुकी है। इस दृष्टिकोण को इस बात से भी बल मिला कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खेमेनेई के अंतिम संस्कार में बुलावे के बाद भी प्रधानमंत्री अथवा कोई शीर्ष नेता को न भेजा जाकर बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन की अगुवाई में दो सदस्यीय दल को भेजा जा रहा है। दूसरे सदस्य पवित्र मार्गरीटा केन्द्रीय राज्य मंत्री हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अयातुल्लाह अली खेमेनेई का अंतिम संस्कार 9 जुलाई को है। ईरान इसे एक भव्य आयोजन का रूप दे रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री के अलावा उसने भारत के कुछ अन्य नेताओं को भी व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया है। जबकि पाकिस्तान की ओर से वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अंतिम संस्कार में शामिल होने की खबर है। उल्लेखनीय है कि ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद वहां के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह रुहोल्लाह खुमैनी के अंतिम संस्कार में शामिल होने पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति ग़ुलाम इसहाक़ ख़ान गए थे। हालांकि तब भी भारत की तरफ़ से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति शामिल नहीं हुए थे। भारत से इस बार भी कोई शीर्ष का नेता नहीं जाएगा। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि अयातुल्लाह किसी संवैधानिक पद पर नहीं थे, इसलिए कोई बड़ा नेता उनके अंतिम संस्कार में नहीं जा रहा है। लेकिन इसी संदर्भ में पाकिस्तान की भूमिका का महत्व इसलिए है, क्योंकि तब भी पाकिस्तान शीत युद्ध वाले अमेरिकी खेमे में था और अमेरिका-ईरान के इस्लामिक शासन के खिलाफ़ था। और उस वक़्त भी अमेरिका और ईरान दोनों का भरोसेमंद साथी था। यही नहीं पाकिस्तान ऐतिहासिक रूप से सऊदी अरब के क़रीब रहते हुए भी ईरान से क़रीबी बनाए रखने में कामयाब रहा है। पाकिस्तान एक साथ ईरान और अमेरिका दोनों का भरोसा जीतने में कामयाब रहा है जबकि तेहरान और वॉशिंगटन दोनों एक-दूसरे को फूटी आंखों नहीं सुहाते हैं। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर की ईरान भी तारीफ़ करते हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी उन्हें पसंद करते हैं, भले ही इसके पीछे कारण जो हों। यह सही है कि दुनिया में पाकिस्तान को रणनीतिक रूप से एक अहम देश के रूप में देखा जाता है। उसकी भौगोलिक स्थिति उसे ऐसी रणनीतिक प्रासंगिकता देती है, जो अमेरिका के साथ तनावपूर्ण दौर में भी बनी रहती है। लिहाजा इस्लामाबाद ने इसराइल के साथ अपने रिश्तों पर कोई रियायत दिए बिना खुद को एक बड़े कूटनीतिक घटनाक्रम के केंद्र में ला खड़ा किया है। पाकिस्तान इसराइल के अस्तित्व को नकारता है फिर भी अमेरिका का उसके प्रति भरोसा कम नहीं हुआ। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि भारत विदेश नीति के मोर्चे पर कहीं चूक गया?

भारत की एकता और प्रगति के लिए समर्पित जीवन

युवा श्यामा प्रसाद का जन्म ऐसे परिवेश में हुआ था, जहाँ उन्हें आसानी से एक सुरक्षित और आरामदायक जीवन मिल सकता था। उनके पिता, सर आशुतोष मुखर्जी, अपने समय के प्रमुख शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों में से एक थे। भाग्य ने उन्हें सुख-सुविधाओं का मार्ग दिखाया, इसके बावजूद, उनकी अंतरात्मा ने उन्हें त्याग और राष्ट्र-सेवा के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्हें पक्का यकीन था कि वे अपने समय की उथल-पुथल भरी परिस्थिति में मूकदर्शक बने नहीं रह सकते, —चाहे वह उपनिवेशवाद, सांप्रदायिकता या मानवीय चुनौतियों के खिलाफ लड़ाई ही क्यों न हो।



नरेन्द्र मोदी
भारत के प्रधानमंत्री

आज, 6 जुलाई, उन अनगिनत लोगों के लिए एक विशेष दिन है, जो देशभक्ति और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों को मानते हैं। हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मना रहे हैं, जिनका जीवन साहस और माँ भारती के प्रति अटूट समर्पण का एक कालातीत उदाहरण है। आधुनिक भारत में ऐसे बहुत कम नेता हुए हैं, जिनमें बुद्धि, जनसेवा और नैतिक दृढ़ता का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला हो।

युवा श्यामा प्रसाद का जन्म ऐसे परिवेश में हुआ था, जहाँ उन्हें आसानी से एक सुरक्षित और आरामदायक जीवन मिल सकता था। उनके पिता, सर आशुतोष मुखर्जी, अपने समय के प्रमुख शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों में से एक थे। भाग्य ने उन्हें सुख-सुविधाओं का मार्ग दिखाया, इसके बावजूद, उनकी अंतरात्मा ने उन्हें त्याग और राष्ट्र-सेवा के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्हें पक्का यकीन था कि वे अपने समय की उथल-पुथल भरी परिस्थिति में मूकदर्शक बने नहीं रह सकते, —चाहे वह उपनिवेशवाद, सांप्रदायिकता या मानवीय चुनौतियों के खिलाफ लड़ाई ही क्यों न हो। इस यात्रा में उन्होंने गहरी व्यक्तिगत त्रासदियों का सामना किया, जिसमें एक शिशु और बाद में उनकी पत्नी की मौत शामिल है। तथापि, इन त्रासदियों ने केवल उनके संकल्प को और सुदृढ़ किया और सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

अगर कोई एक आदर्श था, जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सार्वजनिक जीवन को सबसे ज्यादा परिभाषित करता था, तो वह था भारत की अखंडता। विभाजन के उथल-पुथल भरे दौर में वे मजबूती से डटे रहे और सुनिश्चित किया कि पश्चिम बंगाल भारत का एक अभिन्न अंग बना रहे। कुछ साल बाद, यही विश्वास उन्हें जम्मू और कश्मीर की ओर ले गया। कारावास ने उन्हें हतोत्साहित नहीं किया और अलगाव ने उन्हें कमजोर नहीं किया। उनका जीवन हिरासत में अचानक समाप्त हो गया, उन अनगिनत लोगों से दूर - जिनकी पीड़ा को उन्होंने अपना उद्देश्य बनाया था। इतिहास में ऐसे पल आते हैं, जब किसी व्यक्ति का अंतिम बलिदान राजनीति से परे जाकर राष्ट्रीय स्मृति में शामिल हो जाता है। डॉ. मुखर्जी की अंतिम यात्रा भी ऐसा ही एक पल रही। आचार्य विनोबा भावे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने उस मकसद के लिए खुद को बलिदान कर दिया, जिसमें उन्हें विश्वास था। सालों बाद, 2019 में अनुच्छेद 370 और 35(ं) को रद्द करना उनकी शहादत के प्रति सबसे सच्ची श्रद्धांजलि थी।

डॉ. मुखर्जी ने भारत और भारतीय मूल्यों को सबसे ऊपर रखा। उन्होंने ऐसे संस्थान बनाए और ऐसी प्रणालियाँ विकसित कीं, जो उस समय की पारंपरिक सोच को चुनौती देती थीं। वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। अपने विशिष्ट अंदाज़ में, उन्होंने ऐसे सकारात्मक बदलाव किए, जो देशभक्तिपूर्ण और भविष्योन्मुखी थे।



शिक्षाविदों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, डॉ. मुखर्जी ने बहुत अच्छे तरीके से इस बात को व्यक्त किया- ÷शैक्षिक संस्थानों को केवल लिपिक और कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों का उत्पादन करने वाली फैक्ट्रियों के रूप में देखना गलत है। हमें ऐसे छात्र तैयार करने होंगे, जो हमारे स्व-शासी संस्थानों - जैसे नगर निगम, प्रांतीय और केंद्रीय विधायिका - का नेतृत्व कर सकें और साथ ही जीवन के विभिन्न क्षेत्रों - जैसे वित्तीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक - में कामकाज का संचालन कर सकें।÷

उनके नेतृत्व में, कलकत्ता विश्वविद्यालय ने अनूठे प्रयास किए, जैसे पुस्तकालय अवसंरचना में सुधार करना, विज्ञान में शोध को बढ़ावा देना, कलाकृतियों के अध्ययन को प्रोत्साहित करना और कृषि में पाठ्यक्रम स्थापित करना, आदि। उन्होंने खेल, शिक्षक प्रशिक्षण और छात्र कल्याण जैसे क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया। छात्रों और पूर्व छात्रों में गर्व की भावना जगाने के लिए, उन्होंने 24 जनवरी को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के तौर पर मनाने की शुरुआत की। उन्होंने स्वयं गुरुदेव टैगोर से विश्वविद्यालय के लिए एक गीत की रचना करने का आग्रह किया।

उनकी इस भावना का एक अन्य उदाहरण, उनके जीवन के बाद के दौर में देखने को मिलता है, जब उन्होंने भारतीय जनसंघ बनाने का फैसला किया। एक ऐसे समय, जब कांग्रेस पार्टी का हर जगह बोलबाला था, उन्हें लगा कि भारत की प्रगति के लिए एक ऐसे वैकल्पिक आवाज बनाने के कारण मौजूद हैं, जो हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी हो। शायद यह उचित ही था कि पार्टी का चुनाव चिह्न 'दीया' - मिटटी का दीपक - रखा गया। एक छोटा सा दीपक साधारण लग सकता है, लेकिन इसमें इतनी ताकत होती है कि यह अपने से बहुत दूर तक अंधकार को दूर कर सकता है। जनसंघ ने भी ठीक यही काम किया— चाहे उनके सक्रिय रहने के दौरान हो या उसके बाद हो।

भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री के तौर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का कार्यकाल एक ऐसे राजनेता की छवि पेश करता है, जिनके विकास का दृष्टिकोण बहुत व्यापक और मानवीय था। उन्होंने उद्योग को नव स्वतंत्र राष्ट्र में सम्मान, अवसर और आत्मविश्वास को पुनर्स्थापित करने का साधन माना। वे धन सृजन और मूल्य संवर्धन का सम्मान करते थे। दामोदर घाटी निगम, सिंदरी उर्वरक संयंत्र और एक मजबूत औद्योगिक नीति जैसी महत्वपूर्ण पहलों के माध्यम से आधुनिक औद्योगिक भारत की आधारशिला रखते हुए, उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि भारत की पारंपरिक खूबियों की अनदेखी न हो। हथकरघा, कुटीर उद्योगों, कारीगरों और वस्त्र मज़दूरों को डॉ. मुखर्जी के रूप में एक ऐसा समर्थक मिला, जो उनके लिए पूरी तरह समर्पित था।

यहाँ, मैं एक व्यक्तिगत अनुभव साझा करना चाहूँगा। सिंदरी संयंत्र, जिसे डॉ. मुखर्जी ने आत्मनिर्भरता की स्पष्ट दृष्टि के साथ स्थापित किया था, को उन लोगों ने नजरअंदाज किया, जो कई दशकों तक राष्ट्र चला रहे थे। मुझे गर्व महसूस होता है कि हमारी सरकार को इसके पुनरुद्धार में योगदान देने का अवसर मिला। उस कार्यक्रम में उपस्थिति, वास्तव में मेरे लिए सबसे खास पलों में से एक थी।

भारत की सभ्यतागत परंपरा में लंबे समय से संवाद और चर्चा को महत्त्व दिया गया है। डॉ. मुखर्जी इस लोकतांत्रिक भावना के प्रतीक थे। वे पंडित नेहरू की कैबिनेट में शामिल हुए, क्योंकि उनका मानना ??था कि शुरुआती वर्षों में राष्ट्र-निर्माण का काम राजनीतिक मतभेदों से कहीं ऊपर था। उन्होंने ईमानदारी और रचनात्मक भावना के साथ सेवा की। लेकिन जब उन्हें लगा कि राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों के लिए अलग रास्ते की ज़रूरत है, तो उन्होंने सम्मान के साथ अपना पद त्याग दिया और पूरी तरह से उस राजनीतिक काम के लिए समर्पित हो गए, जिसे वे राष्ट्र के लिए आवश्यक मानते थे।

75 साल पहले, पंडित नेहरू पहला संशोधन लाए थे, जो अभिव्यक्ति की आज़ादी पर सीधा हमला था। डॉ. मुखर्जी इसके कट्टर आलोचकों में से एक थे। वे अच्छी तरह समझते थे कि कांग्रेस क्या कर सकती है और वे सही साबित हुए। जिन लोगों ने 75 साल पहले पहला संशोधन किया था, उन्होंने ही 1975 में आपातकाल लगाया और 50 साल पहले 42वां संशोधन अधिनियम लेकर आये, जिसने एक बार फिर उदारवादी लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव पर चोट की।

डॉ. मुखर्जी मानवतावादी कार्यों के लिए भी जाने जाते थे। जब 1943 में बंगाल में सबसे भयंकर अकाल पड़ा, डॉ. मुखर्जी प्रभावित लोगों की सेवा में पूरी तरह जुट गए। उन्होंने लोगों को खाना खिलाने के लिए कई कैंटीन और राहत केंद्र खुलवाए। एक तरफ, वे अपने लोगों की हालत देखकर बहुत दुखी थे, तो दूसरी तरफ, औपनिवेशिक शासकों की संवेदनहीनता ने उन्हें झकझोर दिया। उन्होंने एक किताब भी लिखी, %पंचासेर मन्वंतर%, जिसमें उन्होंने अपना आक्रोश व्यक्त किया। जब 1942 में मेदिनीपुर में ज़बरदस्त चक्रवात आया, तो हालात को सामान्य करने में उनकी कोशिशों की व्यापक रूप से सराहना हुई।

कोलकाता के एक कॉलेज के अपने संबोधन में डॉ. मुखर्जी ने युवाओं से आग्रह किया, ÷आप जो भी काम करें, उसे गंभीरता से, पूरी तरह से और अच्छी तरह से करें; इसे कभी भी आधा-अधूरा या बिना किये न छोड़ें, जब तक आप इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ न दे दें, तब तक खुद को संतुष्ट महसूस न करें।÷ जैसे-जैसे भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है, हम उन्हें सबसे अच्छी श्रद्धांजलि इस रूप में दे सकते हैं कि हम मजबूत, एकजुट, आत्मविश्वासी और सहानुभूतिपूर्ण भारत के निर्माण के लिए हर दिन प्रयास करें, जिसमें वे बहुत गहराई से विश्वास करते थे। और आज के युवाओं को समझते हुए, मुझे यकीन है कि वे इस अवसर पर आगे आएंगे और बिल्कुल वैसा ही प्रयास करेंगे।

अध्यात्म

आत्मारामी ब्रह्मवेत्ता महापुरुष जगत को तीर्थरूप बना देते हैं

दो संन्यासी युवक यात्रा करते-करते किसी गाँव में पहुँचे। लोगों से पूछा: हमें एक रात्रि यहाँ रहना है। किसी पवित्र परिवार का घर दिखाओ। लोगों ने बताया कि वह एक चाचा का घर है। साधु-महात्माओं का आदर सत्कार करते हैं। अखिल ब्रह्माण्डमां एक तुं श्रीहरि का पाठ उनका पक्का हो गया है। वहाँ आपको ठीक रहेगा। उन्होंने उन सज्जन चाचा का पता बताया। दोनों संन्यासी वहाँ गये। चाचा ने प्रेम से सत्कार किया, भोजन कराया और रात्रि-विश्राम के लिए बिछौना दिया। रात्रि को कथा-वार्ता के दौरान एक संन्यासी ने प्रश्न किया- आपने कितने तीर्थों में स्नान किया है? कितनी तीर्थयात्राएँ की हैं? हमने तो चारों धाम की तीन-तीन बार यात्रा की है। चाचा ने कहा- मैंने एक भी तीर्थ का दर्शन या स्नान नहीं किया है। यहीं रहकर भगवान का भजन करता हूँ और आप जैसे भगवत्स्वरूप अतिथि पधारते हैं तो सेवा करने का मौका पा लेता हूँ। अभी तक कहीं भी नहीं गया हूँ। दोनों संन्यासी आपस में विचार करने लगे: ऐसे व्यक्ति का अन्न खाया! अब यहाँ से चले जायें तो रात्रि कहाँ बितायेंगे? यकायक चले जायें तो उसको दुःख भी होगा। चलो, कैसे भी करके इस विचित्र वृद्ध के यहाँ रात्रि बिता दें। जिसने एक भी तीर्थ नहीं किया उसका अन्न खा लिया, हाय! आदि-आदि। इस प्रकार विचारते हुए वे सोने लगे लेकिन नींद कैसे आवे! करवटें बदलते-बदलते मध्यरात्रि हुई। इतने में द्वार से बाहर देखा तो गौ के गोबर से लीपे हुए बरामदे में एक काली गाय आयी... फिर दूसरी आयी... तीसरी, चौथी... पाँचवीं... ऐसा करते-करते कई गायें आयीं। हरेक गाय वहाँ आती, बरामदे में लोटपोट होती और सफेद हो जाती तब अदृश्य हो जाती। ऐसी कितनी ही काली गायें आयीं और सफेद होकर विदा हो गयीं। दोनों संन्यासी फटी आँखों से देखते ही रह गये। वे दंग रह गये कि यह क्या कौतुक हो रहा है! आखिरी गाय जाने की तैयारी में थी तो उन्होंने उसे प्रणाम करके पूछा: हे गौ माता! आप कौन हो और यहाँ कैसे आना हुआ? यहाँ आकर आप श्वेतवर्ण हो जाती हो इसमें क्या रहस्य है? कृपा करके आपका परिचय दें। गाय बोलने लगी- हम गायों के रूप में सब तीर्थ हैं। लोग हममें गंगे हर.. यमुने हर... नर्मदे हर.. आदि बोलकर गोता लगाते हैं। हममें अपने पाप धोकर पुण्यात्मा होकर जाते हैं और हम उनके पापों की कालिमा मिटाने के लिए द्वन्द्व-मोह से विनिर्मुक्त आत्मज्ञानी, आत्मा-परमात्मा में विश्रान्ति पाये हुए सत्पुरुषों के आँगन में आकर पवित्र हो जाते हैं। हमारा काला बदन पुनः श्वेत हो जाता है। तुम लोग जिनको अशिक्षित, गँवार, बूढ़ा समझते हो वे बुजुर्ग तो जहाँ से तमाम विद्याएँ निकलती हैं उस आत्मदेव में विश्रान्ति पाये हुए आत्मवेत्ता संत हैं। तीर्थी कुर्वन्ति जगतीं! ऐसे आत्मारामी ब्रह्मवेत्ता महापुरुष जगत को तीर्थरूप बना देते हैं। अपनी दृष्टि से, संकल्प से, संग से जन-साधारण को उन्नत कर देते हैं। ऐसे पुरुष जहाँ ठहरते हैं, उस जगह को भी तीर्थ बना देते हैं। जैन धर्म ने ऐसे पुरुषों को तीर्थंकर (तीर्थ बनाने वाले) कहा है।

सुरक्षित डिजिटल परिधि से मजबूत होगा भारत

कुछ समय पहले देश में कई बड़े बैंकिंग संस्थानों और सरकारी वेबसाइटों पर साइबर हमलों की खबरें चर्चा का विषय बनीं। इसी प्रकार विश्व के अनेक देशों में बिजली ग्रिड, अस्पतालों और परिवहन तंत्र पर हुए साइबर हमलों ने यह स्पष्ट कर दिया कि आज युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी लड़े जा रहे हैं। भारत तेज़ी से पाँच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में केवल डेटा की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि उस अदृश्य डिजिटल ट्रैफिक की निगरानी भी आवश्यक हो गई है, जो हमारे महत्वपूर्ण संस्थानों के भीतर और बाहर लगातार प्रवाहित हो रहा है। यही वह चुनौती है, जिस पर अब गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

डिजिटल युग ने जीवन को जितना सरल बनाया है, उतना ही जटिल भी। आज सरकारी कार्यालयों, बैंकों, बिजली संयंत्रों, रेलवे, हवाई अड्डों और रक्षा प्रतिष्ठानों का अधिकांश कार्य डिजिटल नेटवर्क पर निर्भर है। इन संस्थानों में अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा व्यवस्था तो होती है, लेकिन एक ऐसा कमजोर पक्ष भी मौजूद है, जिस पर अक्सर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। यह कमजोर कड़ी कर्मचारियों, ठेकेदारों और आगंतुकों के निजी मोबाइल फोन तथा अन्य व्यक्तिगत डिजिटल उपकरण हैं। यही उपकरण कई बार सुरक्षित नेटवर्क और सार्वजनिक इंटरनेट के बीच एक अनदेखे पुल का काम करने लगते हैं।

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'क्रॉस-मीडियम सिक्योरिटी' की समस्या मानते हैं। मान लीजिए कि किसी बैंक या बिजली संयंत्र में कार्यरत कर्मचारी अपने कंप्यूटर की गोपनीय जानकारी का स्क्रीनशॉट लेकर अपने निजी मोबाइल में सुरक्षित कर लेता है और बाद में किसी निजी क्लाउड सेवा या मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर देता है। यह पूरा कार्य संस्थान के सुरक्षित नेटवर्क से बाहर होता है, इसलिए अधिकांश सुरक्षा प्रणालियाँ इसे पहचान ही नहीं पातीं। परिणामस्वरूप अत्यंत संवेदनशील जानकारी बिना किसी तकनीकी अलार्म के बाहर चली जाती है। आज साइबर अपराधियों की रणनीति भी बदल चुकी है। पहले वे सीधे कंप्यूटर नेटवर्क में सेंध लगाने का प्रयास करते थे, लेकिन अब वे इंसानों और उनके निजी उपकरणों को निशाना बना रहे हैं। फिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग, नकली मोबाइल ऐप और क्लाउड सेवाओं के माध्यम से गोपनीय सूचनाएँ आसानी से चुराई जा रही हैं। ऐसे हमले किसी भी संस्था के लिए आर्थिक, प्रशासनिक और राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी गंभीर संकट पैदा कर सकते हैं।

यह समस्या केवल डेटा चोरी तक सीमित नहीं है। यदि किसी बिजली ग्रिड, रेलवे नेटवर्क, रक्षा परियोजना या बैंकिंग प्रणाली से जुड़ी गोपनीय जानकारी गलत हाथों में पहुँच जाए, तो उसका प्रभाव पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। उत्पादन रुक सकता है, वित्तीय लेन-देन बाधित हो सकते हैं, जनता का विश्वास डगमगा सकता है और विदेशी निवेशकों का भरोसा भी कमजोर पड़ सकता है। इसलिए डिजिटल सुरक्षा अब केवल सूचना प्रौद्योगिकी का विषय नहीं रही, बल्कि आर्थिक विकास और राष्ट्रीय संप्रभुता का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। हालाँकि इस विषय का दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रत्येक नागरिक को निजता का अधिकार प्राप्त है, जिसे भारतीय संविधान और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून ने भी मान्यता दी है। इसलिए सुरक्षा के नाम पर कर्मचारियों के निजी जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप उचित नहीं माना जा सकता। यही कारण है कि डिजिटल सुरक्षा और व्यक्तिगत गोपनीयता के बीच संतुलन बनाना आज सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

अगर हम इसके समाधान की बात करें तो वह अंधाधुंध निगरानी नहीं, बल्कि बुद्धिमत्तापूर्ण तकनीकी व्यवस्था में छिपा है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि महत्वपूर्ण संस्थानों के भीतर व्यक्तिगत मोबाइल उपकरणों के लिए अलग और नियंत्रित वायरलेस नेटवर्क उपलब्ध कराया जाए। इस व्यवस्था में कर्मचारियों की निजी बातचीत, संदेश या तस्वीरों की निगरानी नहीं होगी, बल्कि केवल यह देखा जाएगा कि कोई उपकरण किसी संदिग्ध विदेशी सर्वर या खतरनाक वेबसाइट से संपर्क तो नहीं कर रहा। यदि ऐसा प्रयास होता है, तो सुरक्षा प्रणाली तुरंत उस कनेक्शन को रोक सकती है और संबंधित अधिकारियों को सतर्क कर सकती है। इससे व्यक्ति की निजता भी सुरक्षित रहती है और संस्थान की सुरक्षा भी मजबूत होती है। दुनिया के अनेक विकसित देशों में ऐसी तकनीकों का उपयोग पहले से किया जा रहा है। रक्षा प्रतिष्ठानों, परमाणु संयंत्रों और संवेदनशील अनुसंधान संस्थानों में व्यक्तिगत उपकरणों के उपयोग को नियंत्रित किया जाता है। भारत में भी अब इस दिशा में व्यापक नीति बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। विशेष रूप से ऊर्जा, बैंकिंग, दूरसंचार, परिवहन, अंतरिक्ष, रक्षा और डिजिटल भुगतान जैसे क्षेत्रों में ऐसी व्यवस्थाएँ भविष्य की अनिवार्यता बन सकती हैं। हम देखते हैं कि इसका एक महत्वपूर्ण आर्थिक पक्ष भी है।



आज विदेशी निवेशक केवल बाजार का आकार नहीं देखते, बल्कि यह भी परखते हैं कि किसी देश का डिजिटल ढाँचा कितना सुरक्षित है। यदि भारत अपनी महत्वपूर्ण डिजिटल अवसंरचना को अधिक सुरक्षित बनाता है, तो इससे विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा। वैश्विक कंपनियाँ अपने अनुसंधान केंद्र, डेटा सेंटर और विनिर्माण इकाइयाँ भारत में स्थापित करने के लिए अधिक उत्साहित होंगी। इस प्रकार साइबर सुरक्षा प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में भी योगदान दे सकती है।

सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (ष्टश्वत्रस्स-ढ्ढठ्ठ), राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम और विभिन्न साइबर सुरक्षा दिशानिर्देश इसी दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास हैं। फिर भी बदलती तकनीक के साथ नीतियों और कानूनों को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता बनी रहेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी नई तकनीकों के विस्तार के साथ साइबर जोखिम भी लगातार बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही केवल तकनीकी उपाय पर्याप्त नहीं होंगे। कर्मचारियों को नियमित साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण देना, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाना, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना, संदिग्ध लिंक और ऐप से बचना तथा डेटा साझा करने के नियमों का पालन करना भी उतना ही आवश्यक है। अधिकांश साइबर घटनाएँ तकनीकी कमजोरी से अधिक मानवीय लापरवाही का परिणाम होती हैं। इसलिए जागरूकता ही सबसे प्रभावी सुरक्षा कवच है।

आज डिजिटल दुनिया में बहने वाला अदृश्य डेटा भी उतना ही मूल्यवान है जितना किसी देश का प्राकृतिक संसाधन या आर्थिक पूंजी। यदि इस अदृश्य डिजिटल ट्रैफिक की समय रहते निगरानी और सुरक्षा नहीं की गई, तो इसका दुष्प्रभाव राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास और नागरिकों के विश्वास, तीनों पर पड़ सकता है। इसलिए आवश्यकता ऐसी संतुलित नीति की है, जो एक ओर व्यक्तिगत गोपनीयता का सम्मान करे और दूसरी ओर महत्वपूर्ण डिजिटल अवसंरचना को मजबूत सुरक्षा प्रदान करे। सुरक्षित डिजिटल सीमाएँ ही भविष्य के आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक भारत की वास्तविक आधारशिला बनेंगी।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष
परिवार में सबकुछ अच्छा ही रहेगा। आज आप अपने विचारों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। आज आपको शुभ सूचना मिल सकती है।

वृषभ
कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा। सन्तान के साथ अच्छा समय बितायेंगे। ऑफिस के काम से आपको यात्रा करनी पड़ेगी।

मिथुन
आज आपसे मिलने के लिये मित्र घर आ सकते हैं। आय के साथ अचानक खर्चे सामने आयेंगे। जीवनसाथी से अपने सम्बन्ध बेहतर रखें।

कर्क
नये कारोबार की शुरुआत करना बेहतरीन रहेगा। राजनीतिक लोगों को उच्चपद प्राप्त हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों में सामंजस्य में प्रगाढ़ता का आनन्द लेंगे।

सिंह
सभी काम व्यवस्थित ढँग से पूर्ण हो जायेंगे। परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अपेक्षा से अधिक धन-लाभ हो सकता है।

कन्या
महिलायें अपने करियर को लेकर चिन्तित हो सकती हैं। उलझे हुये मामलों को समझदारी से सुलझा लेंगे। बच्चों की जरूरतों के लिये आप धन खर्च कर सकते हैं।

तुला
आज दिन की शुरुआत कमजोर हो सकती है। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें तो हितकर होगा। व्यापार में थोड़ी कमजोर स्थिति रहेगी।

वृश्चिक
कारोबार में इच्छानुसार परिवर्तन कर सकते हैं। नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। व्यर्थ के विचारों से दूरी बनाकर रखें।

धनु
सम्पत्ति में निवेश के लिये दिन सुखद रहेगा। भविष्य को ध्यान में रखते कुछ बड़े निर्णय लेंगे। परिवार के लोग आपसे असन्तुष्ट हो सकते हैं। कुछ लोग आपके व्यक्तिगत कार्यों में हस्तक्षेप करेंगे।

मकर
यदि अस्वस्थ हैं तो चिकित्सीय परामर्श अवश्य ले लें। विद्वान लोगों से सम्पर्क बढ़ेगा। नये व्यवसाय में धन निवेश कर सकते हैं। जीवनसाथी काफी रोमान्टिक मूड में रहेगा।

कुंभ
आज कब्ज और गैस की समस्या परेशान कर सकती है। विदेश में रह रहे मित्रों से लम्बी चर्चा होने की सम्भावना है। घनिष्ठ लोगों से मनमुटाव होने की आशंका है।

मीन
किसी पुराने मित्र से आज मुलाकात हो सकती है। घर में बदलाव और सजावट सम्बन्धी कार्य करवा सकते हैं। बच्चों के एडमीशन आदि को लेकर कुछ योजना बनायेंगे।

संक्षिप्त समाचार

ऑटो लूटने का प्रयास, चालक को किया अधमरा

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ललितपुर गांव के पास असामाजिक तत्वों ने दिन-दहाड़े ऑटो लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर चालक को पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। वहीं चालक से 4500 रुपए भी छीन लिये। इस संबंध में पंडारक के टाडापर गांव निवासी शशि शंकर कुमार ने बताया कि 5 दिन पूर्व पैसेंजर बैठाने को लेकर रास्ते में कुछ लोगों के साथ झगड़ा हुआ था। इसी को लेकर जब वह पैसेंजर को लेकर जा रहा था, इसी दौरान ललितपुर गांव के पास घात लगाए अपराधियों ने उसकी गाड़ी लूटने का प्रयास किया। इस संबंध में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि कोंदी रोड में पुलिस गश्त सही तरीके से नहीं होने से अपराध में इजाफा हो रहा है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

दवा लाने जा रहे युवक को पिस्तौल दिखाकर दी धमकी

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ थाने के बुढनीचक विश्वकर्मा मंदिर के पास कुछ लोगों ने घर से दवा लाने जा रहे कुश कुमार को घेर कर पिस्तौल दिखाकर धमकी दी। वहीं मारपीट करते हुए बेहोश कर दिया। इस घटना के बाद दूसरे दिन आरोपियों ने घर पर चढ़कर जान मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाने में पीड़ित के द्वारा आवेदन दिया गया। लेकिन शिकायत पत्र गायब हो गया ।इसके बाद दोबारा आवेदन देने पर केस दर्ज किया गया है।

टेंपो स्टैंड में तोड़फोड़ को लेकर दस दिन बाद केस दर्ज

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ के कोंदी रोड में स्थित टेंपो स्टैंड में वर्चस्व कायम करने को लेकर तोड़फोड़ कर चालकों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने 10 दिन बाद केस दर्ज किया है। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। घटना को लेकर कई दिनों से दहशत बना हुआ था। इस संबंध में पंडारक के टाडा पर गांव निवासी राजवर्धन कुमार यादव ने बताया कि कोंदी टेंपो स्टैंड में उसके गाड़ी पर ललन यादव, प्रहलाद यादव निवासी बासोबागी गांव ने आकर तोड़फोड़ की और ऑटो को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने 10 दिन बाद केस दर्ज किया है। जांच शुरू कर दी गई हैं। आरोपी फरार बताए जाते हैं।

दो हाइवा के बीच टक्कर, चालक जख्मी

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ थाना क्षेत्र के बहरामा फोरलेन के सामने शुक्रवार की देर रात करीब 1 बजे दो अनियंत्रित हाइवा वाहनों की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक चालक धर्मराज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद फोरलेन पर कुछ देर जाम लगा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों वाहन तेज गति से जा रहे थे जो एक दूसरे से टकरा गए ।वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। मामले की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल केस दर्ज नहीं किया गया है।

ऑपरेशन मुस्कान : मरांची पुलिस ने लौटाए 3 मोबाइल

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मरांची थाना क्षेत्र से एक दिल छू लेने वाली खबर सामने आई है। पुलिस की तत्परता से तीन परिवारों के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई है।शनिवार को मरांची थाना पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत गुम हुए 3 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि अजीत कुमार, मराँची निवासी,ममता



कुमारी, मराँची निवासी और राहुल शंकर, मराँची निवासी का खोया हुआ मोबाइल पुलिस ने ट्रेस कर बरामद किया और थाने में बुलाकर सम्मान के साथ सुपुर्द कर दिया।मोबाइल हाथ में आते ही तीनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। महीनों की परेशानी मिनटों में खत्म हो गई। ममता कुमारी ने कहा, उम्मीद छोड़ दी थी, पर पुलिस ने कमाल कर दिया।

भगवानगंज पुलिस की वाहन चेकिंग में 275 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, टेम्पो सीज

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भगवानगंज थाना पुलिस ने बिते रात वाहन चेकिंग के दौरान 275 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद की है। शराब तस्करी में इस्तेमाल हो रहे एक टेम्पो को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि रात्रि गश्ती और वाहन चेकिंग के क्रम में बिजौरा के पास एक टेम्पो को संदिग्ध स्थिति में रोका गया। तलाशी लेने पर टेम्पो से 275 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही शराब को नष्ट करने की कार्रवाई शुरू कर दी है और टेम्पो को जप्त कर थाने ले आई है। मामले में अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टेम्पो मालिक और शराब तस्करी से जुड़े लोगों की पहचान करने में जुट गई है। आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए थाना क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग और छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

वारंटी सूरज दयाल बिंद व विरंजन बिंद के घर चस्पा इश्तेहार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के थलपुरा गांव निवासी वारंटी सूरज दयाल बिंद और विरंजन बिंद, पिता भागेरा बिंद के घर कोर्ट के आदेश पर मसौढ़ी पुलिस के द्वारा इश्तेहार तामिला किया गया है। दोनों लंबे समय से एक आपसी विवाद में हुए हिंसक झडप मामले फरार चल रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के बावजूद सूरज दयाल बिंद और विरंजन बिंद अदालत में हाजिर नहीं हो रहे थे। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर रविवार को थलपुरा स्थित उनके आवास पर विधिवत इश्तहार चस्पा किया गया। इश्तेहार में दोनों को निश्चित तिथि तक न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। तय समय पर हाजिर नहीं होने पर उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी लगातार जारी है।



कट्टा भिड़ा कर अपराधियों ने बाइक लूटी

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ के फोरलेन एप्रोच रोड पर सलालपुर गांव के पास मधेपुरा से पटना एम्स इलाज करने के लिए जा रहे दो लोगों को कट्टा भिडाकर बाइक लूट ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन अपराधी भाग निकले। इस संबंध में मधेपुरा जिले के शंकरपुर थाना के मोजमा गांव निवासी गौरव गौतम ने बताया कि वह शुक्रवार को अहले सुबह 3:00 बजे जब घर से बाढ के बेढ़ना पुल से 4 किलोमीटर आगे सलालपुर गांव के पास हाईवे पर पहुंचा। तो दो अज्ञात अपराधी बाइक से आ पहुंचे और ओवरटेक कर उसे रोक दिया। इसके बाद कट्टा भिड़ा कर बाइक छीन ली और जेब से 6000 रुपए भी निकाल लिए। इस घटना को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी भाग निकले। इसके बाद डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल करने पर अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिला ।इसके बाद पीड़ित बाढ़ स्टेशन पहुंचे और ट्रेन से एम्स पटना इलाज करने के लिए चले गए। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

फरार चल रहे अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरूआ पुलिस ने रविवार को विभिन्न मामलों मे फरार चले रहे अपराधियों के घर पर विधिवत तौर पर ढोल बजा कर सबों के घर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। ऐसें पहले मामले मे धनरूआ थाना कांड संख्या 302/18 के तहत दहेज हत्याकांड मामले में प्राथमिकी अभियुक्त 1. उपेंद्र यादव पिता स्व नारायण यादव 2. चमेली देवी पति स्व नारायण यादव दोनों सा बाँस बिगहा,वही दुसरे मामले में कांड संख्या 445/22 के तहत हथियार के बल पर बाईक लूट मामले में पिडित नागेंद्र कुमार पिता अखिलेश यादव बेनागी टेकारी गया के द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अप्राथमिक अभियुक्त प्रेमरणजन कुमार पिता भूषण प्रसाद साकिन रेड बिगहा के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत इश्तिहार विधि ढोल बाजा के साथ चसपा किया गया । वही कांड संख्या 372/25 में फरार अपराधकर्मी संतु राम पिता स्व जगधारी राम ग्राम तेतरी थाना धनरूआ जिला पटना के घर विधि वत इस्तीहार चस्पा किया गया। जहाँ सुरेंद्र सिंह पिता स्व अनिरुद्ध सिंह सेवती के ब्यान पर जमीन विवाद मे हुई गोलीबारी मे दो लोगों को गोली मार कर जख्मी कर दिया गया था जहाँ 22 लोगों पर नामजद केस दर्ज किये,उसी घटना के आलोक मे फरार अभियुक्त के घर पर इश्तेहार साटा गया है। बहरहाल कुल चार अभियुक्त के विरुद्ध फरार रहने की स्थिति में इश्तहार



खरौना मोड़ के पास ठनका गिरने से दो की मौत, पेड़ के नीचे छिपे थे दोनों

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के खरौना मोड़ के पास रविवार को तेज आये आंधी-पानी के दौरान गिरी ठनका से दो लोगों की मौत हो गई। तेज बारिश से बचने के लिए दोनों पेड़ के नीचे छिपे थे, तभी वज्रपात गिर गया।मृतकों में एक युवक की पहचान खरौना निवासी बबलू कुमार, पिता रमेश कुमार के रूप में हुई है। दूसरे व्यक्ति की उम्र करीब 50-55 साल है, जो रमेश कुमार के ही कोई रिश्तेदार हैं, लेकिन अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना रविवार को उस समय हुई जब अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बबलू कुमार और उसके रिश्तेदार अधेड़ व्यक्ति बारिश से बचने के लिए सड़क किनारे खड़े पेड़ के नीचे चले गए। इसी दौरान जोरदार आवाज के साथ पेड़ पर ठनका गिरा और दोनों उसकी चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। पुलिस भी



घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात शव की पहचान कराने में जुटी है।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। बबलू कुमार के घर में मातम पसरा हुआ है। बबलू एक मजदूरी करता है।बहरहाल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बारिश-आंधी के दौरान पेड़ के नीचे शरण न लें, यह जानलेवा साबित हो सकता है।

ट्रेन में महिला से छेड़छाड़, आर्मी जवान गिरफ्तार



मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शनिवार देर रात मोकामा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर ट्रेन में सफर कर रही एक महिला यात्री से छेड़छाड़ के आरोप में आर्मी के एक जवान को गिरफ्तार किया गया। जीआरपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।मोकामा जीआरपी थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के अनुसार, रेल नियंत्रण कक्ष पटना से सूचना मिली कि ट्रेन नंबर 18630 गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस के कोच बी 6 में बर्थ नंबर 20 पर यात्रा कर रही महिला यात्री के साथ कोई यात्री छेड़खानी कर रहा है।सूचना मिलते ही जीआरपी टीम प्लेटफार्म ड्यूटी के साथ मौके पर पहुंची। कोच में पहुंचने पर पीड़ित महिला ने बर्थ नंबर 18 पर सफर कर रहे यात्री के खिलाफ लिखित शिकायत दी। बोगी में मौजूद टीटीई और अन्य सहयात्रियों ने भी महिला की शिकायत का समर्थन किया।पूछताछ के बाद जीआरपी ने बर्थ 18 पर यात्रा कर रहे यात्री को ट्रेन से उतारा। आरोपी की पहचान सचिन तवर, उम्र 34 वर्ष, के रूप में हुई। वह मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के मंगलेया थाना क्षेत्र के छिपरा गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम स्व. सोहन लाल है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सचिन तवर भारतीय सेना का जवान है और घटना के वक्त नशे की हालत में था। पीड़ित महिला और आरोपी दोनों एक ही ट्रेन से रांची जा रहे थे।महिला के लिखित आवेदन और गवाहों के बयान के आधार पर जीआरपी मोकामा ने मामला दर्ज कर आरोपी जवान को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

आग से बचाव को लेकर अग्निशमन विभाग का अभियान

महिला फायर बिग्रेड स्टॉल लगाकर बांट रही पंपलेट, कर रही जागरूक



मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए अग्निशमन विभाग ने अनोखी पहल शुरू की है। विभाग अब स्टॉल लगाकर लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहा है। ऐसे में अग्निशमन कार्यालय के बाहर सड़क पर एनोपी लगाकर महिला फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने मोर्चा संभालते हुए स्टॉल लगाकर पंपलेट और जागरूकता सामग्री बांट रहे हैं। स्टॉल पर पहुंचने वाले लोगों को घर, दुकान और संस्थान में आग लगने पर क्या करें, इसकी जानकारी दी जा रही है। गैस सिलेंडर लीक, शॉर्ट सर्किट और पटाखों से लगने वाली आग से बचाव के उपाय समझाए जा रहे हैं। साथ ही फायर एनओसी लेने की पूरी प्रक्रिया भी बताई जा रही है। ऐसे में खासकर महिलाओं को बुलाकर एकजुट करते हुए किचन में खाना पकाने वाले चूल्हे से संबंधित विशेष रूप से जानकारी दी जा रही हैं। क्योंकि महिलाओं को ज्यादातर इस तरह की घटनाओं का सामना करना पड़ता है।वहीं अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी मंजीत सिंह ने बताया कि अक्सर छोटी सी लापरवाही से बड़ा हादसा हो जाता है। इसी को रोकने के लिए सीधे जनता से जुड़कर जागरूकता फैलाई जा रही है। स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर अग्नि सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछ रहे हैं।उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि हर व्यक्ति आग से बचाव के प्रति सजग हो सके और आपात स्थिति में सही कदम उठा सके।

फरार अभियुक्त समेत चार गिरफ्तार

दनियावां,(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शाहजहांपुर थाना पुलिस ने मारपीट और छेड़खानी मामले में फरार एक अभियुक्त समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मारपीट और छेड़खानी मामले में फरार बिजेन्द्र यादव उर्फ धुरी यादव को थाना क्षेत्र के नवहियापर से गिरफ्तार किया है। वहीं नूरी चक गांव में छापेमारी कर अजय मांझी, बल्लभ मांझी और नागेश्वर मांझी को नशे की हालत में हंगामा करते गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने बताया कि फरार वारंटी को पकड़ने व हर तरह के नशे के खिलाफ अभियान चलाकर समुचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि महादलित बस्ती मदारीचक, किश्मिरिया मुसहरी, प्रसन्नबीघा जमींदारी बांध के पास चोरी छिपे महुआ चुआई शराब बिकने की बात संज्ञान में आई है।इन धंधेबाजों पर बिहार नई उत्पाद नीति कानून के साथ उचित कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने युवाओं व बुद्धिजीवियों से हर तरह के नशे के खिलाफ लोगों को जागृत करने की अपील की। श्री बमबम ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया बिहार समिति की पहली बैठक संपन्न

संगठन विस्तार को लेकर चार अहम प्रस्ताव पारित किया गया



पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया बिहार समिति की पहली बैठक शनिवार को पटना के डाकबंगला चौराहा स्थित वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यालय में आयोजित की गई। संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।बैठक की अध्यक्षता अक्षय आनंद और संचालन महासचिव सागर कुमार ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगस्त के प्रथम सप्ताह में वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया बिहार समिति की ओर से एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बिहार विधानसभा एवं विधान परिषद के अध्यक्षों तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। इसी मंच से राज्य के सभी जिला अध्यक्षों एवं जिला सचिवों की औपचारिक घोषणा भी की जाएगी।दूसरे प्रस्ताव के तहत यह तय किया गया कि अगस्त के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले सभी जिलों में अध्यक्ष एवं सचिव के चयन और नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, ताकि कार्यक्रम के दौरान गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में उनकी आधिकारिक घोषणा की जा सके।बैठक में तीसरे प्रस्ताव के रूप में संगठन से असंबंधित सभी वेबसाइटों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों की चर्चा हुई। चौथे प्रस्ताव में यह निर्णय लिया गया कि वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया बिहार समिति की नियमित बैठक प्रत्येक शनिवार को आयोजित की जाएगी। इस बैठक में विशेष रूप से राष्ट्रीय महासचिव मधुप मणि 'पिक्कू' और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मंजेश कुमार उपस्थित रहे, वहीं प्रदेश समिति से अक्षय आनंद, सागर कुमार, करुणा कुमारी, अंजनी पांडेय, रोहित मेहता और अमर सिन्हा मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन के विस्तार, पत्रकारों के हितों की रक्षा तथा बिहार में और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

एएसपी कोमल मीणा का भावुक विदाई समारोह, पुलिसकर्मियों और समाजसेवियों ने दी विदाई





मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर मसौढ़ी अनुमंडल में कार्यरत कोमल मीणा का पटना विधि व्यवस्था डीएसपी के पद पर स्थानांतरण हो गया है। स्थानांतरण के उपलक्ष्य में शनिवार को मसौढ़ी थाने में पुलिसकर्मियों और समाजसेवियों ने उनके लिए भव्य विदाई समारोह आयोजित किया।समारोह में मसौढ़ी थाना ध्यक्ष विवेक भारती, डीएसपी कन्हैया कुमार सिंह, अनुमंडल के सभी थानों के थाना अध्यक्ष और मसौढ़ी शहर के कई समाजसेवी शामिल हुए। पुलिसकर्मियों ने कोमल मीणा को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कोमल मीणा ने कहा कि पुलिस सेवा में स्थानांतरण एक नेचुरल प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच आपसी सामंजस्य बिठाकर काम करना ही सबसे बेहतर होता है। आम जनता की हर समस्या का निदान उनके बीच रहकर ही संभव है। अपराधियों और अपराध पर नियंत्रण करना पुलिस का दायित्व तो है ही, लेकिन समाज की हर गतिविधि पर भी पहली नजर रखनी चाहिए।मसौढ़ी में अपने कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने पुलिसकर्मियों के सहयोग और जनता के समर्थन के लिए आभार जताया। समारोह में शिक्षाविद राहुल चंद्र, कृष्ण सिंह, डॉ. राम जयपाल, डॉ मंगल, आरफराज, साहिल, संटू यादव, राजु बिंद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने कोमल मीणा के कार्यकाल की सराहना की और नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

दो नाबालिग मोबाइल चोर गिरफ्तार

राजेंद्र पुल रेलवे लाइन के पास से दबोचे गए, चोरी के दो मोबाइल बरामद

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मोकामा रेलवे सुरक्षा बल थाना पुलिस को यात्रियों की सुरक्षा के मोर्चे पर बड़ी सफलता हाथ लगी है। आरपीएफ ने ट्रेन यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करने वाले गिरोह के दो नाबालिग सदस्यों को राजेंद्र पुल रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं।मोकामा आरपीएफ निरीक्षक रविंद्र कुमार यादव ने बताया कि शनिवार को राजेंद्र पुल रेलवे लाइन के पास गश्त के दौरान दो संदिग्ध बालक दिखे। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे। जवानों ने तत्परता दिखाते हुए खदेड़कर दोनों को पकड़ लिया।तलाशी लेने पर उनके पास से अलग-अलग कंपनियों के दो मोबाइल फोन मिले। पूछताछ में दोनों ने ट्रेनों और प्लेटफॉर्म से यात्रियों के मोबाइल चोरी करने की बात कबूल की। गिरफ्तार दोनों नाबालिग चकिया थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। उम्र कम होने के कारण किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।आरपीएफ ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद दोनों नाबालिगों को बरामद मोबाइल सहित बरौनी जीआरपी थाना को सौंप दिया है।

छात्र जदयू के अध्यक्ष आशीष कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की मुलाकात

जर्जर हॉस्टल के पुनर्निर्माण, पीजी की पढ़ाई और छात्रसंघ चुनाव की उठाई मांग



दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। छात्र जदयू पाटलिपुत्र विवि पूर्वी भाग नालंदा के अध्यक्ष आशीष कुमार ने पटना स्थित आवास पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर हिलसा अनुमंडल में उच्च शिक्षा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं छात्रों की वर्षों पुरानी मांगों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने श्रीचंद उदासीन (एसयू) कॉलेज, हिलसा के जर्जर छात्रावास (हॉस्टल) के पुनर्निर्माण, स्नातकोत्तर (पीजी) में नए विषयों की पढ़ाई शुरू कराने, बीएड पाठ्यक्रम की स्वीकृति देने तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग रखी। आशीष कुमार ने बताया कि हिलसा अनुमंडल के हजारों छात्र-छात्राओं को स्नातक के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए पटना, बिहारशरीफ एवं अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों के लिए बाहर जाकर पढ़ाई करना काफी कठिन होता है। यदि एसयू कॉलेज में ही पीजी के विभिन्न विषयों एवं बीएड की पढ़ाई शुरू हो जाए तो क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेगी और उनका समय व आर्थिक खर्च दोनों बचेंगे। छात्र नेताओं ने मांग की कि कॉलेज में भौतिकी, रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री), वनस्पति विज्ञान (बॉटनी), प्राणी विज्ञान (जूलॉजी), हिन्दी, उर्दू, पाली, संस्कृत सहित अन्य प्रमुख विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू कराई जाए। साथ ही बीएड पाठ्यक्रम की भी स्वीकृति दी जाए, ताकि शिक्षक बनने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़े। पटेल ने बताया कि एसयू कॉलेज का छात्रावास लगभग 30 वर्षों से जर्जर स्थिति में है। भवन की हालत खराब होने के कारण छात्रावास का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को रहने की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

शादी की खुशियां मातम में बदलीः डीजे पर नाचने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पालीगंज थाना क्षेत्र के ढिबरी गांव में एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब डीजे पर नाचने के दौरान बिजली प्रवाहित कटे तार की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसकी पत्नी भी करंट की चपेट में आई, लेकिन वह बाल-बाल बच गई। घटना के बाद शादी की सारी खुशियां पलभर में गम में बदल गईं और समारोह में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के सोरंगपुर मठिया निवासी नगिना मांझी अपनी पत्नी नागवंती देवी के साथ ढिबरी गांव निवासी जयविशुन मांझी के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होने आए थे।

दो पक्षों के बीच मारपीट, छह राउंड फायरिंग, दो गिरफ्तार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरूआ थाना स्थित छित्रौली गांव में एक पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गये. इस दौरान दोनों पक्षों मे लाठी डंडे चले व बाद में दोनों पक्षों ने जमकर ईट पत्थर चलाया. जिसमें तीन लोग जख्मी हो गये.आरोप है कि इस दौरान एक पक्ष की ओर से दहशत फैलाने की नीयत से आधा दर्जन राउंड फायरिंग भी की गयी. हालांकि इसमे किसी के हताहत होने की सूचना नही है. इधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के एक एक ब्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया. इस संबंध में दोनों पक्ष से क्रमशः राखी देवी व सोनु कुमार ने एक दुसरे के बिरूध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है.थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि फायरिंग का आरोप एक पक्ष की ओर से लगाया गया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है. थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मौके से दोनों पक्ष से एक- एक ब्यक्ति क्रमशः रंजीत कुमार व सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है. घटना का कारण है कि पूर्व में एक मामले को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था. विवाद काफी बढ़ जाने के बाद दोनों पक्ष गांव में आयोजित पंचायती के बाद मामला सुलझ गया था. आरोप है कि एक पक्ष बीते शनिवार की रात पुरानी बातों को लेकर टोनबाजी कर दी. इसके बाद दोनों पक्ष उग्र हो गये और दोनों के बीच ईट पत्थर व लाठी डंडे तक चल गये. वही फायरिंग का भी आरोप है.

एनएच २२ पर सड़कों पर गिरा हुआ बालू गिट्टी राहगीरों के लिए बना काल

पुलिस प्रशासन बनी मूकदर्शक,बाइक पर सवार दो चचेरे भाई हुए गंभीर रूप मे जख्मी



बुधवार को एक महिला की हुई मौत, दो जख्मी

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पटना गया डोभी एनएच 22 पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल एवं आसपास के जगहों पर सड़क पर रखी गई बालू एवं गिट्टी राहगिरों के लिए काल बन गई है। दरअसल लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं बावजूद स्थानीय पुलिस प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है। बीते शनिवार को बाइक पर सवार दो चचेरे भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं इससे पहले बीते बुधवार को बाइक पर सवार एक महिला की मौत हो गई थी जब वह जहानाबाद से इलाज कराने के दौरान तिनेरी जमालपुर के पास गिरे हुए सड़क पर बालू के चपेट में आ गई थी।बहरहाल बीते शनिवार को सड़क पर रखी गिट्टी-बालू से टकराकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना 4 जुलाई की रात करीब 7 बजे नदौल देवीस्थान स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पास हुई। घायलों में सतोष पाठक, पिता गौरीशंकर पाठक, उम्र 28 वर्ष और भीम पाठक, पिता दिलीप पाठक, उम्र 30 वर्ष नदौली से खां लौट रहे थे। देवीस्थान एसबीआई के पास सड़क पर रखी गिट्टी पर बाइक जा टकराई और वहीं गिर गये टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सतोष कुमार पाठक के सिर में चोट आई है और आठ टांके लगे हैं। शरीर पर भी चोटें हैं। वहीं भीम पाठक के माथे, पैर और हाथ में चोट आई है। उनके दाहिने हाथ पर पट्टी बांधी गई है और दो दांत भी टूट गए हैं। परिजनों ने बताया कि सड़क पर निर्माण सामग्री गिट्टी-बालू बिना बैरिकेडिंग के रखी हुई थी, जिससे यह हादसा हुआ। घायलों का इलाज चल रहा है।

संक्षिप्त समाचार

बीएड प्रथम वर्ष की प्रायोगिक एवं वाइवा परीक्षा संपन्न

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जयप्रकाश विश्वविद्यालय, सारण से संबद्ध रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा में बीएड सत्र 2025-27 के प्रथम वर्ष की ईपीसी-1, ईपीसी-2 एवं ईपीसी-3 की प्रायोगिक तथा मौखिक (वाइवा) परीक्षा शनिवार को अनुशासित, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान प्रशिक्षुओं ने निर्धारित मानकों के अनुरूप अपने विषय, परियोजना कार्य तथा शिक्षण कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। वहीं मौखिक परीक्षा में



प्रशिक्षुओं की विषयगत समझ, अभिव्यक्ति क्षमता तथा शिक्षण दक्षता का विस्तृत आकलन किया गया। कॉलेज के सचिव ई. जयप्रकाश सिंह ने कहा कि प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षा प्रशिक्षुओं की व्यावहारिक दक्षता, आत्मविश्वास तथा शिक्षण क्षमता को परखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षक निर्माण के लिए इस प्रकार की परीक्षाएं अत्यंत आवश्यक हैं। कॉलेज के प्राचार्य ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने बताया कि परीक्षा पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई तथा सभी परीक्षार्थियों ने अनुशासन का परिचय दिया।

आठ वाहनों का कटा चालान, 15 हजार जुर्माना वसूला

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सारण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे विशेष वाहन जांच अभियान के तहत शनिवार को एकमा थाना पुलिस ने छपरा-सिवान मुख्य मार्ग स्थित एनएच-531 पर एकमा चट्टी के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व एसआई विनायक राम ने किया। जांच के दौरान पुलिस ने वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र, बीमा, हेलमेट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की। इस दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस, आवश्यक कागजात के अभाव, हेलमेट नहीं पहनने तथा ट्रिपल लोडिंग जैसे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल आठ वाहनों का चालान काटते हुए 15 हजार रुपये जुमार्ना वसूला। अचानक चलाए गए इस अभियान से यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर चलने की अपील की।

दहेज हत्या के आरोप में पति हिरासत में

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान दानापुर के हाथीखाना आनंद बाजार रोड निवासी बिरजू कुमार राय की 30 वर्षीय पत्नी चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के गले पर गहरे निशान मिलने के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर कर रही है। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। सारण, परसा के रहने वाले मृतक का भाई सूरज कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 में चांदनी की शादी निजी स्कूल के शिक्षक बिरजू कुमार राय से हुई थी। शादी के बाद से ही चार पहिया वाहन की दहेज मांग को लेकर उसकी बहन को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। एक वर्ष पहले भी इस संबंध में दानापुर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन समझौता हो गया था। परिजनों के मुताबिक 4 जुलाई की दोपहर चांदनी से सामान्य बातचीत हुई थी। इसके कुछ देर बाद सास के मोबाइल से कॉल आया, लेकिन रोने की आवाज सुनाई देने के बाद फोन काट दिया गया। शाम में बहन की मौत की सूचना मिली। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज के मुताबिक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। मृतिका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या या आत्महत्या का मामला स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

घर के बाहर सो रही मां-बेटी को वाहन ने कुचला

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शाहपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर में एक बेलगाम अज्ञात वाहन ने घर के बाहर सो रही मां और बेटी को कुचल डाला। हादसे में आठ वर्षीय बच्ची दिव्या कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी 50 वर्षीय मां लक्ष्मीनिया देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। जानकारी के अनुसार मां और बेटी शनिवार रात घर के बाहर सड़क किनारे सो रही थीं। देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को रौंद दिया। वाहन ने बेटी के सिर कुचल डाला। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। वहीं इस हादसे में लक्ष्मीनिया देवी के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि फरार वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

टोटो के धक्के से सब्जी विक्रेता घायल

- घटना ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के नयागांव मस्जिद मोड का

जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के नयागांव मस्जिद मोर समीप सब्जी बेच रही एक महिला उसे समय बुरी तरह जख्मी हो गई जब सड़क पार करने के दौरान एक टोटो धक्का मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल महिला सब्जी विक्रेता की पहचान चंदनपुरा निवासी गीता देवी के रूप में हुई है। इधर टोटो के धक्के से घायल हुई महिला का इलाज करवाने में रामनगर के सरपंच प्रवीण कुमार तत्परता दिखाते हुए उन्हें उपचार के लिए तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर पहुंचने का काम किया। इधर समय पर घायल महिला का इलाज अस्पताल में होने से डॉक्टर अशोक कुमार पासवान ने बताया कि महिला का सर में चोट लगी है प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। इधर जिस टोटो से महिला घायल हुई उस टोटो चालक को जनता ने अपनी भाषा में सबक सीखाने गुरेज नहीं किया। बरहाल 1 घंटे सड़क पर दुर्घटना के दौरान हुई अपना तकरीर के बीच स्थानीय पुलिस कोई खैर खबर लेना मुनासिब नहीं समझा।

जमालपुर में मनाया गया राजद का स्थापना दिवस

जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय जनता दल का तीसवाँ स्थापना दिवस बड़े धूम धाम से मंटू कुमार यादव के निवास पर केक काटकर मनाई गई।स्थापना दिवस पर मंटू कुमार यादव ने कहा स्थापना दिवस पर सभी राजद परिवार संकल्प लिए जनता के मूल समस्या क्या आवाज को बुलंद करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिए।मौके पर उपस्थित जुल्फेकार अंसारी, निरंजन यादव, प्रतिमा चौरसिया, नरेश यादव, ब्रजमोहन तांती, राकेश कुमार, नीरज शर्मा, सुनील कुमार, दिलीप कुमार, लक्ष्मण चौरसिया, कृष्णदेव चौरसिया, पिंटू सिंह, राजेश मंडल, राहुल कुमार, दीपनारायण ठाकुर, सूरज कुमार,अजय मालाकार, इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शारीरिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग पर शिक्षा विभाग ने लिया संज्ञान

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक शारीरिक शिक्षा विषय को पाठ्यक्रम एवं परीक्षा व्यवस्था में उचित स्थान दिए जाने की मांग पर शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया है। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर द्वारा पिछले महीने शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी को सौंपे गए ज्ञापन के बाद शिक्षा विभाग के अवर सचिव अमित कुमार सिंह ने मामले को आवश्यक कार्रवाई के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक को अग्रसारित कर दिया है। ई. आनंद पुष्कर ने अपने ज्ञापन में कहा है कि राज्य सरकार ने विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा के अध्ययन-अध्यापन और शिक्षकों की नियुक्ति की व्यवस्था तो की है, लेकिन माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में इस विषय को अपेक्षित महत्व नहीं मिलने से इसका उद्देश्य पूर्ण रूप से साकार नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षा केवल खेलकूद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा स्वस्थ जीवनशैली के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।ज्ञापन में मांग की गई है कि कक्षा 6 से 12 तक शारीरिक शिक्षा के अध्ययन-अध्यापन को अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में इस विषय को उचित स्थान देकर विद्यार्थियों को इसके प्रति प्रोत्साहित किया जाए। श्री पुष्कर ने शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सकारात्मक हस्तक्षेप से विभागीय स्तर पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि शारीरिक शिक्षा को पाठ्यक्रम एवं परीक्षा व्यवस्था में उचित स्थान मिलने से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को भी उनका अपेक्षित शैक्षणिक महत्व प्राप्त होगा।

बच्चों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का आरपीएफ-जीआरपी ने किया खुलासा

15 घंटे के अंदर पटना से गिरफ्तार हुए गिरोह के दो सदस्य ● बच्चे को डेढ़ लाख रुपये में बेचने की थी साजिश, तीन आरोपी गिरफ्तार ● जमालपुर स्टेशन परिसर से अगवा हुआ था बच्चा



जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जमालपुर रेलवे स्टेशन से शनिवार को अपनी दादी के पास सो रहे दो वर्षीय मासूम का अपहरण कर उसे बेचने की साजिश रचने वाले अंतरराज्यीय बाल तस्करी गिरोह का पदार्फाश आरपीएफ एवं जीआरपी की टीम ने रविवार को संयुक्त रूप से किया है। पहले तो संयुक्त टीम ने फरक्का एक्सप्रेस से एस्कॉर्ट पार्टी के सहयोग से अपहरणकर्ता मोहम्मद टीपू उर्फ अहसान को गिरफ्तार करते हुए 2 वर्ष के बच्चे आदर्श को बरामद किया। वहीं गिरफ्तार अपहरणकर्ता के निशानदेही पर आरपीएफ जीआरपी की टीम ने पटना पहुंचकर अंतरराष्ट्रीय बच्चा चोर गिरोह के सरगना पटना निवासी बबलू कुमार एवं उनके सहयोगी राजेश कुमार को गंगा नदी के किनारे से गिरफ्तार किया गया।अपहरणकर्ता से पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि बच्चे का सौदा 1.50 लाख रुपये में तय हुआ था, जबकि उसे आगे 5 से 6 लाख रुपये में संतानहीन दंपतियों को बेचने की योजना थी। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव एवं सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा के साथ जीआरपी इंस्पेक्टर स्वराज कुमार बताया कि पटना से गिरफ्तार हुए बच्चा चोर गिरोह के सरगन बबलू कुमार ने खुलासा किया कि बेरोजगार होने के बाद उसने अपने भाई के सहयोग से संतानहीन दंपतियों की तलाश कर बच्चों की खरीद-फरोख्त का अवैध नेटवर्क तैयार किया था। मोहम्मद टीपू बच्चों का अपहरण करता था।जबकि राजेश कुमार एजेंट की भूमिका निभाता था। गिरोह अपहृत बच्चों को लाखों रुपये में बेचने का धंधा करता था।पुलिस ने तीनों आरोपितों के कब्जे से मोबाइल फोन जब्त किए हैं।जिनमें बच्चों की खरीद-बिक्री से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। सभी आरोपितों को विधिवत गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।इधर बरामद मासूम आदर्श कुमार का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उसे चाइल्ड वेलफेयर कमेटी मुंगेर के समक्ष प्रस्तुत कर विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत सुपुर्द कर दिया गया। विदित हो कि खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के बैसा गांव निवासी कारी देवी अपने दो वर्षीय पोते आदर्श कुमार को इलाज के लिए जमालपुर लाई थीं। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर बच्चा सो रहा था, तभी एक युवक उसे उठाकर फरक्का एक्सप्रेस से अपहरण कर ले जा रहे थे।

भाजपा की नगर उत्तरी मंडल की मासिक संगठनिक बैठक आयोजित



मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी की मोतिहारी नगर उतरी मंडल के मासिक संगठनिक बैठक छातौनी स्थित लड्डू सिंह बनिहारा के आवास पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार ने किया वहीं संचालन मंडल महामंत्री उत्तम मिश्रा ने किया। बैठक में संगठन द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, शक्तिकेन्द्र और बूथ प्रशिक्षण कार्यक्रम, डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम, जनसंपर्क अभियान तथा विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकताओं से आह्वान किया गया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुंचाने के साथ-साथ संगठन की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता का आधार है। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर जनता के बीच सरकार की विकास योजनाओं एवं उपलब्धियों को पहुंचाना चाहिए, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके। जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि संगठन नियमित बैठकों और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से निरंतर मजबूत हो रहा है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, प्रदेश सह संयोजक दीपक सर्राफ, जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल वर्मा, उत्तरी मंडल प्रभारी संपूणानंद, सह मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, जिला महामंत्री उषा गुप्ता, माला सिन्हा, इलायची देवी, सविता गुप्ता सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

चौथे चरण के सहयोग शिविर का आयोजन सात जुलाई को

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। 19 मई को पहले चरण, 02 जून को दूसरे चरण, 16 जून को तीसरे चरण के सहयोग शिविर की सफलता से उत्साहित जिला प्रशासन द्वारा चौथे चरण के सहयोग शिविर के आयोजन को लेकर तैयारी तेज कर दी गई है। चौथे चरण का सहयोग शिविर पूर्वी चंपारण जिला में आगामी 07 जुलाई 2026 को जिला के शेष बचे सभी 25 प्रखंडों के 69 पंचायत में आयोजित किया जाएगा। आम नागरिकों को उनकी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करने तथा उनके त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए बिहार सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि उनको जो प्रखंड एवं पंचायत आवंटित किया गया है।

पानी की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने जताया आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के तत्वावधान में रविवार को जमालपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 8 एवं 9 स्थित रामपुर रेलवे मैदान में "जन की बात आईआईपी के साथ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के मुंगेर जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तांती ने की।बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय महिला एवं पुरुष शामिल हुए और क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं, विशेषकर पेयजल संकट, को प्रमुखता से उठाया। स्थानीय लोगों ने कहा कि वे नियमित रूप से टैक्स देते हैं और मतदान भी करते हैं, लेकिन वर्षों से पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। भीषण गर्मी में पीने, नहाने और घरेलू उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नल-जल योजना के नाम पर सड़कों को खोदकर जर्जर कर दिया गया, जबकि जलापूर्ति की व्यवस्था अब तक सुचारु नहीं हो सकी है। बरसात के दिनों में नालियों के जाम रहने से स्थिति और गंभीर हो जाती है। लोगों ने कहा कि 5जी के दौर में भी उन्हें पानी जैसी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।सभा में स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पेयजल संकट को लेकर जमालपुर जुबली वेल पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्टी के प्रधान महासचिव अजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष अमित रंजन, नगर अध्यक्ष कमलेसरी तांती, वार्ड प्रतिनिधि मनोज यादव, विजय गुप्ता, शंकर तांती, तारिणी तांती, जिला संगठन प्रभारी बृजमोहन तांती, उमेश साथी, मुन्ना तांती, चंद्रशेखर, परशुराम, दिलीप मंडल, उपकांत मंडल सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

मानसून की बेरुखी से किसान बेहाल, पम्पिंग सेट के सहारे हो रही धान की रोपनी

चिरैया (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र में इस बार मानसून की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की रोपनी प्रभावित हो रही है। किसान महंगे डीजल खरीदकर पम्पिंग सेट से खेतों की सिंचाई कर किसी तरह रोपनी का कार्य पूरा करने में जुटे हैं। इससे खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। कुछ दिन पहले बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान झेलने वाले किसान अब वर्षा के अभाव में सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। खेतों में नमी नहीं होने के कारण अधिकांश जगहों पर मिट्टी फटने लगी है। वहीं, लगातार बारिश नहीं होने से भूजल स्तर भी नीचे चला गया है, जिससे सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी जुटाना मुश्किल हो रहा है। किसानों के सामने मजदूरों की कमी भी बड़ी समस्या बन गई है। समय पर मजदूर नहीं मिल रहे हैं और जो



मिल रहे हैं, वे अधिक मजदूरी की मांग कर रहे हैं। इससे खेती का खर्च और बढ़ गया है।किसान रामनाथ प्रसाद यादव, दिनेश यादव, राजेश्वर राय,रामबाबू राय सहित अन्य किसानों का कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की रोपनी पर व्यापक असर पड़ेगा और उत्पादन घटने की आशंका रहेगी। ऐसे में कई किसानों के सामने आर्थिक संकट और कर्ज का बोझ और बढ़ सकता है।

मुंगेर में संगठन विस्तार और बिहार की बदलती सामाजिक राजनीति

लोहिया से राहुल तकः पिछड़ों की राजनीति में कांग्रेस की नई तलाश ● बिहार में ओबीसी दांवः क्या संगठन से लौटेगी कांग्रेस

मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार की राजनीति में यदि किसी सामाजिक समूह ने पिछले तीन दशकों की सत्ता का चरित्र तय किया है, तो वह पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग है। मंडल आंदोलन के बाद सामाजिक न्याय केवल एक राजनीतिक नारा नहीं रहा, बल्कि चुनावी राजनीति का सबसे प्रभावशाली आधार बन गया। राम मनोहर लोहिया का प्रसिद्ध नारा संसोपा ने बांधी गांठ पिछड़े पावें सौ में साठ आज भी सामाजिक प्रतिनिधित्व की बहस का केंद्रीय संदर्भ है।

यही कारण है कि बिहार में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अब ओबीसी और इबीसी वर्ग को अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देख रही है। जातीय जनगणना, सामाजिक प्रतिनिधित्व और आरक्षण के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के साथ-साथ पार्टी अब जिला और प्रखंड स्तर पर संगठन को नए सामाजिक नेतृत्व के हाथों मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी क्रम में मुंगेर जिले में ओबीसी विभाग के अध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार मंडल की नियुक्ति को केवल एक संगठनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि कांग्रेस की व्यापक सामाजिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। प्रदेश ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग चंदन द्वारा उनके मनोनयन के लगभग ढाई महीने बाद संगठन विस्तार की गतिविधियों में तेजी दिखाई दे रही है। प्रखंड और पंचायत स्तर पर समितियों के गठन, सदस्यता अभियान और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन को सक्रिय करने का प्रयास किया जा रहा है। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि राकेश कुमार मंडल की पहचान पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन के निकट सहयोगी के रूप में रही है। यदि वे कांग्रेस संगठन में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक धाराओं के बीच संवाद स्थापित करने में सफल होते हैं, तो इसका लाभ पार्टी को स्थानीय स्तर पर मिल सकता है। हालांकि, किसी भी संगठनात्मक सफलता की अंतिम कसौटी चुनावी परिणाम ही होते हैं। कांग्रेस के सामने चुनौती केवल ओबीसी और इबीसी समाज तक पहुंच बनाने की नहीं, बल्कि उस भरोसे को पुनः अर्जित करने की है जो पिछले तीन दशकों में विभिन्न क्षेत्रीय दलों के पक्ष में स्थानांतरित हुआ। बिहार का मतदाता आज केवल जातीय पहचान के आधार पर निर्णय नहीं करता; नेतृत्व की विश्वसनीयता, स्थानीय मुद्दे, रोजगार, शिक्षा, कृषि और विकास भी उतने ही महत्वपूर्ण कारक बन चुके हैं।इसलिए मुंगेर में राकेश कुमार मंडल की सक्रियता को किसी एक व्यक्ति की भूमिका तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। यह कांग्रेस के उस बड़े राजनीतिक प्रयोग का हिस्सा है,जिसमें पार्टी सामाजिक न्याय की नई व्याख्या के साथ बिहार में अपने संगठन और जनाधार को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रही है।राकेश कुमार मंडल की पहचान केवल एक राजनीतिक कार्यकर्ता तक सीमित नहीं रही है। सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही है। तुषार गांधी की बिहार यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन और जनसंपर्क में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, मुंगेर में वे लंबे समय से 'शाश्वत संस्कार' नामक सामाजिक संस्था के माध्यम से लावारिस और अज्ञात शवों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार का कार्य कर रहे हैं। सदर अस्पताल और स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह संस्था ऐसे शवों का उनके धर्म और परंपराओं के अनुरूप पूरी गरिमा के साथ अंतिम संस्कार सुनिश्चित करती है। यह सेवा केवल मानवीय संवेदना का उदाहरण नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का भी महत्वपूर्ण कार्य है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती की तैयारियों को बैठक आयोजित



मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जनसंघ के संस्थापक एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती की तैयारी को लेकर रविवार को रुलही उच्च विद्यालय परिसर में बैठक आयोजित की गया। बैठक से पहले परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। आयोजित होने वाले जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक श्री कुमार ने रुलही रोड का नाम 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पथ' रखने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं, रुलही पंचायत के मुखिया मदन दास ने रुलही के चारों प्रवेश द्वारों का नाम 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वार' रखने का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक श्री कुमार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, शिक्षा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनके विचार आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती के अवसर पर समाज के प्रत्येक वर्ग तक उनके आदर्शों और राष्ट्रनिर्माण के विचारों को पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। उक्त अवसर पर भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह, मंडल प्रभारी मैनेजर सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा, राजेश सिंह, महामंत्री अखिलेश सैनी, सितांशु शुक्ला, अमर भौमिक, केदार शुक्ला सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

देवर-देवरानी पर पति को जहर देकर हत्या का आरोप, परिवाद दायर

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बदरोई गांव में जमीन बंटवारे के विवाद में महिला ने अपने देवर-देवरानी समेत 5 लोगों पर पति की हत्या कर शव फेंक देने का आरोप लगाया है। परिवाद पत्र संख्या-151/2026 न्यायालय में दायर किया गया है। परिवादिनी आरती देवी, पति स्व. अजीत कुमार, ग्राम बदरोई ने बताया कि उनकी शादी 2018 में अजीत कुमार के साथ हुई थी। पति के तीन भाइयों में बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। होली से एक सप्ताह पहले 26 फरवरी को पति के साथ मारपीट हुई थी। धमकी के बाद वे नैहर चली गई थीं। आरती देवी के अनुसार 26 मार्च 2026 की रात 10-11 बजे पति ने फिर बंटवारे की बात की तो देवर रंजीत कुमार, विमल कुमार, रंजीत की पत्नी मालती देवी, विमल की मां संजु देवी और बहन निशा कुमारी ने साजिश कर पति को दारू में जहर मिलाकर पिला दिया और मारपीट की। इसके बाद लाश को बदरोई से पूरब विशविगहावा खंधा, उस्मान चक के पास फेंक दिया। परिवादिनी ने कहा कि आरोपियों ने उल्टे उनके और नैहर पक्ष के खिलाफ केस कर दिया है, जिससे वह जेल में है।

टोका लगाकर बिजली चोरी करते पकड़ा गया 80 साल का किसान, 78 हजार का जुर्माना

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिजली विभाग की टीम ने मसौढ़ी के महाराजकुंवर गांव में टोका लगाकर बिजली चोरी करते एक किसान को पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को करीब 78 हजार रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। कनीय विद्युत अभियंता रंजीत प्रसाद ने बताया कि 4 जुलाई 2026 को दोपहर 2:20 बजे बिजली विभाग की छापेमारी टीम ने ग्राम महाराजकुंवर, में एक कृषि परिसर/तलाब की जांच की। जांच के दौरान लखन सिंह, पिता स्व. रामचंद्र सिंह, उम्र करीब 80 वर्ष अपने तलाब में एलटी लाइन में टोका फंसाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे।मौके पर बिजली संबंधित कोई कागजात नहीं दिखाए गए।

सारण को शिक्षा का 'कोटा' बनाएंगे नए आरडीडीई संजय कुमार

शिक्षा भवन में संभाला पदभार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सारण प्रमंडल के नवनियुक्त क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक (आरडीडीई) संजय कुमार ने शनिवार को शिक्षा भवन में विधिवत पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक राजदेव राम ने उन्हें प्रभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद संजय कुमार ने सारण प्रमंडल को शिक्षा के क्षेत्र में 'कोटा' के रूप में विकसित करने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सारण, सिवान व गोपालगंज के प्रतिभाशाली शिक्षकों की एक सशक्त टीम तैयार कर विषय विशेषज्ञों के सहयोग से जिला स्कूल को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। उनका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का ऐसा वातावरण तैयार करना है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिल सकें।



उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्वालिटी एजुकेशन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और इस दिशा में प्रभावी पहल की जाएगी। नवनियुक्त आरडीडीई ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार केवल विभागीय प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि शिक्षकों, शिक्षा पदाधिकारियों, छात्रों और कर्मचारियों के सामूहिक सहयोग से ही सारण प

भाजपा के लिए लोकतंत्र महत्वपूर्ण नहीं बल्कि सत्ता की सीढ़ी : राजद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। राष्ट्रीय जनता दल का 30वां स्थापना दिवस रविवार को नगर भवन औरंगाबाद में बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सांसद अभय कुशवाहा, विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, पूर्व विधायक सतीश कुमार दास, ऋषि कुमार, रविन्द्र सिंह सहित अन्य राजद के वरिष्ठ नेताओं ने केक काटकर पार्टी के स्थापना दिवस की एक दूसरे को बधाई दी। सांसद अभय कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि जिस नीति को लेकर लालू प्रसाद यादव ने पार्टी का गठन किया, उसे आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को कंधे से कंधा मिला कर चलना होगा। राजद की 30 वर्षों की यात्रा सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई का इतिहास रही है। सांसद ने भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। ऐसे समय में सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए सभी लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि राजद ने अपने 30 वर्षों के सफर में हमेशा सामाजिक न्याय, सांप्रदायिक सौहार्द और दबे-कुचले गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को सड़क से सदन तक मजबूती से लड़ा है। पूर्व विधायक ऋषि कुमार ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए संगठन की ताकत को हर एक बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए और आम जनता की बुनियादी समस्याओं को प्रशासनिक पटल पर प्राथमिकता से उठाया जाए। मौके पर वक्ताओं ने पार्टी के सिद्धांतों पर चलते हुए जनहित के मुद्दों के लिए निरंतर संघर्ष करने और आगामी चुनावों में संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला प्रधान महासचिव अनिल टाइगर ने किया। समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता ई. सुबोध कुमार सिंह, जिला पार्षद शंकर यादव, अनिल यादव, डॉ रमेश यादव सहित कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

बीस सूत्री अध्यक्ष ने जगदेव विचार मंच के तत्वावधान में चलाया जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। 9 जुलाई को ग्राम बालीगांव में बिहार लेनिन, अमर शहीद भारत लेलीन बाबू जगदेव प्रसाद की आदमकद प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में बिहार के माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी के आगमन को लेकर आज जगदेव विचार मंच के तत्वावधान में ग्राम पंचायत बौर के विभिन्न गांवों—बौर, फदरपुरा एवं बहादुरपुर—में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की गई। बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का रफीगंज प्रखंड की धरती पर आगमन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी की प्रतिमा का अनावरण करने आ रहे हैं, जिससे लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने जगदेव बाबू को शोषित, वंचित, पिछड़े एवं अतिपिछड़े समाज का मसीहा बताते हुए उनके प्रसिद्ध नारे का उल्लेख किया।

युवा शक्ति के प्रणेता थे संत योद्धा विवेकानंद : डॉ. शम्भू शरण सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



दाउदनगर (औरंगाबाद) । विवेकानन्द मिशन स्कूल, बिले विहार में स्वामी विवेकानन्द की पुण्यतिथि मनाई गई। स्वामी जी के तैल चित्र पर संस्था के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्राचार्य शैलेश शर्मा, आद्यंत वत्स, आद्या वत्स ने माल्यार्पण एवं दीप जलाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका, शिक्षिकेत्तर कर्मचारीगण श्रद्धासुमन अर्पित कर स्मरण वंदन किया। छात्र एवं छात्राओं ने अपने गीत एवं भाषण के द्वारा अपने भाव स्वामी के चरणों में व्यक्त किया। संस्था के निदेशक डॉ. शम्भू शरण सिंह ने अपने संदेश में स्वामी विवेकानन्द को सन्यासी योद्धा, युवा शक्ति के प्रणेता एवं भारतीय आध्यात्म के संत पुरोधा बताकर उनका स्मरण किया। कहा कि स्वामी जी का उद्घोष है कि हम भारतीय जनमानस को सर्व धर्म समभाव की शिक्षा देनी है। अर्थात वह शिक्षा जो मानव को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बना सके। स्वामी जी के विचारो से प्रेरित होकर ही निदेशक ने 26 वर्ष पूर्व इसी तिथि को "आत्मोदय अभियान" का रूप लेकर 'चलें गांव की ओर' की शुरूआत की थी। इसमें विद्यालय के छात्र और छात्रा गांव, शहर के प्रमुख स्थलों पर जाकर पौधारोपण कर जल, जीवन हरियाली की चेतना जागृत करते हैं। इसके साथ ही स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पौधारोपण के विषय पर संवाद कर खुशहाल जीवन का संदेश देते हैं और उन्हें गंभीर बीमारियों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देते हैं। इस वर्ष भी जुलाई माह में धरा की हरीयाली जीवन की खुशहाली के लिए विद्यालय के द्वारा विवेकानन्द ब्रिगेड मिशन इको क्लब के बच्चों को पौधा देकर यह अभियान जोर-शोर से चलाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय में कहानी लेखन, भाषण, कविता पाठ, क्विज तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में, विद्यालय के प्रचार्य शैलेश कुमार शर्मा, विवेकानन्द ब्रिगेड मिशन लोकेश पाण्डेय, विवेकानन्द ब्रिगेड मिशन कमान अधिकारी हर्षित कुमार, रानी कुमारी, विवेकानन्द ब्रिगेड मिशन इको क्लब अध्यक्ष शिवम कुमार तथा अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर विधार्थियों के करतल ध्वनि से गुंजायमान होता रहा।

मिट्टी धंसने से पिता की मौत, पुत्र घायल

घर की लिपाई के लिए मिट्टी काटने के दौरान हुआ हादसा, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नवीनगर थाना क्षेत्र के प्रहलाद बिगहा गांव के बधार में रविवार को घर की लिपाई के लिए मिट्टी काटने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गहरे गड्ढे में अचानक मिट्टी धंसने से एक व्यक्ति की दबकर मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र घायल हो गया।

मृतक की पहचान प्रहलाद बिगहा निवासी 47 वर्षीय जय कुमार, पिता स्व. मुंद्रिका चंद्रवंशी, के रूप में हुई है। हादसे में उनका पुत्र गुलशन कुमार घायल हो गया, जिसका इलाज नवीनगर रेफरल अस्पताल में कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार पिता-पुत्र घर की लिपाई के लिए खेत में बने एक गहरे गड्ढे से मिट्टी निकाल रहे थे। दोनों गड्ढे के अंदर उतरकर नीचे की परत से मिट्टी काट रहे थे। इसी दौरान अचानक ऊपर की मिट्टी भरभराकर उनके ऊपर आ गिरी। जय कुमार पूरी तरह मिट्टी में दब गए, जबकि गुलशन कुमार किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा, हालांकि इस दौरान वह भी घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को मिट्टी से बाहर निकाला और तत्काल नवीनगर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद जय कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल पुत्र का प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जाता है कि जय कुमार परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। उनकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। घटना के बाद परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में घरों की लिपाई सहित अन्य कार्यों के लिए गहरे गड्ढों से मिट्टी निकालने के दौरान इस तरह की दुर्घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। ऐसे में प्रशासन की ओर से सुरक्षा संबंधी जागरूकता और आवश्यक एहतियात बरतने की जरूरत महसूस की जा रही है।

50 हजार का इनामी अपराधी समेत दो गिरफ्तार, चोरी के आभूषण बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। औरंगाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये के इनामी और वांछित अपराधी रामाधार चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ चोरी के आभूषण खरीदने के आरोप में रोहतास जिले के एक ज्वेलर्स संचालक को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के सोने-चांदी के आभूषण और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, 12 जून 2026 को बारुण थाना क्षेत्र के कोचाढ़ गांव निवासी स्मृति कुमारी ने अपने घर में हुई चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि 11 जून की रात 8-9 अज्ञात अपराधियों ने घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी की चोरी कर ली थी। इस मामले में बारुण थाना कांड संख्या 241/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर बारुण थाना क्षेत्र के चरण मोड़ के पास से एक संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ और सत्यापन में उसकी पहचान 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी रामाधार चौधरी के रूप में हुई। वह गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के लेम्बुआ गांव का निवासी है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार रामाधार चौधरी के विरुद्ध बारुण, कंचनपुर, अंबा और मुफस्सिल थाना क्षेत्रों में चोरी एवं अन्य आपराधिक मामलों के कई मुकदमे दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि इस चोरी कांड में पहले ही दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले में फरार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इंस्पायर मानक में औरंगाबाद के बच्चों ने लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस बार औरंगाबाद जिले के पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस उपलब्धि से जिले के शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। जानकारी के अनुसार, चयन प्रक्रिया के तहत पहले जिला स्तरीय और उसके बाद राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया था। राज्य स्तरीय मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के पांच विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए हुआ है। सत्र 2023-24 के लिए शालिनी कुमारी (उच्च विद्यालय, अरई, दाउदनगर) तथा नीतीश कुमार (अनुग्रह इंटर विद्यालय, औरंगाबाद) का चयन किया गया है। वहीं सत्र 2024-25 के लिए अंकित कुमार (मध्य विद्यालय कर्मा पाण्डेय, रफीगंज), अश्विनी कुमार (डीएवी, नवीनगर) तथा तृप्ति कुमारी (उच्च विद्यालय, ओरा, औरंगाबाद) राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस सफलता पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर ने सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने जिला तकनीकी टीम की सदस्य मृदुला सिन्हा, मुकुल पाण्डेय और शोभा तिवारी के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि भविष्य में भी टीम जिले को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने का कार्य करेगी। जिला तकनीकी टीम में मृदुला सिन्हा, मुकुल पाण्डेय और शोभा तिवारी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जबकि श्वेता कुमारी, प्रियतमा भारती और भावना कुमारी सहयोगी के रूप में इस अभियान को सफल बनाने में निरंतर योगदान दे रही हैं।

एक नजर

नशे के खिलाफ अभियान चलाने का निर्णय

हसपुरा (औरंगाबाद)। प्रखंड के टाल गांव स्थित सूर्य मंदिर परिसर में रविवार को ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक एकता को मजबूत करने, स्थानीय समस्याओं के समाधान तथा नशे के बढ़ते प्रचलन पर रोक लगाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों और शिक्षित युवाओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि नशे की लत युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रही है। यदि कोई व्यक्ति नशे की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सामाजिक स्तर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पहले की तुलना में गांव के विकास की गति धीमी हुई है। कई बुनियादी समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। पूर्व मुखिया विजय राजवंशी, कामाख्या नारायण सिंह, शारदा पासवान और आशुतोष कुमार ने कहा कि पंचायत बनने के बावजूद टाल गांव अब भी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत मुख्यालय होने के बावजूद यहां नियमित रूप से सरकारी बैठकों का आयोजन नहीं होना चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि गांव की सभी प्रमुख समस्याओं का विस्तृत एजेंडा तैयार कर सांसद, विधायक तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को सौंपा जाएगा, ताकि उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल हो सके। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का समर्थन किया और गांव के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

7 जुलाई को 162 प्रशिक्षु जवान लेंगे पद एवं गोपनीयता की शपथ

बिहारशरीफ। नालंदा पुलिस लाइन में 7 जुलाई को आयोजित दीक्षांत परेड एवं शपथ ग्रहण समारोह में जहानाबाद और अरवल जिले के 162 प्रशिक्षु जवान पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर औपचारिक रूप से बिहार पुलिस सेवा में शामिल होंगे। पटना प्रक्षेत्र के आईजी जितेंद्र राणा मुख्य अतिथि के रूप में जवानों को शपथ दिलाएंगे। समारोह सुबह 7 बजे परेड ग्राउंड में आयोजित होगा, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।प्रशिक्षु जवान सितंबर 2025 से पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें शारीरिक दक्षता, परेड, हथियार संचालन, कानून एवं पुलिस प्रक्रिया, अपराध अनुसंधान, मानवाधिकार, भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, वीआईपी सुरक्षा, साइबर अपराध की प्रारंभिक जानकारी तथा अनुशासन सहित विभिन्न विषयों का व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण केंद्र के डीएसपी प्राक्ष्य श्याम किशोर रंजन ने बताया कि मुख्य समारोह से पूर्व जवानों का फुल ड्रेस रिहर्सल कराया जाएगा। दीक्षांत परेड में प्रशिक्षु अपने प्रशिक्षण का प्रदर्शन भी करेंगे।पद एवं गोपनीयता की शपथ के साथ जवान संविधान के प्रति निष्ठा, कानून के निष्पक्ष पालन, ईमानदारी, अनुशासन तथा जनता की सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लेंगे। अधिकारियों के अनुसार प्रशिक्षण का उद्देश्य सक्षम, जिम्मेदार और संवेदनशील पुलिसकर्मी तैयार करना है, जो कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ मानवीय दृष्टिकोण से भी अपने दायित्व निभा सकें।

दुकानदार को उठाकर नहीं ले जा सकती पुलिस

दाउदनगर (औरंगाबाद) । किसी चोर के कहने पर उसे लेकर पुलिस अधिकारी दलबल के साथ किसी भी स्वर्ण आभूषण व्यवसायी को दुकान से उठाकर थाने नहीं ले जा सकती और न ही उसे जेल भेज सकती है। यह बात बिहार सरकार द्वारा 12 नवंबर 2025 को जारी गाइडलाइन के संदर्भ में एक वेबीनार में कही गई। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन द्वारा आयोजित एक वेबीनार में बिहार के विभिन्न जिलों से स्वर्णाभूषण व्यवसायी जुड़े। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा, प्रदेश अध्यक्ष अशोक वर्मा समेत अन्य ने बिहार सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन पर चर्चा की। बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत अधिवक्ताओं का स्पष्ट कहना है कि किसी चोर के कहने पर पुलिस दलबल के साथ चोर को लेकर दुकान पर नहीं जा सकती। और न ही उसे तुरंत गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके लिए धारा 41 के तहत पुलिस दुकानदार को नोटिस दे। दुकानदार अगर इसका संतोषजनक जवाब नहीं देता है तो पुलिस कानून के तहत कार्रवाई कर सकती है। अगर पुलिस जबरन दुकानदार को उठाकर ले जाती है तो न्यायालय में पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। अगर दुकानदार गलत होगा तो कानून के तहत उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। श्री अरोड़ा ने कहा है कि व्यवसाईयों के हित में जो भी संभव होगा प्रदेश सरकारों और केंद्र सरकार से उस तरह के आदेश निकलवाए जाने का प्रयास किया जाता रहेगा।

शराब न पीने को किया प्रेरित

दाउदनगर (औरंगाबाद) । प्रखंड के रेपूरा स्थित कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में समाजवादी चिंतक और शिक्षक स्व. युगेश्वर सिंह की 43 पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन सादगी पूर्वक किया गया। सर्वप्रथम आगत अतिथियों और आम जनता के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद उनके सुपुत्र और प्रधानाध्यापक रामाकांत सिंह और रविकांत के द्वारा लगभग 100 पुरुषों व महिलाओं के बीच धोती और साड़ी का वितरण किया गया। उन्होंने इस मौके पर सभी को शराब से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही कहा कि आप अपने बच्चों या नाती पोते को पढ़ाने लिखाने का काम जरूर करेंगे। उन्होंने शराब न पीने की अपील की। महिलाओं को प्रेरित किया कि वे यह तय करें कि उनके घर समाज का कोई पुरुष शराब न पीये। पुण्यतिथि समारोह में राधा स्वामी सत्संग के सभी सत्संगी और आसपास के शिक्षक प्रबुद्ध जन किसान मजदूर उपस्थित थे।

लाखों के जेवरात के साथ शातिर चोर गिरफ्तार


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। कुटुंबा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गृहभेदन की एक बड़ी वारदात का महज आठ घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी के लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी, मोबाइल फोन और जमीन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पिपरा बगाही गांव निवासी छोटू पवरिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, संडा गांव स्थित एक घर में देर रात अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण और नकदी की चोरी कर ली थी। पीड़ित के लिखित आवेदन पर कुटुंबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पिपरा बगाही गांव से संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद होने के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक जोड़ी सोने के टॉप्स, तीन मंगलसूत्र, दो सोने की चेन, चार सोने की अंगूठियां, तीन जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी की बिछिया, तीन मोबाइल फोन, जमीन से संबंधित दस्तावेज तथा 16,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि उसका संबंध किसी संगठित चोरी गिरोह से तो नहीं है तथा इस वारदात में अन्य लोगों की संलिप्तता है या नहीं।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, गले पर मिले रस्सी के निशान

चार माह पहले हुई थी शादी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। गोह थाना क्षेत्र में एक 21 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक के गले पर रस्सी के निशान मिलने से मामला संदेहास्पद बन गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या अथवा गला घोंटकर हत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र निवासी मनोज महतो के 21 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सन्नी की शादी इसी वर्ष 24 फरवरी को हसपुरा थाना क्षेत्र के कंचन नगर निवासी उमेश महतो की पुत्री पल्लवी कुमारी के साथ हुई थी। शादी के महज चार महीने बाद हुई इस घटना से परिवार में मातम पसरा है। मृतक की भाभी प्रीति कुमारी ने बताया कि शनिवार रात सन्नी खाना खाने के बाद अपनी पत्नी के साथ कमरे में सोने चला गया था। देर रात वह अचानक बेड से नीचे गिर पड़ा। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के गले पर रस्सी के निशान पाए जाने के कारण मौत को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद मृतक की मां धनवती देवी और पत्नी पल्लवी कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक का माहौल है। गोह थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कुर्मी विकास समिति की बैठक में विभिन्न प्रखंडों की कार्यकारिणी गठित

संगठन की मजबूती और शिक्षा को समाज के विकास का आधार बताया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



दाउदनगर (औरंगाबाद)। कुर्मी विकास समिति की अनुमंडल स्तरीय बैठक रविवार को औरंगाबाद रोड स्थित एक होटल में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा समाज के शैक्षणिक और संगठनात्मक विकास पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता अनिरुद्ध कुमार संतोष ने की, जबकि संचालन शैलेश कुमार ज्ञानी ने किया। इस अवसर पर समिति के सचिव सिकंदर पटेल, कार्यकारी संयोजक अजय पटेल, बीस सूत्री अध्यक्ष दीपक पटेल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अनिरुद्ध कुमार संतोष ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज संगठित होकर शिक्षा को प्राथमिकता नहीं देगा, तब तक समाज, गांव, प्रदेश और देश का समग्र विकास संभव नहीं है। इसी उद्देश्य से अनुमंडल के सभी प्रखंडों में कार्यकारिणी का गठन किया गया है। बैठक में दाउदनगर प्रखंड के लिए अधिवक्ता अजय कुमार को अध्यक्ष, उपेंद्र कुमार को सचिव तथा दीपक सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। गोह प्रखंड के लिए शंकरडीह निवासी अवध सिंह को अध्यक्ष, दधपी निवासी विनय कुमार को सचिव तथा निमड़ा निवासी मधुसूदन सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। हसपुरा प्रखंड के लिए चौराही निवासी मुन्ना सिंह को अध्यक्ष, रसूलपुर निवासी प्रगति कुमार को सचिव तथा उचित बिगहा निवासी बिंदेश्वरी सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं ओबरा प्रखंड के लिए सरसौली निवासी उमाशंकर सिंह को अध्यक्ष, मेघपुर निवासी विजेंद्र सिंह को सचिव तथा शंकरपुर निवासी अभय कुमार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

डकैती सहित अन्य अपराध में 38 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 56 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 38 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार डकैती के कांड में 2, लूट के शीर्ष में 1, हत्या के प्रयास में 8, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 15 तथा अन्य मामलों में 30 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 196 लीटर देसी शराब, 22.875 लीटर विदेशी शराब, 2 बाइक, 1 तसला जब्त तथा 12000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट एवं 3 भट्ठी ध्वस्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1542 वाहनों की जांच की गई जिसमें 102500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 13 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विशेष छापेमारी में तीन वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर तीन एनबीडब्लयू (गैर-जमानती वारंट) अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि बीती रात चलाए गए अभियान के दौरान आशया गांव निवासी उदय पासवान (पिता- सुरेश पासवान) तथा ढूंडूआ गांव निवासी मो. साबिर (पिता- मो. कमरूदीन) और जवाहिर उर्फ मो. इमामुद्दीन कादरी को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों के विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून से बचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भरत तिवारी मामले में मंत्री ने कहा, दोषी किसी कीमत पर नहीं बचेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

शाहपुर। पुलिस एनकाउंटर में कथित तौर पर मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने रविवार को बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी बिलौटी गांव पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले मृतक की माता सहित अन्य स्वजनों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। करीब कुछ देर तक परिवार के साथ बंद कमरे में बातचीत करने के बाद मंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि पूरा प्रशासन साजिश कर उसका एनकाउंटर कर दिया। क्योंकि यहां का पूरा प्रशासन भरत भूषण तिवारी से चिढ़ा हुआ था। क्योंकि वह कटाव पीड़ित विस्थापितों के सुविधाओं के लिए लगातार आवाज उठा रहा था। उन्होंने कहा कि परिजनों ने कई ऐसी महत्वपूर्ण बातें बताई हैं, जो अब



तक सार्वजनिक नहीं हो सकी थीं। इन सभी तथ्यों को भी जांच के दौरान गंभीरता से देखा जाएगा। मंत्री ने कहा कि प्रथम दृष्टया इस पूरे मामले में पुलिस द्वारा ओवर रिएक्ट किया गया है, जो नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कानून से ऊपर कोई नहीं है और हर कार्रवाई कानून के दायरे में ही होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि एनकाउंटर के दौरान तत्कालीन एसडीएम वहां क्या कर रहे थे। उनकी भूमिका भी जांच के दायरे में है और इसकी निष्पक्ष जांच होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय दिलाने की है। इसी उद्देश्य से अवकाश प्राप्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। जिसकी जांच प्रक्रिया जारी है। सरकार चाहती है कि मामले की हर पहलू से निष्पक्ष जांच हो और जो भी दोषी पाए जाएं, उन्हें कठोर से कठोर सजा मिले। मंत्री ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि सरकार किसी भी दोषी को बख्शने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि परिवार को पूरी तरह निष्पक्ष और त्वरित न्याय मिलेगा। सरकार पूरे मामले की लगातार निगरानी कर रही है। तत्कालीन एसडीपीओ के संबंध में पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि उन्हें किसी प्रकार का प्रमोशन नहीं दिया गया है। उन्हें यहां से इसलिए हटाया गया है ताकि जांच किसी भी स्तर पर प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही मंत्री ने एनकाउंटर स्थल पर जाकर देखा। साथ ही बस रहे कटाव पीड़ित परिवारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आज विस्थापितों के लिए जो हो रहा है। जिसके लिए भरत तिवारी आवाज उठा रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का कहना है कि भरत तिवारी के पास जो पिस्तौल था वह नकली था लेकिन वह मर गया पुलिस ने पिस्तौल को जब्त कर जांच के लिए भी भेज दिया है। परिवार की सुरक्षा के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इस संबंध में वह मुख्यमंत्री से स्वयं बातचीत करेंगे। ताकि परिवार को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके। मंत्री के दौरे के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में टोटो चालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बीहट। शनिवार की रात्रि देर रात जीरोमाइल ओपी क्षेत्र में सड़क हादसे में एक टोटो चालक की मौत हो गई। जीरो माइल ओवर ब्रिज के नजदीक अज्ञात वाहन की ठोकर से चालक की मौत इसकी सूचना जीरो माइल सहायक थाना अध्यक्ष मनीष कुमार को मिली। सूचना मिलने के तुरंत वहां पहुंचे मृतक की पहचान फूलवड़िया थाना क्षेत्र के फूलवड़िया गंज, वार्ड 20, नगर परिषद बरौनी निवासी मो शमीम का करीब 35 वर्षीय पुत्र मो इरशाद के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक मो इरशाद बीते रविवार की रात करीब डेढ़ बजे बेगूसराय से अपना टोटो लेकर ज़ीरोमाइल बरौनी के रास्ते फूलवड़िया गंज अपने घर आ रहा था. इसी बीच ज़ीरोमाइल स्थित एन एच 28 पर ज़ीरोमाइल पिपरा रोड में रेलवे ओवर ब्रिज के पास एक अज्ञात वाहन टोटो में धक्का मारते हुये तेज़ी के साथ भाग निकला। इस घटना में टोटो चालक मो इरशाद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि टोटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

आउट ऑफ स्कूल बच्चों को स्कूल लाएंगे शिक्षा सेवक

भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शिक्षा विभाग ने महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत कार्यरत शिक्षा सेवक एवं शिक्षा सेवक (तालीमी मरकज) के दायित्वों को लेकर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (साक्षरता) को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। अपर सचिव-सह-निदेशक जन शिक्षा विजय कुमार द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि शिक्षा सेवकों को निर्धारित कार्यों का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करना होगा। निर्देश के अनुसार शिक्षा सेवकों की प्राथमिक जिम्मेदारी 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना, उनकी नियमित उपस्थिति बनाए रखना तथा आउट ऑफ स्कूल एवं ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना होगा। इसके अलावा बच्चों को विद्यालय के लिए तैयार करना, प्रारंभिक कोचिंग देना, विद्यालय तक पहुंचाना तथा शिक्षकों और अभिभावकों से नियमित समन्वय बनाए रखना भी उनकी जिम्मेदारी होगी। विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि आवश्यकता पड़ने पर शिक्षा सेवक कक्षा एक एवं दो के बच्चों के पठन-पाठन में सहयोग करेंगे। साथ ही मध्याह्न भोजन, मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना, खेलकूद, पर्यावरण एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा बच्चों की स्वास्थ्य जांच में भी सहयोग देंगे। पत्र में कहा गया है कि कई स्तरों से यह शिकायत मिली है कि कुछ शिक्षा सेवक अपने दायित्वों का संतोषजनक निर्वहन नहीं कर रहे हैं। जबकि हाल के वर्षों में उनके मानदेय में वृद्धि और वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ दिया गया है। ऐसे में सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर कार्यों की निगरानी करने तथा लापरवाही बरतने वालों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

क्योरबे की बिहार में पहली टेक्नोलॉजी इनेबल्ड क्लिनिक का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। वंचित समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थय सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए कार्यरत हाइब्रिड हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म, क्योरबे ने मंझौल, बेगुसराय में बिहार में अपने पहले टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड क्लिनिक के उद्घाटन के साथ बिहार में प्रवेश किया। क्लिनिक का उद्घाटन केंद्रीय टेक्सटाईल मंत्री और बेगुसराय के संसद सदस्य गिरिराज सिंह ने चेरिया-बरियारपुर के विधायक अभिषेक आनंद एवं बेगूसराय के विधायक कुंदन कुमार की उपस्थिति में किया, जो अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद रहे। उद्घाटन के अवसर पर गिरीराज सिंह, केन्द्रीय मंत्री ने कहा बिहार ऐसा राज्य है जहां ढेरों संभावनाएं और महत्वाकांक्षाएं मौजूद हैं। मंझौल में क्योरबे के पहले क्लिनिक का उद्घाटन करते हुए हमें बेहद गर्व का अनुभव हो रहा है। हर नागरिक के लिए किफ़ायती स्वास्थ सेवाओं को सुलभ बनाने का भारत सरकार का दृष्टिकोण इसी तरह के आपसी सहयोग के प्रयासों से ही संभव हो सकता है। गुणवत्तापूर्ण देखभाल को लोगों के करीब लाने का क्योरबे का मॉडल, एक सराहनीय कदम है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह राज्य में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। प्रियदर्शी महापात्र, संस्थापक एवं सीईओ, क्योरबे ने कहा, क्योरबे में हमारा मानना है कि हर परिवार को एक समान स्तर की स्वास्थयसेवाएं मिलनी चाहिएं, फिर चाहे वे देश के किसी भी कोने में रहते हों। लाखों मरीज़ों को सेवाएं प्रदान करने के अनुभव के साथ, हम टेक्नोलॉजी इनेबल्ड एवं भरोसेमंद प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं को हर परिवार के करीब लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम मरीज़ों और समुदायों के प्रति आभारी हैं जिन्होंने हमें बिहार में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए ज़रूरी सहयोग और प्रोत्साहन दिया है। उम्मीद करते हैं कि सरकारों, स्थानीय समुदायों और स्वास्थयसेवा पार्टनर्स के साथ काम करते हुए हम गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं को राज्य में और अधिक सुलभ बना सकेंगे। मंझौल का यह क्लिनिक बिहार में क्योरबे की विस्तार योजनाओं के तहत पहला क्लिनिक है। जो राज्य में गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। क्योरबे देश के सात राज्यों में 220 से अधिक टेक-इनेबल्ड क्लिनिकों का संचालन करती है। जिन्हें 1800 से अधिक स्वास्थय मित्रों, 450 से अधिक प्रशिक्षित क्लिनिकल स्टाफ, 230 से अधिक डॉक्टर पार्टनर्स और 200 से अधिक पार्टनर अस्पतालों एवं लैबोरेटरीज़ का समर्थन प्राप्त है।

दिल्ली-एनसीआर में बिहार के नौजवानों ने मनाया आद्रा महोत्सव

बिहार की संस्कृति की सुगंध राजधानी में फैला रहे हैं बिहार के नौजवान : डॉ प्रमोद कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर के नोएडा में प्रवासी बिहार निवासियों द्वारा बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत करते हुए आद्रा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पत्रकारिता, आईटी सेक्टर, उद्यमिता, शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बड़ी संख्या में प्रवासी बिहार निवासी शामिल हुए। आद्रा नक्षत्र के अवसर पर बिहार की पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप खीर, दाल-पूरी, आम एवं मौसमी सब्जियों का सामूहिक भोज आयोजित किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को अपनी मिट्टी और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य किया। इस अवसर पर प्रवासी बिहार वासियों ने बिहार के समग्र विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी की इच्छा व्यक्त करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के लिए योगदान देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने बिहार में निवेश, कौशल विकास, रोजगार, शिक्षा, संस्कृति एवं आईटी सेक्टर के विस्तार जैसे विषयों पर अपने सुझाव भी मंत्री के समक्ष रखे। अपने संबोधन में मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि बिहार आज विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा, अनुभव और विशेषज्ञता का उपयोग बिहार के सर्वांगीण विकास में करें तथा विकसित बिहार के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी बिहार के लोगों के अनुभव और सहयोग का स्वागत करती है तथा उनके सुझावों को महत्व देती है। राजधानी दिल्ली में बिहार की संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में योगदान देने पर मंत्री ने नौजवानों की सराहना की। आद्रा महोत्सव के आयोजन ने न केवल बिहार की सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया, बल्कि दिल्ली-एनसीआर में रह रहे प्रवासी बिहारियों के बीच आपसी संवाद, सहयोग और सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत किया। कार्यक्रम के आयोजन एवं संयोजन में विवेक मिश्रा, ज्योत प्रकाश शर्मा, उज्जवल कुमार, अंबुज उपाध्याय, रजनीश गुप्ता, सूरज तिवारी, आनंद कुमार, सुमित नंदन, मनोज पांडेय सहित युवाओं की सक्रिय भूमिका रही।

पटना में छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, शिक्षा के बढ़ते निजीकरण, फीस वृद्धि तथा छात्र-छात्राओं के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में 15 जुलाई को पटना में प्रस्तावित कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से नावकोठी में सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन प्रभारी सुमन जीत सुमन ने की। इसमें क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष रजनीकांत पाठक ने कहा कि नावकोठी प्रखंड से अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की उदासीन नीतियों के कारण छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि नीट, बीपीएससी, टीईटी समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों के खिलाफ छात्रों को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करनी होगी।

सरकार पर लगाया छात्र-नौजवानों की अनदेखी का आरोप

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फ़ेडरेशन जिला परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजीव स्वराज ने की, जबकि संचालन सनी कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए एआईएसएफ के जिला सचिव मोहम्मद हसमत उर्फ बालाजी ने कहा कि एआईएसएफ हमेशा छात्र और नौजवानों के साथ खड़ी रही है। लेकिन वर्तमान सरकार चुनाव जीतने के बाद छात्रों और नौजवानों को परेशान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जिनको पढ़ना चाहिए उनको नहीं पढ़ाया जा रहा है, और सत्ता में बैठे लोग अपने बाल-बच्चों को पढ़ने के लिए विदेश भेज रहे हैं। पढ़े-लिखे नौजवानों को नौकरी नहीं देकर सड़क पर छोड़ दिया जा रहा है। बैठक में जिले में शिक्षा, बेरोजगारी और छात्रों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर डीएम ने किया स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। आगामी सावन मास एवं श्रावणी मेला-2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे ने बाबूपुर घाट से बूढ़ानाथ एवं भूतनाथ मंदिर तक विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रमोद कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न गंगा घाटों, शिवालयों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों का गहन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने एस.एम. कॉलेज घाट, बूढ़ानाथ घाट, बरारी घाट, भूतनाथ घाट सहित प्रमुख गंगा घाटों एवं शिवालयों का मुआयना किया। उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, सीढ़ियों की स्थिति, श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय, नियंत्रण कक्ष, आपदा



प्रबंधन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का बिंदुवार निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी श्रावणी मास को दृष्टिगत रखते हुए भागलपुर जिला के विभिन्न गंगा घाटों से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र गंगाजल लेकर बाबा बासुकीनाथ, बाबा बैद्यनाथ धाम सहित विभिन्न शिवधामों के लिए प्रस्थान करते हैं। इसके अतिरिक्त जिले के प्रमुख शिवालयों में भी श्रावण मास के दौरान जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि गंगा घाटों, शिवालयों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों पर स्वच्छता, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग तथा अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि सभी घाटों एवं मंदिर परिसरों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए तथा आवश्यकता अनुसार मरम्मत एवं समतलीकरण का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी, गोताखोर, बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक एवं सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे प्रबंधों का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि नगर निगम, विद्युत, स्वास्थ्य, पेयजल, आपदा प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करें।


तीन घंटे बाधित रहेगी बिजली

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पीएसएस नावकोठी से जुड़े सभी फीडरों में सोमवार को निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के कारण सुबह सात बजे से दस बजे तक करीब तीन घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता विमल कुमार साहा ने बताया कि 33 केवी लाइन एवं संबंधित उपकरणों के नियमित रखरखाव और तकनीकी सुधार के लिए यह शटडाउन लिया जा रहा है। इस दौरान पीएसएस नावकोठी से संचालित सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी।उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस कार्य का उद्देश्य विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुचारु एवं निर्बाध बनाना है, ताकि भविष्य में तकनीकी खराबियों और अनावश्यक बिजली बाधित होने की समस्या को कम किया जा सके। जेई ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय से पहले अपने आवश्यक विद्युत संबंधी कार्य पूरे कर लें।

रेलवे वर्दी में असली नायक : रेलवे की राहत एवं बचाव टीम ने जीता बंगाल का दिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। 24 जून को तारातला में हुई दुखद घटना के दौरान जब समय के साथ संघर्ष चल रहा था और पूरा शहर चिंतित था, तब पूर्व रेलवे की समर्पित राहत एवं बचाव टीम–जिसमें हावड़ा, सियालदह तथा लिलुआ रेलवे कारखाना के प्रशिक्षित कर्मचारी शामिल थे–बिना विलंब घटनास्थल पर पहुंच गई।



राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), भारतीय सेना, कोलकाता पुलिस तथा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दिन-रात अथक परिश्रम करते हुए इन रेलवे कर्मियों ने अदम्य साहस, अनुशासन और उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। उन्होंने मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने तथा सामान्य स्थिति बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी निःस्वार्थ सेवा और मानवीय समर्पण को व्यापक सराहना मिली। कोलकाता पुलिस आयुक्तालय द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने स्वयं विभिन्न आपदा प्रबंधन एजेंसियों को उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया। पूर्व रेलवे की ओर से प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजिनियर परमानंद शर्मा ने यह प्रतिष्ठित सम्मान ग्रहण किया, जबकि पूर्व रेलवे के 90 समर्पित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी त्वरित कार्रवाई, तकनीकी उत्कृष्टता तथा जीवन बचाने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया गया। इस विशेष सम्मान ने पूरे रेलवे परिवार को गौरवान्वित किया है। इससे पूर्व रेलवे की उच्च तकनीकी क्षमता, आपदा प्रबंधन में दक्षता तथा राष्ट्रीय आपात स्थितियों के प्रति उसकी सतत तत्परता एक बार फिर उजागर हुई है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर ने नागरिक प्रशासन के साथ टीम के उत्कृष्ट समन्वय तथा राहत एवं बचाव अभियान में प्रदर्शित उनके साहस और समर्पण की मुक्त कंठ से सराहना की। इस उपलब्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शिबराम माझि ने कहा, यह सम्मान हमारी राहत एवं बचाव टीम के प्रत्येक सदस्य का है, जिन्होंने लोगों की सबसे कठिन घड़ी में बिना विश्राम किए मानव सेवा का परिचय दिया। यह सम्मान राष्ट्र के प्रति पूर्व रेलवे की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है और यह दर्शाता है कि जब भी कर्तव्य पुकारता है, हमारी टीमें सर्वोच्च व्यावसायिक दक्षता, समर्पण और तत्परता के साथ सेवा देने के लिए सदैव तैयार रहती हैं।

महाराजा कॉलेज में किया गया पौधारोपण

आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। महाराजा बहादुर राम रणवीर विजय प्रसाद महाविद्यालय (महाराजा कॉलेज) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में साप्ताहिक 'वन महोत्सव' के तहत कॉलेज परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. कनक लता ने एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी अंकिता ओझा, रविकांत एवं अन्य शिक्षकों के साथ पौधे लगाकर किया। इस दौरान कॉलेज के कैंपस एंबेसडर नीतीश कुमार सिंह सहित एनएसएस स्वयंसेवकों ने परिसर के विभिन्न स्थानों पर छायादार एवं फलदार पौधे लगाए।

'एक पेड़ मां के नाम' पहल के अंतर्गत मालदा मंडल ने किया पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा आज 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के अंतर्गत मालदा स्थित इको पार्क में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का शुभारंभ मालदा मंडल के रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता एवं पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन के मालदा मंडल की अध्यक्ष मनीषा गुप्ता ने किया। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार मोर्य, मंडल रेलवे अस्पताल की सीएमओ डॉ अनुपा घोष सहित विभिन्न विभागों के मंडल प्रबंधकों, महिला कल्याण संगठन की सदस्यों और कर्मियों ने एक एक वृक्ष लगाकर पर्यावरण



संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा स्वस्थ एवं हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण निवेश है। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति इस रेलमंडल की सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक है तथा रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों एवं आम नागरिकों को स्वच्छ, हरित एवं सतत भविष्य के निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं सतत भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से वृक्षारोपण अभियानों में सक्रिय भागीदारी करने तथा अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। यह वृक्षारोपण अभियान पर्यावरणीय सततता के प्रति मालदा मंडल की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है तथा सामूहिक सहभागिता के माध्यम से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है।

सभी उपभोक्ताओं पर समान व्यवस्था लागू करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखंड क्षेत्र में विधानसभा चुनाव से पूर्व बिजली विभाग द्वारा घर-घर स्मार्ट मीटर लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान कई मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए, लेकिन चुनाव के बाद यह अभियान लगभग ठप पड़ गया। परिणामस्वरूप प्रखंड के अधिकांश घरों में आज भी पुराने बिजली मीटर ही लगे हुए हैं। इस स्थिति को लेकर स्मार्ट मीटर लगे उपभोक्ताओं में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। स्मार्ट मीटर का उपयोग कर रहे उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले की तुलना में उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उनका आरोप है कि सामान्य मीटर के समय बिजली बिल एक सीमित दायरे में आता था, जबकि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली खर्च बढ़ गया है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि सरकार ने स्मार्ट मीटर योजना लागू की है तो इसे सभी उपभोक्ताओं पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। केवल कुछ घरों में स्मार्ट मीटर और बाकी घरों में पुराने मीटर रहने से असमानता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जानकारी के अनुसार प्रखंड के डुमरिया, पीरनगर, रिरिऔना, गम्हरिया, जीतपुर, हसनपुर बागर के इसफा गांव में अधिकांश घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जबकि अन्य कई गांव अब भी इस सुविधा से वंचित हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर बिजली विभाग के कनीय अभियंता विमल कुमार साहा ने बताया कि उच्च स्तर से कोई नया निर्देश प्राप्त नहीं होने के कारण फिलहाल घर-घर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य बंद है।

महिला टी20 विश्व कप 2026 ने रचा नया इतिहास

● दुनियाभर में व्यूअरशिप और दर्शकों के टूटे रिकॉर्ड

नईदिल्ली (एजेंसी)। महिला टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल रविवार (5 जुलाई) को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले से पहले आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने टूर्नामेंट की रिकॉर्डतोड़ सफलता पर खुशी जताते हुए इसे अब तक का सबसे बड़ा महिला टी20 विश्व कप बताया।

जय शाह ने बताई टूर्नामेंट की सबसे बड़ी उपलब्धि - जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, हमारी इच्छा थी कि यह महिला टी20 विश्व कप अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बने और रिकॉर्डतोड़ स्टेडियम दर्शकों के साथ-साथ टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शानदार व्यूअरशिप ने इस लक्ष्य को पूरा कर दिया।



● **चौथी बार फाइनल में आमने-सामने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया** - महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में यह चौथा मौका होगा, जब इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया फाइनल में भिड़ेंगे। इससे पहले 2012, 2014 और 2018 के फाइनल में भी दोनों टीमें आमने-सामने आई थीं और तीनों बार ऑस्ट्रेलिया ने खिताब अपने नाम किया था। छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया इस बार भी शानदार लय में है। सोफी मोलिन्यू की कप्तानी वाली टीम ने लगातार छह मैच जीतते हुए फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने द ओवल में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया था।

घरेलू मैदान पर दूसरा खिताब जीतना चाहेगा इंग्लैंड - मेजबान इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 40 रन से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। नैट साइवर-ब्रंट की कप्तानी वाली टीम 2009 के बाद दूसरा महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। खास बात यह है कि इंग्लैंड ने अपना पहला और इकलौता टी20 विश्व कप खिताब भी 2009 में लॉर्ड्स में ही जीता था।

क्लोजिंग सेरेमनी में होगा संगीत का तड़का

महिला टी20 विश्व कप 2026 के समापन समारोह को और भव्य बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय पॉप स्टार रीटा ओरा और मशहूर बैंड क्लीन बैंडिट प्रस्तुति देंगे। आईसीसी को उम्मीद है कि यह फाइनल क्रिकेट के साथ-साथ मनोरंजन के लिहाज से भी यादगार साबित होगा।

श्रेयस अय्यर को पहली जीत का इंतजार, लगातार तीसरी हार पर कहा

● 17वें ओवर में हम हार चुके थे, तीसरा मैच 7 जुलाई को



लंदन (एजेंसी)। टी20 क्रिकेट में भारत का अजेय रहने का सिलसिला अचानक डगमगाने लगा है. टी20 वर्ल्ड कप जीतने और बिना कोई बाइलेटरल सीरीज हारे वर्ल्ड कप साइकल पूरा करने के कुछ ही महीनों बाद, भारत एक ऐसी स्थिति में आ गया है जिसका उसे पहले अनुभव नहीं था। श्रेयस अय्यर की टीम को पिछले चार टी-20 मैचों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया. आयरलैंड के खिलाफ उसे दो मैचों की सीरीज में 2-0 से हार का सामना करना पड़ा. अब शनिवार, 4 जुलाई को मैनचेस्टर में इंग्लैंड के हाथों उन्हें चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा. लगभग 5 साल में पहली बार भारत लगातार 4 टी-20 मैचों में कोई जीत हासिल नहीं कर पाया है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का पहला टी-20 मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था, लेकिन दूसरे मैच में जैकब बेथेल की नाबाद 76 रनों की पारी की बदौलत मेजबान टीम ने 191 रनों का लक्ष्य एक ओवर पहले ही हासिल कर लिया।

वैभव बल्लेबाजी करते देखना शानदार अनुभव

पंद्रह वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर अय्यर ने कहा, उसका रवैया बिल्कुल बेखौफ है. उसे बल्लेबाजी करते देखना शानदार अनुभव है. पिछले कुछ महीनों में उसने जिस तरह का क्रिकेट खेला है, उसी आत्मविश्वास के साथ उसने इस स्तर पर भी खुद को साबित किया. उसका खेल आंखों को सुकून देने वाला है।

रांची में 6 जुलाई से अंडर-9 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप की होगी शुरुआत

देशभर के 438 खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा



रांची (एजेंसी)। झारखंड की राजधानी रांची एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रही है. 39वीं राष्ट्रीय अंडर-9 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 6 से 12 जुलाई तक सरला बिरला विश्वविद्यालय, महिलौंग परिसर में होगा. सात दिनों तक चलने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 438 बाल शतरंज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और अपनी रणनीति, एकाग्रता तथा बौद्धिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

पांच लाख रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित - प्रतियोगिता का आयोजन ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन द्वारा रांची जिला चेस एसोसिएशन के सहयोग से तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है. इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता को विश्व शतरंज महासंघ की मान्यता भी प्राप्त है. खास बात यह है कि करीब आठ वर्षों के अंतराल के बाद रांची को फिर से इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है. प्रतियोगिता में कुल पांच लाख रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

भारत-इंग्लैंड टी-20 मैच के दौरान दिखाए गए एडल्ट विज्ञापन

● कीर्ति आजाद ने बीसीसीआई को लिया आड़े हाथ

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद ने ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टी-20 मैच के दौरान दिखाए गए कथित एडल्ट विज्ञापन पर सवाल उठाए हैं और बीसीसीआईसे इस मामले की जांच करने को कहा है। आजाद, जिन्होंने मैच के दौरान सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे के बारे में पोस्ट किया था, ने कहा कि लाखों बच्चों द्वारा देखे जाने वाले खेल के दौरान ऐसे विज्ञापनों का दिखना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जरूरत पड़ी तो वह संसद में भी यह मुद्दा उठाएंगे। अपनी चिंता बताते हुए आजाद ने कहा कि क्रिकेट देखने वाले परिवारों की बड़ी संख्या इस मुद्दे को और भी अहम बनाती है। उनका तर्क था कि लाइव स्पोर्ट्स इवेंट के दौरान बच्चों को ऐसा कंटेंट नहीं दिखाया जाना चाहिए। आजाद ने आईएएनएस से ??कहा, यह एक एडल्ट विज्ञापन है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ मैच देखते हैं। वे 16 साल से कम उम्र के बच्चे होते हैं। इस देश में क्रिकेट को धर्म माना जाता है। जब मैं मैच देख रहा था, तब 44 करोड़ लोग इसे देख रहे थे और मैच के दौरान एक एडल्ट विज्ञापन दिखाया गया। पूर्व ऑल-राउंडर ने कहा कि ऐसे विज्ञापन अक्सर माता-पिता को असहज स्थिति में डाल देते हैं ।

विंबलडन 2026 में बड़ा उलटफेर

एलेक्जेंड्रा एला ने डिफेंडिंग चैंपियन इगा स्वियातेक को हराया



फिलीपींस (एजेंसी)। विंबलडन 2026 में सेंटर कोर्ट पर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर देखने को मिला। फिलीपींस की 21 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एला ने डिफेंडिंग चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 7-6 (11-9), 6-2 से हराकर तीसरे दौर से बाहर कर दिया। पहला सेट 84 मिनट तक चला, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन टाई-ब्रेक में एला ने शानदार संयम दिखाते हुए बढ़त बनाई और दूसरे सेट में पूरी तरह मैच पर कब्जा जमा लिया।

स्वियातेक की गलतियां पड़ीं भारी

मैच के दौरान इगा स्वियातेक अपनी लय में नजर नहीं आईं। उन्होंने कुल 44 अनफोर्स्ड एरर किए, जिसका एला ने पूरा फायदा उठाया। पहले सेट के टाई-ब्रेक में स्वियातेक के पास दो सेट प्वाइंट थे, लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सकीं। दूसरे सेट में एला ने 4-0 की बढ़त बना ली। स्वियातेक ने वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन लगातार गलतियों और दो डबल फॉल्ट ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

भावुक अंदाज में खत्म हुआ मुकाबला

आखिरी गेम भी काफी रोमांचक रहा। एला ने चार ब्रेक प्वाइंट बचाए और तीसरे मैच प्वाइंट पर दमदार फोरहैंड विनर लगाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। जीत के बाद वह खुशी से कोर्ट पर घुटनों के बल बैठ गईं, जबकि स्वियातेक बिना ज्यादा देर रुके कोर्ट से बाहर चली गईं। यह हार स्वियातेक की किसी ग्रैंड स्लैम में सबसे शुरुआती विदाई है, जब से वह दो साल पहले विंबलडन में तीसरे दौर में यूलिया पुतिन्त्सेवा से हारी थीं।

एला ने रचा इतिहास

इस जीत के साथ एलेक्जेंड्रा एला ने अपने देश के लिए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। दो दिन पहले ही वह ओपन एरा में किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में पहुंचने वाली पहली फिलीपीन खिलाड़ी बनी थीं और अब उन्होंने छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक को हराकर नया इतिहास रच दिया। यह स्वियातेक के खिलाफ एला की तीन मुकाबलों में दूसरी जीत भी रही। अब उनका सामना पूर्व विंबलडन फाइनलिस्ट जैस्मिन पाओलिनी से होगा। अगर एला यह मुकाबला जीतती हैं तो 1953 फ्रेंच ओपन के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली फिलीपीन एकल खिलाड़ी बन जाएंगी।

फीफा वर्ल्ड कप

फ्रांस ने पैराग्वे को हराकर क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह, एम्बाप्पे ने रचा इतिहास



फिलाडेल्फिया (एजेंसी)। दो बार की वर्ल्ड चैंपियन फ्रांस ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ 16 मैच में पैराग्वे को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है, जहां उनका मुकाबला मोरक्को से होगा।

काइलियन एम्बाप्पे ने फिलाडेल्फिया स्टेडियम में खेले गए इस कड़े मुकाबले के दूसरे हाफ में पेनल्टी से एकमात्र गोल किया. इस गोल के साथ वे गोल्डन बूट की रेस में गोल के मामले में लियोनेल मेसी के 7 गोल के बराबर पहुंच गए हैं, लेकिन असिस्ट के मामले में उनसे आगे हैं।

इसके अलावा एम्बाप्पे अब मेसी के वर्ल्ड कप में कुल 20 गोल के रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं. यह एम्बाप्पे का वर्ल्ड कप नॉकआउट स्टेज में 11वां गोल था, जो एक रिकॉर्ड है. साथ ही वे लगातार तीन टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

यह मुकाबला आसान नहीं था

फ्रांस के लिए यह मुकाबला आसान नहीं था, जैसा कि उम्मीद की जा रही थी, क्योंकि उनके प्रतिद्वंद्वियों ने काफी आक्रामक खेल दिखाया. पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को हराकर राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाली पैराग्वे टीम ने फ्रांस के लिए निराशाजनक रहे पहले हाफ में डिफेंस को बहुत मजबूत रखा. फ्रांस के खिलाड़ियों को शरीर पर कुछ चोटें भी आईं। मैच में फ्रांस का बॉल पर कब्जा ज्यादा रहा, लेकिन वे पैराग्वे के अनुशासित डिफेंस को तोड़ने में संघर्ष करते रहे. दूसरे हॉफ में फ्रांस ने हमले तेज किए. आखिरकार 69वें मिनट में पैराग्वे का डिफेंस टूटा, जब रिव्यू के बाद डेजायर डौए को पेनल्टी एरिया में गिराए जाने का फैसला दिया गया. एम्बाप्पे ने शांति से पेनल्टी किक ली और गिल को गलत दिशा में छकाते हुए अपनी टीम को अंतिम आठ (क्वार्टर फाइनल) में पहुंचा दिया।

अब हमें मोरक्को पर ध्यान देना है

मैच के बाद एम्बाप्पे ने कहा, हमें पता था कि किस तरह का मैच होने वाला है. मुझे लगता है कि हमारे लिए ऐसे गेम का अनुभव करना और यह देखना बहुत अच्छा रहा कि हमने इसे कैसे संभाला. हमने दिखाया कि हम सिर्फ अटैकिंग फुटबॉल खेलने वाली टीम नहीं हैं. हर टीम अपनी ताकत का इस्तेमाल करती है. खेलने का कोई सही या गलत तरीका नहीं होता. एकमात्र सही तरीका जीतना है. अब हमें मोरक्को पर ध्यान देना है. हम उनका सामना करने के लिए बहुत उत्साहित हैं क्योंकि हम जानते हैं कि वे एक बहुत अच्छी टीम हैं।

वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, 15 साल की उम्र में किया डेब्यू, सचिन तेंदुलकर पीछे छूटे

डेब्यू पर वैभव बोले-नेशनल टीम का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान की बात



लंदन (एजेंसी)। बिहार के समस्तीपुर जिले के 15 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार (4 जुलाई) को भारतीय क्रिकेट इतिहास में नया अध्याय लिख दिया. वो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले देश के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में खेलने का मौका मिला. जिसके साथ लगभग 37 वर्षों से कायम महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड टूट गया। सचिन तेंदुलकर ने 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ कराची में 16 वर्ष 205 दिन की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था. जबकि सूर्यवंशी ने 2026 में में महज 15 वर्ष 99 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से भारतीय टीम में पदार्पण किया. इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद कई सीनियर खिलाड़ियों ने वैभव को शुभकामनाएं दी।

मेजबान कनाडा को हराकर मोरक्को क्वार्टरफाइनल में पहुंचा, फ्रांस से होगा अगला मुकाबला

कनाडा (एजेंसी)। सह मेजबान कनाडा फीफा वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने वाला पहला मेजबान देश बन गया है. ह्यूस्टन में खेले गए टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के पहले मैच में मोरक्को ने दूसरे हाफ में शानदार खेल दिखाते हुए 3-0 से जीत हासिल की और क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की की। कनाडा ने मैच की शुरुआत में बेहतर खेल दिखाया, लेकिन वे गोल करने में असफल रहे. जैसे-जैसे पहला हाफ आगे बढ़ा, रेफरी ने सात खिलाड़ियों को येलो कार्ड दिखाया. 40वें मिनट में खेल का माहौल काफी गरमा गया, जब कप्तान अशरफ हकीमी ने रिची लारिया को धक्का दे दिया. दोनों खिलाड़ी एक लंबी बॉल का पीछा कर रहे थे।

दूसरे हाफ में मोरक्को की टीम बदली हुई रणनीति के साथ मैदान पर उतरी और ब्रेक के पांच मिनट बाद ही गोल कर दिया. हकीमी ने फ्री-किक से गेंद को खूबसूरती से अजेदीन ओनाही की तरफ बढ़ाया. ओनाही को बॉक्स के



किनारे पर काफी जगह मिली और उन्होंने गोलकीपर मैक्सिम क्रेपो को छकाते हुए गेंद को नेट में डाल दिया. जिससे अफ्रीकी टीम को बढ़त मिल गई। उम्मीद के मुताबिक, कनाडा बराबरी का गोल करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मोरक्को का डिफेंस मजबूत था. उसके बाद ओनाही ने 82वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके जीत पक्की कर दी. इसके बाद स्टॉपेज-टाइम में सूफियान रहीमी ने तीसरा गोल करके जीत पर मुहर लगा दी. अब क्वार्टरफाइनल में मोरक्को का साम फ्रांस से होगा. जिन्होंने पैराग्वे को 1-0 से मात देकर



क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की की है। दोनों टीमों के बीच क्वार्टरफाइनल भारतीय समय के अनुसार 10 जुलाई को रात में 1:30 बजे से खेला जाएगा।

कनाडा का शनदार सफर खत्म

कनाडा का वर्ल्ड कप का सफर मोरक्को से 3-0 की हार के साथ खत्म हुआ, लेकिन को-होस्ट के तौर पर टीम ने अपने देश के लिए इतिहास रचा. कनाडा ने स्वदेश वर्ल्ड कप में अपना पहला पॉइंट हासिल किया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला नॉकआउट मैच जीतकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई. कनाडा के डिफेंडर एलिस्टर जॉनस्टन ने कहा कि उन्हें अपनी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है।

जॉनस्टन ने कहा, मैं बस इस वर्ल्ड कप के बाद आईने में खुद को देखकर यह कहना चाहता हूं कि मैंने अपना सब कुछ मैदान पर झोंक दिया. मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया है. भले ही हम ह्यूस्टन में हार गए हों, लेकिन हम जानते हैं कि घर पर हमारा कैसा सांस्कृतिक प्रभाव पड़ रहा है, और यह बात हमारे लिए मायने रखती है।

नवबिहार टाइम्स का स्थापना दिवस समारोह : कैमरे की नजर में



बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार का स्वागत करते प्रधान संपादक कमल किशोर



नवबिहार टाइम्स के 37 वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करते बिहार विस अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, सूचना एवं जन संपर्क मंत्री श्रवण कुमार तथा अन्य



ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन संपर्क मंत्री श्रवण कुमार का स्वागत करते प्रधान संपादक

मीडिया की विश्वसनीयता को बनाये तथा बचाये रखने में नवबिहार टाइम्स का भी योगदान : डॉ. प्रेम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि मीडिया केवल सूचना देने का माध्यम नहीं है बल्कि समाज को जागरूक करने, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने तथा सरकार और जनता के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम भी है। नवबिहार टाइम्स के स्थापना दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी भूमिका समय के साथ और अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। एक सशक्त एवं जिम्मेदार मीडिया शासन-प्रशासन को जवाबदेह बनाने के साथ-साथ समाज को सही दिशा देने का कार्य करता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और सामाजिक उत्तरदायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता


देनी चाहिए। पत्रकारिता का उद्देश्य केवल समाचार प्रकाशित करना नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना, समाज में जागरूकता पैदा करना और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना भी है। उन्होंने कहा कि मीडिया सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है तथा आम लोगों की समस्याओं और अपेक्षाओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सूचना के अनेक माध्यम उपलब्ध हैं। डिजिटल तकनीक और सोशल मीडिया के विस्तार से समाचारों के प्रसार की गति काफी तेज हुई है, लेकिन इसके साथ ही गलत और भ्रामक सूचनाओं के प्रसार की चुनौती भी बढ़ी है। ऐसे समय में विश्वसनीय, तथ्यपरक और जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी समाचार के प्रकाशन या प्रसारण से पहले उसकी सत्यता की जांच आवश्यक है। मीडिया की विश्वसनीयता ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है और इसे बनाए रखना प्रत्येक पत्रकार का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि मीडिया की विश्वसनीयता को बनाये और बचाये रखने में नवबिहार टाइम्स जैसे समाचार पत्र का अहम योगदान है।



ओबरा विधायक प्रकाश चन्द्र का स्वागत करते प्रधान संपादक कमल किशोर


शिक्षा पुरुष सुरेश कुमार गुप्ता को मिला सम्मान



सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य को सम्मानित करते विधानसभा अध्यक्ष



कैचेस मसाले के निदेशक नितेश कुमार को सम्मानित करते ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार



कौशल विकास एवं रोजगार के लिए सम्मानित होते आनंद रंजन झा



डॉ. अता रिजवी को सम्मानित करते विस अध्यक्ष प्रेम कुमार



निर्माण कंपनी के निदेशक सुरेंद्र श्रेष्ठ को सम्मानित करते डॉ. प्रेम कुमार



डॉ. साजन दूबे को सम्मानित करते मंत्री श्रवण कुमार

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को और बेहतर बनाया जाएगा : मंत्री श्रवण कुमार

हिंदी अखबारों को मिलेगा बढ़ावा, पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और पेंशन योजना पर सरकार गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को और अधिक प्रभावी, आधुनिक एवं जनोन्मुखी बनाया जाएगा, ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समय पर आम लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में मीडिया, विशेषकर हिंदी समाचार पत्रों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और सरकार उन्हें हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिंदी अखबारों को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक पहल करेगी। साथ ही पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पत्रकारों के लिए पेंशन सम्मान योजना को तेजी से लागू किया जाएगा ताकि लंबे


समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके। श्री कुमार ने कहा कि पत्रकारों को सरकारी मान्यता (एक्रेडिटेशन) प्रदान करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाया जाएगा। इससे योग्य पत्रकारों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा और वे अधिक प्रभावी ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और लोकहित से जुड़ी पहलों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका है। सरकार इस कार्य में मीडिया का सहयोग और अधिक व्यापक स्तर पर लेगी, ताकि योजनाओं की सही एवं प्रमाणिक जानकारी लोगों तक पहुंचे और वे उनका लाभ उठा सकें। मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। इसलिए सरकार पत्रकारों के हितों की रक्षा करने, उनकी सुविधाओं में सुधार लाने तथा सूचना एवं जनसंपर्क व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय से पारदर्शिता बढ़ेगी, जनहित की योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार होगा और विकास की गति को नई मजबूती मिलेगी।



भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक (सीसी) विनोद कुमार को मिला सम्मान



एनटीपीसी के डीजीएम (पीआर) विश्वनाथ चंदन को विस अध्यक्ष ने दिया सम्मान



योग एवं एक्यूप्रेशर क्षेत्र में सम्मानित होते डॉ. अजय प्रकाश



गरीब बच्चों को निःशुल्क पढ़ाने के लिए नूतन पांडेय को मिला सम्मान



देव एंड फ्रेंड्स म्यूजिकल टीम को सम्मानित करते कमल किशोर एवं कौस्तुभ किशोर